CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

HAPPY NEW YEAR 2026

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 1 जनवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 351 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00



## संक्षिप्त समाचार

### आईसीआईसीआई बैंक को जीएसटी से 16 करोड़ का नोटिस

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग से 16 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के लिए नोटिस जारी किया गया है। बैंक ने बताया कि उसे 30 दिसम्बर को पश्चिम बंगाल के राजस्व उपायुक्त से 16,03,30,178 करोड़ रुपये का नोटिस मिला है। इसमें 8,67,57,468 रुपये के कर, 6,48,96,963 रुपये के ब्याज और 86,75,747 रुपये के जुर्माने की मांग की गई है। यह मामला ग्राहकों से बैंक खाते में न्यूनतम जमा राशि न रखने के लिए वसूले गए शुल्क पर जीएसटी की राशि सरकार को जमा न कराने से संबंधित है। इससे पहले राजस्व उपायुक्त ने सितम्बर 2025 में इसी मुद्दे पर बैंक को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

### लव अग्रवाल होंगे नए डीजीएफटी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी लव अग्रवाल वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के नए महानिदेशक होंगे। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी एक परिपत्र के अनुसार 1996 बैच के आंध्र प्रदेश काडर के आईएएस अग्रवाल इस पद पर अजय भादू का स्थान लेंगे। अग्रवाल अभी तक महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत थे। वह इससे पहले अगस्त 2016 से अगस्त 2022 तक भारत के स्वास्थ्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव थे। केंद्र सरकार में अपनी नियुक्ति से पहले श्री अग्रवाल ने आंध्र प्रदेश सरकार के विभिन्न पदों पर कार्य किया था। लव अग्रवाल का जन्म 18 फरवरी 1972 को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में हुआ था। उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है।

# यूपी में ठंड और घने कोहरे का कहर जारी, दृश्यता घटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ 37 जिलों में ऑरेंज अलर्ट सहारनपुर, शामली सहित 17 जिलों में बारिश की चेतावनी जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ठंड और घने कोहरे का प्रकोप लगातार जारी है। राजधानी लखनऊ सहित कई जिलों में सुबह और देर रात घना कोहरा छाए रहने से दृश्यता बेहद कम हो गई है, जिससे जनजीवन और यातायात प्रभावित हो रहा है।

सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए, वहीं ट्रेन और बस सेवाओं पर भी असर पड़ा है। मौसम विभाग के अनुसार एक जनवरी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश की संभावना जताई गई है। इसके साथ ही तराई इलाकों में छिटपुट बूंदाबांदी के संकेत भी मिल रहे हैं। विभाग का अनुमान है कि अगले चार दिनों में दिन के तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है, जबकि रात के तापमान में 3 से 5 डिग्री की बढ़त दर्ज की जा सकती है। मौसम विभाग ने सहारनपुर, शामली सहित 17 जिलों में बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं घने कोहरे को देखते हुए प्रदेश के 37 जिलों में ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि कोहरे के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें, वाहन चलाते समय फॉग लाइट का प्रयोग करें और पूरी सतर्कता बरतें। मौसम में संभावित बदलाव को देखते हुए आने वाले दिनों में ठंड से कुछ राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रदेश में 31 दिसम्बर तक देर रात और तड़के घने कोहरे का असर बने रहने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार इसके बाद अगले पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से वातावरण में अस्थिरता बढ़ेगी, जिससे 1 जनवरी से पश्चिमी यूपी और 2 जनवरी से पूर्वी यूपी के बड़े हिस्सों में कोहरे की तीव्रता कम होने की उम्मीद है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 1 जनवरी को प्रदेश के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। साथ ही अगले 3-4 दिनों में औसतन 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक तापमान बढ़ने का अनुमान है। इससे प्रदेश में कोल्ड-डे जैसी स्थितियों में 1 जनवरी से कमजोरी आने की संभावना जताई गई है। मौसम में बदलाव के बीच राजधानी लखनऊ की वायु गुणवत्ता एक बार फिर बिगड़ गई है। कुछ दिनों तक मध्यम श्रेणी में रहने के बाद मंगलवार को शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 200 के पार पहुंचकर 201 दर्ज किया गया, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। इससे पहले 22 दिसम्बर को भी लखनऊ में खराब एक्यूआई रिकॉर्ड किया गया था। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार एक्यूआई मॉनिटरिंग के लिए लगे छह स्टेशनों में से गोमती नगर (229), अलीगंज-केंद्रीय विद्यालय (262), लालबाग (209) और तालकटोरा (296) में हवा की गुणवत्ता खराब दर्ज की गई।

# तृणमूल कांग्रेस नेता चुनाव आयोग से मिले

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ पश्चिम बंगाल में अनमैप्ड वोटर्स की सुनवाई प्रक्रिया जारी

पश्चिम बंगाल में अनमैप्ड वोटर्स की सुनवाई प्रक्रिया के बीच तृणमूल कांग्रेस महासचिव अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व में 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को चुनाव आयोग से मुलाकात की।

चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर बनर्जी ने संवाददाताओं से कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने 10-15 बिंदु उठाए, लेकिन दो-तीन बिदुओं को छोड़कर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। वोट चोरी के मुद्दे पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि वोट चोरी ईवीएम में नहीं हो रही है। यह मतदाता सूची में हो रही है। कांग्रेस, आप जैसी पार्टियां महाराष्ट्र, दिल्ली और हरियाणा जैसे राज्यों में इसे पकड़ नहीं पाईं। अगर वे पकड़ लेतीं, तो इन राज्यों में भाजपा हार जाती। मैं समान विचारधारा वाली पार्टियों से अपील करता हूं कि वे मतदाता सूची में सॉफ्टवेयर के जरिए की जा रही 'चोरी' को पकड़ें। 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' सूची जारी करने पर जोर देते हुए तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि 2002-03 में मतदाता सूची तैयार करने के दौरान 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' नाम की कोई श्रेणी नहीं थी, ष्तो इस बार यह श्रेणी कैसे शुरू की गई? पहले एसआईआर में 'संदिग्ध सूची' जैसी कोई चीज नहीं थी।

# आउटसोर्सिंग कंपनी पर एफआईआर दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ अभ्युदय योजना भर्ती में गड़बड़ी का आरोप

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में कोर्स कोऑर्डिनेटरों की भर्ती में सामने आई गंभीर गड़बड़ियों को लेकर समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने सख्त रुख अपनाया है।

उन्होंने साफ कहा कि सरकार की योजनाओं में पारदर्शिता और पात्रता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। राज्यमंत्री के निर्देश पर नियमों को ताक पर रखकर नियुक्तियां कराने वाली आउटसोर्सिंग कंपनी अवनि परिधि एनर्जी कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ और संबंधित अभ्यर्थियों के खिलाफ थाना गोमतीनगर में षड्यंत्र, फर्जी दस्तावेज और नियम विरुद्ध नियुक्ति के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसके साथ ही पूरे मामले की प्रशासनिक जांच के आदेश भी दिए गए हैं। बुधवार को राज्यमंत्री ने बताया कि 29 अक्टूबर 2025 को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत संचालित कोचिंग केंद्रों में कोर्स कोऑर्डिनेटरों की भर्ती को लेकर अनियमितता की शिकायत मिली थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए विभागीय स्तर पर जांच कराई गई, जिसमें भर्ती से जुड़े सभी दस्तावेज खंगाले गए। उन्होंने बताया कि जांच में सामने आया कि नियमानुसार कोर्स कोऑर्डिनेटर पद के लिए यूपी पीसीएस मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य था, इसके बावजूद कई ऐसे अभ्यर्थियों को नियुक्त कर दिया गया, जिन्होंने यह परीक्षा पास ही नहीं की थी। कुल 69 अभ्यर्थियों की जांच में केवल 21 अभ्यर्थी पात्र पाए गए। रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट हुआ कि अपात्र लोगों को नौकरी दिलाने के लिए फर्जी और कूटरचित दस्तावेजों का सहारा लिया गया। प्रथम दृष्टया इस पूरे मामले में आउटसोर्सिंग कंपनी को दोषी माना गया है।

## अयोध्या के शौर्य, वैभव व पराक्रम के आगे नहीं टिक पाया कोई दुश्मन

# सनातन से ऊपर कोई नहीं, पताका लहराती रहेगी:योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ श्री राम जन्म भूमि मंदिर की दूसरी वर्षगांठ में शामिल हुए मुख्यमंत्री और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, 2026 के लिए दी सभी को शुभकामनाएं

**अयोध्या।** श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ 'प्रतिष्ठा द्वादशी' बुधवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई। समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए।

योगी ने अंग्रेजी नववर्ष 2026 की शुभकामना देते हुए प्रार्थना की कि यह वर्ष सभी के लिए मंगलकारी हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या ने स्वतंत्र भारत में रामजन्मभूमि आंदोलन के अनेक पड़ाव देखे हैं। अयोध्या के नाम से ही अहसास होता है कि यहां कभी युद्ध नहीं हुआ। कोई भी दुश्मन यहां के शौर्य, वैभव व पराक्रम के आगे टिक नहीं पाया, लेकिन कुछ लोगों ने अपने स्वार्थ, मजहबी जुनून व सत्ता के तुष्टिकरण की निकृष्टता में पड़कर अयोध्या को भी उपद्रव और संघर्ष का अड्डा बना दिया था। उन्होंने पिछली सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि जिस अयोध्या में कभी संघर्ष नहीं होता था, उस अयोध्या में पिछली सरकारों के शासन में आतंकी हमले होते थे। अयोध्या को लहुलूहान करने का प्रयास हुआ था, लेकिन जहां प्रभु की कृपा बरसती हो और जहां हनुमानगढ़ी में स्वयं हनुमान जी महाराज विराजमान हैं, वहां कोई आतंकी कैसे घुस जाता। 2005 में जैसे ही आतंकियों ने दुस्साहस किया, तैसे ही पीएसी के जवानों ने ठक-ठक करके उन्हें मार गिराया। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्ष के अंदर तीन महत्वपूर्ण घटनाओं को अयोध्या कभी विस्मृत नहीं कर सकती।

स्वतंत्र भारत में पहली बार 5 अगस्त 2020 को किसी प्रधानमंत्री का अयोध्या में आगमन हुआ। उन्होंने उस दिन यहां श्रीराम मंदिर का भूमि पूजन किया। 22 जनवरी 2024 (पौष शुक्ल द्वादशी) को फिर अयोध्या धाम आकर प्रधानमंत्री ने रामलला की भव्य मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को संपन्न किया। 25 नवम्बर 2025 को विवाह पंचमी पर प्रधानमंत्री जी ने अयोध्या में राम मंदिर के मुख्य शिखर पर सनातन धर्म की भगवा ध्वजा को प्रतिष्ठित किया और संदेश दिया कि सनातन से ऊपर कोई नहीं। सनातन का पताका हमेशा ऐसी ही दिखाई देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए और संगठन के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए राजनाथ सिंह की श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में प्रत्यक्ष भूमिका रही है। 500 वर्ष के बाद श्रीराम जन्मभूमि पर प्रभु रामलला के विराजमान होने और मंदिर के इस भव्य स्वरूप को देखकर वे आनंद-गौरव की अनुभूति कर रहे हैं।

### योगी व राजनाथ ने हनुमानगढ़ी और रामलला के किया दर्शन-पूजन

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को हनुमानगढ़ी पहुंचकर संकट मोचन हनुमान के दर्शन-पूजन किए। हनुमानगढ़ी से निकलने के बाद रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री सीधे श्रीराम जन्मभूमि परिसर पहुंचे। यहां प्रभु श्रीरामलला मंदिर व राम दरबार में हाजिरी लगाई, विधिवत आरती उतारी तथा मंदिर की परिक्रमा की। मुख्यमंत्री व रक्षा मंत्री ने देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम में शामिल होने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार सुबह अयोध्या पहुंचे। यहां महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। यहां से वे सीधे श्रीराम जन्मभूमि परिसर पहुंचे। यहां प्रभु श्रीरामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। इसके उपरांत राम दरबार में भी दर्शन-पूजन कर देश-प्रदेश की उन्नति और जनकल्याण के लिए प्रार्थना की।



सेंसेक्स 85220.60
निफ्टी 26129.60



सोना रु. 133099
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 229433
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में साल के अंतिम दिन तेजी एक वर्ष में 6536 अंक उछला सेंसेक्स

**मुंबई, वार्ता**



बैंकिंग, ऑटो और अन्य सेक्टरों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में साल 2025 के अंतिम दिन बुधवार को तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक 545.52 अंक (0.64 प्रतिशत) चढ़कर 85,220.60 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 190.75 अंक यानी 0.74 प्रतिशत मजबूती के साथ 26,129.60 अंक पर बंद हुआ। पूरे साल के दौरान सेंसेक्स 6,536.07 अंक (8.36 प्रतिशत) चढ़ा। यह 31 दिसम्बर 2024 को 78,139.01 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी-50 सूचकांक एक साल में 2,484.80 अंक (10.51 प्रतिशत) की बढ़त में रहा। मझौली कंपनियों का सूचकांक निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक भी 8.01 प्रतिशत मजबूत हुआ, जबकि छोटी कंपनियों का निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 5.62 प्रतिशत फिसल गया। एनसएई में बुधवार को मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.14 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.11 प्रतिशत की बढ़त में रहा। आईटी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में लिवाली रही। तेल एवं गैस, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रसायन, बैंकिंग, ऑटो, धातु और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक चढ़े। एनएसई में कुल 3,249 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 2,220 के शेयर हरे निशान में और 935 के लाल निशान में बंद हुए। अन्य 94 कंपनियों के शेयर अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 26 के शेयर बढ़त में रहे। टाटा स्टील का शेयर 2.45 प्रतिशत और कोटक महिंद्रा बैंक का 2.14 प्रतिशत चढ़ा। टाइटन में 1.93 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.86, एक्सिस बैंक में 1.82, ट्रेंट में 1.63, पावरग्रिड में 1.63, बीईएल में 1.56, एनटीपीसी में 1.42, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.26 और हिदुस्तान यूनीलिवर में 1.10 प्रतिशत की तेजी रही।

# साल के आखिरी दिन चांदी और सोने की कीमत गिरी

**नई दिल्ली।** बुधवार को सोने-चांदी के दाम में लगातार दूसरे दिन गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,500 रुपए गिरकर 1,33,099 रुपए पर आ गया है। कल यह 1,34,599 रुपए/10 ग्राम पर था। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 2,896 रुपए कम होकर 2,29,433 रुपए पर आ गई है। कल इसकी कीमत 2,32,329 रुपए किलो थी।

इससे पहले 29 दिसंबर को कारोबार के दौरान सोने की कीमत 1,38,161 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी की 2,43,483 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई थी। ये दोनों का अब तक का सबसे ज्यादा भाव यानी ऑल टाइम हाई रेट है। दिल्ली के सर्राफा बाजार में 10 ग्राम सोने की कीमत में 320 रुपये की कमी दिख रही है। बाजार जानकारों का कहना है कि चांदी में गिरावट ज्यादा इसलिए रही, क्योंकि हाल के हफ्तों में इसमें जबरदस्त और रिकॉर्ड तेजी देखी गई थी, जिसके बाद निवेशकों ने मुनाफा बुक करना सही समझा।

घरेलू बाजार के साथ साथ ग्लोबल मार्केट में भी कीमती धातुओं की कीमतें 31 दिसंबर को थोड़ी कमजोर रहीं। स्पॉट गोल्ड 0.3 प्रतिशत गिरकर करीब 4,334 डॉलर प्रति औंस पर आ गया, जबकि पिछले हफ्ते यह 4,549.71 डॉलर प्रति औंस के अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया था। अमेरिका में फरवरी डिलीवरी के लिए गोल्ड फ्यूचर्स भी करीब 1 प्रतिशत टूटकर 4,346.50 डॉलर प्रति औंस पर आ गए।

# गेहूं मजबूत, चीनी, दालों में नरमी खाद्य तेलों में रहा उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव लगभग स्थिर रहे जबकि गेहूं में तेजी देखी गई। चीनी और दालों के भाव टूट गए। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 3,851 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। गेहूं आठ रुपये मजबूत होकर 2,860 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटा छह रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल औसतन 33 रुपये और चना दाल 28 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल 20 रुपये और मूंग दाल 10 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। मसूर दाल में नौ रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 20 रिंगिट फिसलकर 4,050 रिंगिट प्रति टन रह गया। मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 49.33 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 60 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। वनस्पति 25 रुपये और सायो तेल 23 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। पाम ऑयल में 19 रुपये और मूंगफली तेल में सात रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सूरजमुखी तेल दो रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव में 35 रुपये प्रति क्विंटल टूट गए। चीनी भी 14 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7768.72 रुपये, मसूर काली 8143.79 रुपये, मूंग दाल 10086.13 रुपये, उड़द दाल 10353.79 रुपये, तुअर दाल 10548.44 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2860.05 रुपये और चावल 3851.45 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3308.62 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4297.89 रुपये और गुड़ 4955.96 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

# गणतंत्र परेड में दिखेगी मूक योद्धाओं की झलक

■ इस बार कर्तव्य पथ पर होगी गणतंत्र दिवस की परेड

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस परेड में इस बार कर्तव्य पथ पर सेना के मार्चिंग दस्तों और हथियारों के साथ-साथ देश की रक्षा में प्राणों की बाजी तक लगाने वाले उसके 'मूक योद्धाओं' यानी पशु दस्ते की झलक भी देखने को मिलेगी।

कर्तव्य पथ पर यह एक विशेष और भावनात्मक दृश्य होगा, जिसमें सेना के पशु दस्ते पहली बार इतने बड़े और संगठित रूप में परेड में शामिल होंगे। ये पशु न केवल सेना की ताकत का प्रतीक होंगे बल्कि यह भी बताएंगे कि देश की रक्षा में उनके योगदान को कितनी अहम जगह दी जाती है। सेना के इस विशेष दस्ते में दो बैक्ट्रियन ऊंट (मंगोलियाई ऊंट), चार जांस्कर पोनी, चार शिकारी पक्षी (रैप्टर्स), भारतीय नस्ल के सेना के दस श्वान और सेना में पहले से काम कर रहे 6 पारंपरिक सैन्य श्वान शामिल होंगे। पशु दस्ते की अगुवाई बैक्ट्रियन ऊंट करेंगे, जिन्हें हाल ही में लद्दाख के ठंडे रेगिस्तानी इलाकों में तैनात किया गया है। ये ऊंट बहुत ठंडे मौसम और 15,000 फुट से ज्यादा ऊंचाई पर आसानी से आ-जा सकते हैं। ये 250 किलो तक सामान ढो सकते हैं और कम चारे-पानी में लंबी दूरी तय करते हैं। इससे सेना को दूरदराज और कठिन इलाकों में रसद पहुंचाने में बड़ी मदद मिलती है। इसके बाद जांस्कर पोनी कदम से कदम मिलाकर चलेंगी जो लद्दाख की एक दुर्लभ और स्वदेशी नस्ल हैं। आकार में छोटी होने के बावजूद इनमें जबरदस्त ताकत और सहनशक्ति होती है। ये पोनी शून्य से 40 डिग्री कम तापमान और अत्यधिक ऊंचाई वाले इलाकों में 40 से 60 किलो वजन लेकर चल सकती हैं। वर्ष 2020 से ये सियाचिन जैसे कठिन क्षेत्रों में सैनिकों के साथ सेवा दे रही हैं और कई बार एक दिन में 70 किलोमीटर तक गश्त करती हैं। परेड में शामिल चार शिकारी पक्षी (रैप्टर्स) लंबी टांगों वाले बाज सेना की नई और स्मार्ट सोच को दिखाते हैं। इनका इस्तेमाल निगरानी और हवाई सुरक्षा से जुड़े कामों में किया जाता है, जिससे सेना के अभियान ज्यादा सुरक्षित रहते हैं। परेड का सबसे भावुक हिस्सा भारतीय सेना के श्वान होंगे, जिन्हें प्यार से 'मूक योद्धा' कहा जाता है। इन श्वान को मेरठ स्थित रिमाउंट एंड वेटरनरी कोर में प्रशिक्षित किया जाता है। ये आतंकवाद विरोधी अभियानों, विस्फोटक और बारूदी सुरंगों की पहचान, खोज-बचाव कार्यों और आपदा राहत में सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं। इन श्वान ने अपनी जान की परवाह किए बिना सैनिकों की जान बचाई है। 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत सेना अब मुधोल हाउंड, रामपुर हाउंड, चिप्पीपराई, कोम्बई और राजापलायम जैसी भारतीय नस्लों के कुत्तों को भी बड़े स्तर पर शामिल कर रही है।

# ऑपरेशन सिंदूर पर मध्यस्थता के चीन के दावे पर जवाब दें मोदी: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ ड्रैगन के ये दावे देश की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाते हैं

कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बाद अब चीन दावा कर रहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच इस साल हुए सैन्य कार्रवाई में उसकी मध्यस्थता से अचानक ऑपरेशन सिन्दूर रोका गया था। पार्टी ने इसे भारत के साथ मजाक करार दिया और कहा कि सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर सरकार ने जो कुछ बताया ये दावे उसके विपरीत है और इस तरह के दावे देश की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाते हैं, इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इसका जवाब देना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को चीन के दावों को चिंताजनक बताते हुए कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प पहले ही बार-बार दावे कर रहे हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान पर आयात शुल्क का डर दिखाकर कर दोनों देशों (भारत-पाकिस्तान) के बीच संघर्ष को रुकवाया था और अब चीन भी दावा कर रहा है और इस पर श्री मोदी की चुप्पी बेहद परेशान करने वाली है। रमेश ने कहा कि ट्रम्प लंबे समय से दावा करते रहे हैं कि उन्होंने 10 मई को ऑपरेशन सिन्दूर रोकने के लिए व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप किया था। वह यह दावा कम से कम सात अलग-अलग देशों में, विभिन्न मंचों पर 65 बार कर चुके हैं। मोदी ने इन दावों पर कभी भी अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी और अब चीन के विदेश मंत्री भी ऐसा ही दावा कर रहे हैं कि उसकी मध्यस्थता के कारण यह संघर्ष रोका गया था। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस बारे में चार जुलाई को उप सेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने सार्वजनिक रूप से कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान भारत असल में चीन का सामना कर रहा था और उससे लड़ रहा था। चूंकि चीन निर्णायक रूप से पाकिस्तान के साथ खड़ा था, ऐसे में भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के चीन के दावे चिंताजनक हैं और यह सिर्फ इसलिए नहीं कि वे देश की जनता को दी गई जानकारी के उलट हैं, बल्कि इसलिए भी कि वे हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा का मजाक बनाते प्रतीत होते हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि इस दावे को चीन के साथ हमारे संबंधों के संदर्भ में भी समझा जाना चाहिए, क्योंकि भारत ने चीन से बातचीत शुरु कर दी है, लेकिन दुर्भाग्य से बातचीत चीन के शर्तों पर हो रही है। प्रधानमंत्री ने 19 जून 2020 को चीन को दी गई क्लीन चिट ने भारत की बातचीत की स्थिति को काफी कमजोर किया है। हमारा व्यापार घाटा रिकॉर्ड स्तर पर है और हमारे निर्यात का बड़ा हिस्सा चीन से होने वाले आयात पर निर्भर है। अरुणाचल प्रदेश के संबंध में चीन की उकसाने वाली हरकतें लगातार जारी हैं। ऐसे एकतरफा और शत्रुतापूर्ण संबंधों के बीच भारत की जनता को यह स्पष्टता चाहिए कि ऑपरेशन सिदूर को अचानक रोकने में चीन ने क्या भूमिका निभाई।

### मप्र में सरकार की लापरवाही से लोग पी रहे हैं दूषित पानी, आठ की मृत्यु कई बीमार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मध्य प्रदेश में लोग सरकार की लापरवाही के कारण दूषित पानी पीने को मजबूर हैं, जिसके कारण कई लोगों की मृत्यु हो गई और अन्य कई बीमार हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दे रही है। कांग्रेस ने बुधवार को यहां आरोप लगाया कि मोदी सरकार स्वच्छ पेयजल देने का नारा तो बुलंद करती है, लेकिन मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार में दूषित पानी पीने से आठ लोगों की मौत हो गई। इंदौर में लोग शिकायत करते हुए साफ पानी की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार ध्यान नहीं दे रही है। राज्य सरकार की अनदेखी के कारण लोगों को मजबूरन गंदा पानी पीना पड़ रहा है, जिसके कारण यह दुखद खबर आ रही है। पार्टी ने कहा है कि इंदौर में दूषित पानी पीने से लोगों की मौत हुई और कई बीमार हैं।

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

HAPPY NEW YEAR 2026

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 1 जनवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 351 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com पौष शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 11 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


## संक्षिप्त समाचार

### साल के आखिरी दिन कश्मीर में बर्फबारी, दिल्ली एयरपोर्ट पर 148 फ्लाइट कैंसिल

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी हो रही है। इसका असर मैदानी राज्यों पर नजर आ रहा है। जम्मू-कश्मीर की सोनमर्ग टनल के पास तेज बर्फबारी हुई। हिमाचल में के लाहौल स्पीति में 30 दिसम्बर की शाम से बर्फबारी जारी है। यहां तापमान -10 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। दिल्ली के कई इलाकों में विजिबिलिटी शून्य रही। आईजीआई एयरपोर्ट पर बुधवार को 148 फ्लाइट कैंसिल की गई हैं। 150 फ्लाइट देरी से ऑपरेट हो रही हैं। एयरपोर्ट ने यात्रियों को एडवाइजरी जारी की। इसमें कहा गया कि सीएटी-3 लागू किया गया है। फ्लाइट्स में देरी हो सकती है। फ्लाइट कैंसिल भी हो सकती हैं। जम्मू-कश्मीर में साल के आखिरी दिन बर्फबारी हुई। पूरा कश्मीर इलाका बर्फ से ढंक गया। कश्मीर में बर्फ गिरने के बाद सड़क मार्ग बंद हो गया। श्रीनगर एयरपोर्ट पर बुधवार को 6 फ्लाइट रद्द की गईं। इनमें इंडिगो की 1, एयर इंडिया की 3 और एयर इंडिया एक्सप्रेस की 1 फ्लाइट शामिल है।

### नए साल पर दिल्ली- एनसीआर में पीएनजी सस्ती

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में प्राकृतिक गैस वितरण कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देते हुए पाइप के जरिये घरों में आपूर्ति की जाने वाली (पीएनजी) की कीमतों में नए साल पर कटौती की घोषणा की है। कंपनी ने बुधवार को बताया कि नए साल से वह दिल्ली-एनसीआर में पीएनजी की कीमतों में 70 पैसे प्रति मानक घनमीटर घटाएगी।

### इंडिगो पर 458 करोड़ से ज्यादा का जीएसटी जुर्माना

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो पर दिल्ली साउथ कमिश्नरेट के ब्जीएसटी के अतिरिक्त आयुक्त ने 458 करोड़ से ज्यादा का जुर्माना लगाया है।

## एक लॉन्चर से बैक-टू-बैक दो प्रलय मिसाइल लॉन्च

# पाक के 10 बड़े शहर निशाने पर

बालासोर, वार्ता

**रक्षा अनुसंधान** एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बुधवार को ओडिशा तट के पास प्रलय मिसाइल का सफल परीक्षण किया। इस दौरान एक ही लॉन्चर से बैक टु बैक दो प्रलय मिसाइलें (सल्वो लॉन्च) दागी गईं।

मिसाइलों की पूरी उड़ान पर नजर रखने के लिए चांदीपुर में स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज के सेंसर लगाए गए थे। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह परीक्षण बुधवार सुबह करीब 10.30 बजे किया गया। 7500 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार वाली यह मिसाइल 1000 किलो बारूद ले जा सकती है। यह मिसाइल भारत के प्रमुख सेना कैंप फिरोजपुर, जैसलमेर, भुज से पाकिस्तान के 10 बड़े शहर लाहौर, फैसलाबाद, गुजरांवाला, रावलपिंडी, इस्लामाबाद, बहावलपुर, मुल्तान, लाहौर, कराची, हैदराबाद, सुक्कुर को निशाना बना सकती है। रक्षा मंत्रालय ने इसे भारत की सामरिक मिसाइल क्षमता के लिए एक अहम उपलब्धि बताया है। प्रलय शॉर्ट रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल है और पूरी तरह स्वदेशी है और डीआरडीओ ने ही इसे बनाया है। इससे पहले डीआरडीओ ने 28-29 जुलाई को ओडिशा तट पर ही प्रलय मिसाइल के दो सफल परीक्षण किए थे। ये परीक्षण सेना और वायुसेना के उपयोग की जांच के तहत किए गए थे। स्वदेशी तकनीक से विकसित इस आधुनिक क्वासी-बैलिस्टिक मिसाइल के जल्द हीं भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल किया जाना है, जिससे देश की रक्षा क्षमता और आत्मनिर्भरता को मजबूती मिलेगी।




### SSLV के उन्नत तीसरे चरण का स्थैतिक परीक्षण सफल

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार को छोटे उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) के तीसरे चरण (एसएस3) के उन्नत संस्करण का सफलतापूर्वक 'स्थैतिक परीक्षण' किया। यह परीक्षण श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) मणें हुआ। एसएसएलवी इसरो का नया रॉकेट है। यह तीन चरणों वाला पूरी तरह ठोस ईंधन से चलने वाला उपग्रह प्रक्षेपण यान है, जो 500 किलोग्राम तक का भार ले जाने में सक्षम है। इसका तीसरा (ऊपरी) चरण रॉकेट को लगभग चार किमी प्रति सेकंड की गति देता है।

# बेगम खालिदा जिया राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द-ए-खाक

**ढाका।** बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री एवं देश की राजनीति की दिग्गज शख्सियत बेगम खालिदा जिया को बुधवार को प्रशंसकों एवं समर्थकों के भारी भीड़ के बीच सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

गौरतलब है कि मंगलवार की सुबह बेगम जिया का 80 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। बुधवार की सुबह सात बजे उनका नमाज-ए-जनाजा निकला, तब ढाका एवं अन्य जिलों से लोगों का काफिला उमड़ पड़ा। फेनी, ब्रह्मणबरिया, मयमनसिंह, कुमिल्ला, गाजीपुर, मुंशीगंज और नारायणगंज जिलों से लोग बस, ट्रक और लॉरियों में सवार होकर अपने प्रिय नेता के अंतिम दर्शन के लिए माणिक मिया एवेन्यू की तरफ बढ़ने लगे। सुबह से ही माणिक मिया एवेन्यू के आसपास लाउड स्पीकर पर कुरान की आयतें गूंज रही थीं और लोग इस सर्द मौसम में नम आंखों से अपने प्रिय नेता को अंतिम विदाई देने के लिए एवेन्यू के आसपास जमा हो रहे थे। बेगम जिया को उनके पति और बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान के बगल में पूरे राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द-ए-खाक किया गया। नेपाल, पाकिस्तान, भूटान और भारत से कई गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर मौजूद थे। भारी भीड़ को देखते हुए भारी संख्या में आर्म्ड पुलिस बटालियन को तैनात किया गया था।



**बांग्लादेश में खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में शामिल होने के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हामिदुल्लाह के साथ।**

# यूपी पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती का विज्ञापन जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**2025 के अंतर्गत कुल 32,679 पदों पर भती होगी**

**लखनऊ।** नए साल के आगमन से पूर्व उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती का इंतजार कर रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर सामने आई है।

आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 के अंतर्गत कुल 32,679 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञप्ति जारी कर दी गई है। इसके तहत इच्छुक और पात्र अभ्यर्थी 31 दिसम्बर 2025 से 30 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा संचालित की जा रही है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि आवेदन करने से पहले अभ्यर्थियों का वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) कराना अनिवार्य होगा। बिना ओटीआर के कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। ओटीआर और ऑनलाइन आवेदन के लिए अभ्यर्थी वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। वहीं, भर्ती से जुड़ी विस्तृत विज्ञप्ति, पात्रता, आयु सीमा, आरक्षण, चयन प्रक्रिया और परीक्षा से संबंधित सभी जानकारियों के लिए बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन करने की सलाह दी गई है।

### सेहत के लिए हानिकारक निमेसुलाइड दवा पर लगा बैन

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्रालय ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए सोमवार को ऐसी सभी ओरल दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर तत्काल प्रभाव से पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है, जिसमें निमेसुलाइड की मात्रा 100 मिलीग्राम से अधिक है। मंत्रालय ने एक वर्ष पहले ही मवेशियों के लिए भी इसे प्रतिबंधित कर दिया था। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि भारत में इस घटक (साल्ट) का प्रयोग सामान्य रूप से दर्द और बुखार में होता है।

## हिजबुल आतंकी साजिश के दोषियों को आजीवन कारावास

**नई दिल्ली।** एनआईए की विशेष अदालत ने असम के गुवाहाटी स्थित हिजबुल मुजाहिदीन आतंकी साजिश मामले के एक प्रमुख आरोपी को दोषी ठहराया और उसे साधारण कारावास की सजा सुनाई। एनआईए अदालत ने मंगलवार को आरोपियों मोहम्मद कमरुज जमान, डा. हुरैरा और कमरुद्दीन को अलग-अलग साधारण कारावास की सजा सुनाई गई, जिसमें अधिकतम सजा आजीवन कारावास है।


अल्लामा इक़बाल यूनानी मैडिकल कॉलिज एण्ड ऐ०सी०ऐन० हॉस्पिटल, रूड़की रोड, मुजफ्फरनगर

समस्त भारतवासियों को नववर्ष 2026 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

प्रोफेसर मुश्ताक हुसैन (प्राचार्य) 9897632081

तस्लीम-उल-हक़ (प्रबंध निदेशक) 9837132196


# अब चीन का दावा: हमने भारत-पाक संघर्ष रुकवाया

## कहा: हमने कई लड़ाइयों को सुलझाने में मदद की

**भारत ने कहा: सीजफायर में तीसरे पक्ष का रोल नहीं**

**बीजिंग/ नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बाद अब चीन ने भी यह दावा किया है कि उसने भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य तनाव को कम कराने में भूमिका निभाई थी। चीन का कहना है कि जब इस साल दोनों देशों के बीच हालात बिगड़ गए थे, तब उसने बीच में आकर तनाव कम करने की कोशिश की। बीजिंग में आयोजित एक कार्यक्रम में चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि चीन दुनिया के कई संघर्षों को सुलझाने में मदद करता रहा है। उन्होंने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच हुए तनाव के दौरान भी चीन ने मध्यस्थता की थी। मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि भारत सरकार ने चीन के इस दावे को खारिज किया है। भारत ने कहा है कि संघर्ष को रुकवाने में किसी तीसरे पक्ष की भूमिका नहीं है। चीन का यह बयान उस समय को लेकर है, जब इस साल मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव हुआ था। इस दौरान भारत ने पाकिस्तान के कई आतंकी और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया था, जिससे कुल मिलाकर 11 एयरबेस को नुकसान पहुंचा था।










### फायर स्टेशन की जरूरत फिर आई सामने

# आग की घटना ने प्रशासनिक दावों की खोली पोल

**दुकान में भीषण आग के बाद एक बार फिर उठी मांग**

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली नगर में स्थायी अग्निशमन केंद्र की स्थापना की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। हाल ही में जीटी रोड स्थित गुप्ता पाइप ट्रेडर्स की दुकान में लगी भीषण आग ने स्थानीय प्रशासन की आपात तैयारियों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

आग की सूचना समय पर देने के बावजूद दमकल की गाड़ियां डेढ़ से दो घंटे की देरी से मौके पर पहुंचीं, जिससे आग विकराल रूप ले चुकी थी और दुकानदार को लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। इस घटना के बाद नगर के व्यापारियों और आम नागरिकों में भारी रोष है। लोगों का कहना है कि यदि खतौली में ही अग्निशमन केंद्र होता तो आग पर समय रहते काबू पाया जा सकता था और नुकसान को काफी हद तक टाला जा सकता था। वर्तमान व्यवस्था में आग लगने की स्थिति में जानसठ या मुजफ्फरनगर से दमकल वाहन बुलाने पड़ते हैं, जिससे कीमती समय नष्ट हो जाता है।

इस संबंध में समाजसेवी अभिषेक गोयल एडवोकेट ने कहा कि खतौली जैसे घनी आबादी और व्यावसायिक क्षेत्र वाले नगर के लिए फायर स्टेशन अब कोई विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्य आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने बताया कि वर्षों से अग्निशमन केंद्र की मांग की जा रही है, लेकिन हर बार आश्वासनों के अलावा कुछ हासिल नहीं हुआ। हैरानी की बात यह है कि अब तक फायर स्टेशन के लिए भूमि का चयन तक नहीं किया जा सका है।

अभिषेक गोयल ने कहा कि हालिया आग की घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि प्रशासनिक लापरवाही कितनी भारी पड़ सकती है।

उन्होंने बताया कि शीघ्र ही स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों से इस मांग को मजबूती से उठाया जाएगा। यदि इसके बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो इस मुद्दे को जन आंदोलन का रूप दिया जाएगा।

# जंगली जानवर को बचाने के दौरान कार में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** देर रात मोरना-करहेड़ा मार्ग पर अचानक सामने आये नीलमाहे के झुण्ड को बचाने के प्रयास मे कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे फिसल गयी। जिसके बाद कार मे आग लग गयी।कुछ ही देर मे कार जलकर पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव करहेड़ा निवासी विवेक उर्फ मोनू राठी ने बताया कि मंगलवार की रात 11 बजे के लगभग वह निकटवर्ती गांव मोरना से अपनी मारुती ब्रेज़ा कार के द्वारा घर वापस लौट रहा था कि रास्ते में अचानक नील माहे का झुंड सामने आ गया।जिसे बचाने के दौरान उसकी कार अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे फिसल कर कूड़े के ढ़ेर मे धंस गयी। विवेक अपनी कार को वापस सड़क पर लाने का प्रयास कर रहा था कि उसने इंजन की ओर से धुँवा उठता देखा।कुछ ही देर में आग की लपटें बढ गयी। और कार धूधूकर जलने लगी।

विवेक ने फायर बिग्रेड को सूचना फायर बिग्रेड द्वारा आग को बुझाया गया।किन्तु कार पूर्ण रूप से जल गयी व उसमे रखे कागजात आदि भी जल गये। विवेक की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घटना की जानकारी की।विवेक ने भोपा थाना पर सूचना दर्ज कराई है।

मोरना चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक ललित कुमार ने बताया की कार मे आग लगने की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर गयी थी। इस संबंध मे आवश्यक जानकारी की गयी है।

# लॉकअप में रील बनाना पड़ा भारी, वायरल वीडियो से मच गया था हड़कंप, खाकी ने सिखाया सबक

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** पुलिस अभिरक्षा में रहते हुए सोशल मीडिया के लिए रील बनाना तीन युवकों को भारी पड़ गया। खतौली कोतवाली के लॉकअप के भीतर बनाई गई वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुई, पुलिस महकमे में खलबली मच गई। इस मामले ने न केवल पुलिस की सतर्कता पर सवाल खड़े किए, बल्कि लॉकअप जैसी संवेदनशील जगह की सुरक्षा व्यवस्था को भी कटघरे में ला खड़ा किया।



जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पूर्व मारपीट के एक मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया था। नियमानुसार उनकी तलाशी लेकर उन्हें लॉकअप में बंद किया गया, लेकिन इसी दौरान पुलिस की चूक सामने आई। एक आरोपी मोबाइल फोन छिपाकर लॉकअप के भीतर ले जाने में सफल हो गया। इसी मोबाइल से आरोपी ने लॉकअप के अंदर बंद अन्य मुल्जिमों और बाहर डडूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के वीडियो बना लिए और उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। लॉकअप में मोबाइल का पहुंचना गंभीर लापरवाही माना जा रहा है, क्योंकि इससे न केवल सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित होती है, बल्कि भविष्य में किसी बड़े खतरे की आशंका भी बन सकती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए। पुलिस के समक्ष तीनों युवक हाथ जोड़कर माफी मांगते नजर आए। इसके बाद पुलिस ने तीनों का चालान कर उन्हें जेल भेज दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस घटना के बाद थाने में तलाशी प्रक्रिया और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सख्त किया जाएगा, ताकि भविष्य में ऐसी कोई लापरवाही न हो।

## महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कस्बे में किया जागरूकता अभियान कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** महिलाओं की सुरक्षा एवं सशकितकरण को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत मीरापुर थाना पुलिस द्वारा कस्बे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, कानूनों और सुरक्षा संबंधी उपायों की जानकारी देना रहा, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ किसी भी परिस्थिति का सामना कर सकें।

कार्यक्रम का संचालन थाना मीरापुर की एंटी रोमियो प्रभारी ममता अत्री के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से संवाद करते हुए घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर अपराध, महिला उत्पीड़न तथा सार्वजनिक स्थानों पर होने वाली घटनाओं से निपटने के तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सरकार और पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की, जिनमें आपात स्थिति के लिए डायल 112, महिला सहायता हेतु 1076, बाल सुरक्षा के लिए 1098 तथा साइबर अपराध की शिकायत के लिए 1930/1033 शामिल हैं। महिलाओं से अपील की गई कि किसी भी समस्या की स्थिति में बिना झिझक इन नंबरों पर संपर्क करें। कार्यक्रम के अंत में पुलिस टीम ने महिलाओं को सजग, सतर्क एवं निर्भीक रहने का संदेश दिया। अभियान में बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता रही, जिन्होंने पुलिस के इस प्रयास की सराहना की।



मुजफ्फरनगर:डीएम कार्यालय पर धरना देते भारतीय किसान यूनियन सेवक के लोग।

## किसानों की आय बढ़ाने और आधुनिक तकनीक से जोड़ने को गोष्ठी का आयोजन

**मीरापुर।** क्षेत्र के गांव खेड़ी सराय में किसानों की आय बढ़ाने और खेती को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से फार्मर रजिस्ट्री एवं कृषि गोष्ठी/किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न ख्रषि योजनाओं, फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया, जैविक खेती की तकनीक तथा वैज्ञानिक फसल प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

गोष्ठी में वकताओं ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री किसानों की पहचान का महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं, बीमा, अनुदान और तकनीकी सहायता का सीधा लाभ मिलता है। इसके साथ ही किसानों को जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

विशेषज्ञों ने बताया कि जैविक खेती से मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है क्योंकि इसमें रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का प्रयोग नहीं होता। इससे मिट्टी में मौजूद सूक्ष्म जीव सक्रिय रहते हैं और भूमि की उत्पादन क्षमता लंबे समय तक बनी रहती है। उन्होंने कहा कि जैविक फसलें स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित, अधिक पौष्टिक और बाजार में बेहतर मूल्य प्राप्त करने वाली होती हैं। लागत कम होने के साथ-साथ पैदावार भी अच्छी होती है, जिससे किसानों की आमदनी में वृद्धि होती है। इस अवसर पर कृषि अधिकारी, ग्राम प्रधान तसलीम, चंद्रसेन, अमन, श्यामवीर सहित बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पारदर्शिता के साथ हो सकता है सार्थक बदलाव : प्रीति

**बुढ़ाना।** महिला शिक्षक संघ ब्लाक बुढ़ाना की अध्यक्षा प्रीति चौहान ने बताया कि नववर्ष केवल तारीख बदलने का ही नाम नही है बल्कि यह नई सोच, नई ऊर्जा और नई जिम्मेदारियों का उत्सव भी है। इसी नव संकल्प के साथ महिला शिक्षक संघ ब्लॉक बुढ़ाना की अध्यक्षा के रूप में सभी शिक्षकों के ब्विास की जिम्मेदारी संभालना मेरे लिए गर्व की बात है और साथ में दायित्व भी है।



शिक्षक समाज की रीढ़ है और महिला शिक्षक उस रीढ़ की संवेदनशील शकित। ब्लॉक स्तर वह आधार है जहां पर नीतियां ज़मीन पर उतरती हैं और समस्याएं सीधे सामने आती हैं। ऐसे में मेरी प्राथमिकता होगी कि प्रत्येक शिक्षक की आवाज़ को सुना जाए और समाधान समयबद्ध रूप से हो। ब्लॉक अध्यक्षा के रूप में मेरा प्रमुख उद्देश्य यही रहेगा कि सभी शिक्षकों की समस्याओं का त्वरित समाधान, संगठन और प्रशासन के बीच सेतु बनना व स्कूलो में सकारात्मक, अनुशासित और प्रेरक शैक्षिक वातावरण को बढ़ावा देना। महिला शिक्षकों सहित सभी शिक्षकों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन सदैव सजग रहेगा साथ ही शिक्षक एकता को मजबूत करना, नियमित संवाद स्थापित करना, शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने को रचनात्मक पहल करना मेरी कार्य योजना का अहम हिस्सा रहेगा। ब्विास है कि सहयोग, पारदर्शिता, प्रतिबद्धता के साथ हम ब्लॉक स्तरीय सार्थक बदलाव ला सकेंगे। संकल्प स्पष्ट है शिक्षक मजबूत होंगे तो शिक्षा भी मजबूत होगी और इसी संकल्प के साथ संगठन आगे बढ़ेगा।

# सत्येंद्र पाल ने सपा की साइकिल पर सवार होकर बढ़ाया सपा का वर्चस्व

## टिकट के दावेदार डा.सत्येन्द्र पाल ने महापुरुषों की तस्वीर लेकर की यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र में संघर्ष, संकल्प और समाजवादी विचारधारा की एक अनूठी मिसाल कायम करते हुए समाजवादी पार्टी के बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के टिकट के प्रमुख दावेदार डाक्टर सत्येंद्र पाल ने बीते पूरे एक वर्ष तक प्रत्येक जयंती पर संबंधित महापुरुष की तस्वीर लेकर साइकिल से यात्रा की। यह यात्रा शाहपुर से मुजफ्फरनगर तक केवल दूरी तय करने का माध्यम नहीं थी बल्कि विचारों को जन जन तक पहुंचाने, इतिहास को जीवित रखने और संगठन को मजबूत करने का सतत प्रयास था।

हर जयंती पर महापुरुषों के आदर्शों को याद करते हुए निकाली गयी यह साइकिल यात्रा बीते वर्ष 2025 में भी पूरी निष्ठा और निरंतरता के साथ जारी रही। इस बारे में समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डाक्टर सत्येंद्र पाल ने बताया कि आज इस प्रेरणादायक अभियान के एक वर्ष पूर्ण होने पर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

यह क्षण हम सभी के लिए सम्मान और जिम्मेदारी का है। जो भी व्यक्ति इस कार्यक्रम में शामिल हो सकता है तो उससे आग्रह है कि वह अवश्य पहुंचे। आपकी उपस्थिति संगठन की शक्ति बनेगी। आपकी सहभागिता दावेदारी को मजबूती देगी और आपकी मौजूदगी आने वाले समय की राजनीति में हमारा संदेश स्पष्ट करेगी।



साइकिल से चलते हुए इस संकल्प को जन आंदोलन बनाएं और अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएं। ऐसी आप सभी से आशा है।

उल्लेखनीय है कि इस साइकिल यात्रा के चलते सपा के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र पाल बीते वर्ष 2025 में आधा दर्जन भव्य कार्यक्रम बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर समय समय पर आयोजित कर चुके हैं। जिसके चलते यहां बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में सपा का वर्चस्व बढ़ा है और काफी गैर सपाई पार्टियों के लोग विभिन्न पार्टियों को छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हुए हैं।

## छात्रा को ब्लैक मेल करने वाला युवक गिरफ्तार

**भोपा।** छात्रा के आपत्तिजनक फोटो व वीडियो को इंटर मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर पीड़िता को बुलाकर उसे बुरी नीयत से जबरदस्ती करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यकित ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री इंटर मिडिएट की छात्रा है। गांव वजीराबाद निवासी युवक मनीष ने मौका पाकर उसकी पुत्री के आपत्तिजनक फोटो खींच लिए तथा वीडियो बना ली। जिसके बाद आरोपी ने छात्रा को फोटो इंटरनेट पर वायरल करने की धमकी देकर बहका फुसलाकर सुनसान रास्ते मे बुला लिया जहां पर उससे बुरी नीयत से जबरदस्ती करने लगा। विरोध करते हुए शोर मचाने पर आरोपी भाग गया। जिसके बाद आरोपी युवक ने छात्रा के आपत्तिजनक फोटो व वीडियो को इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिए। पीड़िता के पिता ने आरोपी व उसके परिजनों से बात की तो आरोपियों ने उसके साथ गाली गलोज की।

# सैकड़ों ग्रामीणों ने मुन्ना प्रधान को दिया समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** गांव उमरपुर में हाजी रहीमुल्लाह कुरैशी के यहां आयोजित विशाल सभा में ग्राम प्रधान पद का चुनाव लड रहे मुन्ना कुरैशी का ढोल नगाड़ों की थाप पर जोरदार नारेबाजी के साथ फूल मालाओं से भव्य स्वागत हुआ। यहां हाजी रहीमुल्लाह खानदान के सैंकड़ों सदस्यों ने पप्पू कुरैशी के नेतृत्व में मुन्ना प्रधान को खुला समर्थन दिया और कहा इस बार उनके खानदानघ के लोग आपको भारी मतों से चुनावघ जिताने का काम करेंगे। मुन्ना प्रधान ने कहा कि आप लोगों ने आज मुझे यहां बुलाकर जो सम्मान दिया में ताउम्र उसका आभारी रहूंगा।



में वादा करता हूं कि अगर आपने मुझे इस बार चुनाव जिता दिया तो पूर्व की तरह इस बार भी आप लोगों के सुख दुख में शामिल रहूंगा। मेरी कथनी करनी में कोई अंतर नहीं मिलेगा। उन्होंने मीडिया को बताया कि मैंने 500 लोगों के फैसले करवाकर उनका समय पैसा बचाया। 800 मीटर का सुल्तानपुर मार्ग का खड़ंजे का निर्माण कराया। समय समय पर लोगों की आर्थिक मदद की।

उनका सपना गांव में ऐसे विकास कार्यो को करवाने का है जिनकी गांव वालों को जरुरत है। यहां दलित, पाल समाज समेत अन्य हिंदू लोगों ने भी अपना समर्थन दिया। यहां सद्दाम, मुबारिक, वकील, समर, हाजी अनीस, अतहर प्रधान, नौशाद, काला शेख, विनोद, मांगा, दिलशाद रंगरेज, आबिद रंगरेज, इंद्रपाल, महावीर, धनपाल, श्रीपाल, नौशाद रंगरेज, शादाब पहलवान, वासिद, जाहिद, रहूस, शकू, उस्मान, समर, कमर, मोहसीन, मेहरबान, आसू, शाहनवाज, जमील आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## नगवा की समस्या को लेकर एसडीएम से मिले भाकियूअ प्रवक्ता

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय प्रवकता धर्मेंद्र मलिक आज बुधवार के दिन काफी सालों से परेशान गांव नगवा के एक पीडित किसान के साथ उप जिला अधिकारी बुढ़ाना श्रीमति अपूर्वा यादव से मिले। उन्होंने एसडीएम को बताया कि गांव नगवा के किसान हरिराज सिंह के खेत मुजफ्फरनगर व जनपद बागपत की सीमा पर स्थित हैंघ। करीब दो दशक के आसपास के समय में मुजफ्फरनगर जिले के संबंधित अधिकारियों के द्वारा गांव नगवा की चकबंदी की गयी थी। जिसमें सभी खेतों की पैमाइश हो गयी थी। चकबंदी विभाग ने दोनों जनपदों की सीमा पर पीलर भी गडवा दिए थे। अब कुछ समय पहले पता लगा कि हरिराज किसान की जमीन का कुछ हिस्सा जनपद बागपत की सीमा में भी है जिसको जबरदस्ती बागपत का कोई किसान बो रहा है। पीड़ित हरिराज ने उसी



समय भी और अभी हाल में भी इसकी शिकायत बुढ़ाना के चकबंदी विभाग को की लेकिन चकबंदी अधिकारी इस और कोई भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसलिए उकत किसान की जमीन वापस दिलाई जाए। जिस पर एसडीएम ने भाकियू के राष्ट्रीय प्रवकता धर्मेंद्र मलिक को आश्वासन दिया कि वे बड़ौत एसडीएम से बात करके एक सप्ताह में टीम गठित करके उकत समस्या का निस्तारण करवा देंगे और एडीएम प्रशासन मुजफ्फरनगर को भी इससे अवगत करा दिया जाएगा। इस दौरान यहां पर भाकियूअ के जिला अध्यक्ष सुधीर पंवार समेत अन्य कार्यकर्ता मोजूद थे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पौष पुत्रदा एकादशी पर श्री श्याम प्रकट उत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ संपन्न

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** पौष पुत्रदा एकादशी एवं श्री श्याम प्रकट उत्सव के पावन अवसर पर नगर के श्री कृष्ण संकीर्तन मंडल गीता भवन द्धरजि.ऋ, गली घंटाघर मंदिर में आस्था, भकित और उल्लास से परिपूर्ण भव्य धार्मिक आयोजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधि-विधान से श्याम बाबा के स्वर्ण चोले के विग्रह की स्थापना की गई, जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कार्यक्रम के मुख्य यजमान वैभव जैन द्धजय हनुमान ग्रुप ऑफ कंपनीऋ एवं संदीप अग्रवाल (पीली कोठी वाले) ने अपने परिवार सहित वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंडितों द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन संपन्न कराया। इसके पश्चात मुख्य यजमान वैभव जैन द्वारा श्याम बाबा की ज्योत प्रज्वलित की गई, जिससे पूरा वातावरण भकितमय हो उठा। ज्योत प्रज्वलन के उपरांत निशांत यदुवंशी ग्रुप (धनोरा) द्वारा प्रस्तुत किए गए भावपूर्ण भजनों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मेरठ से पधारीं वैष्णवी, नामदेव निशांत यदुवंशी एवं रिया अग्रवाल ने अपने सुमधुर कंठ से एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए, जिन पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। इस दौरान भकतों पर मोरछड़ी का झाड़ा लगाया गया, जिससे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। उत्सव के दौरान श्याम बाबा का केक समारोह भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अंत में विधिवत रूप से बाबा की महाआरती संपन्न हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम में कमेटी के प्रधान मनोज अग्रवाल, मंत्री मुकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पंकज भटनागर, मुख्य सलाहकार कुलदीप शर्मा, उपप्रधान भावेश गुप्ता, मुकेश तायल, सतीश अग्रवाल, उपमंत्री संजीव मिश्रा, मनोज



जैन, उपकोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल, उत्सव मंत्री ललित अग्रवाल, प्रचार मंत्री प्रभात गुप्ता, उप-प्रचार मंत्री बिटू शर्मा एवं ऑडिटर दीपक गर्ग (सी.ए.) विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. एन.के. त्यागी, डॉ. दिनेश चंद्रा, दीनदयाल शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्याम भकत कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# करण फार्म हाऊस में हुआ अटल स्मृति सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के बड़ौत रोड पर स्थित करण फार्म हाऊस में आज बुधवार के दिन भारत देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित अटल स्मृति सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ने अटल जी के राजनीतिक व्यकितत्व और कार्यो पर प्रकाश डाला।

उन्होंने वाजपेयी द्वारा किए गए परमाणु परीक्षण, स्वर्णिम चतुर्भुज योजना और प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना जैसे ऐतिहासिक कार्यो का विशेष रूप से उल्लेख किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री डाक्टर



संजीव बालियान ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में हुआ था। उन्होंने तीन बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया और भारत की राजनीतिक तथा रणनीतिक दिशा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन कार्यक्रमों के माध्यम से अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन, उनके दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद किया गया। यहां पूर्व विधायक उमेश मलिक, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र देव शर्मा, कॉपरेटिव बैंकों के चेयरमैन ठाकुर रामनाथ सिंह, पूर्व चेयरमैन शाहपुर प्रमेश सैनी, जिला मंत्री सुधीर खटीक, प्रदेश संयोजक मोहन तायल, कार्यक्रम संयोजक ब्रजपाल सहरावत, मण्डल अध्यक्ष मोनू कुर्थल, पवन वर्मा, तेलू राम कश्यप, सहदेव चौधरी, डॉक्टर कुलदीप प्रधान, मोनू मलिक जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो, पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुधीर सैनी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष भारत ठाकुर, मुकेश शर्मा, कुलदीप बागड़ी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मृत मान लिए गए चाचा शरीफ 29 साल बाद ज़िंदा लौटे

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** उत्तर प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दौरान मुजफ्फरनगर जनपद से एक चौंकाने वाला और भावुक कर देने वाला मामला सामने आया है।

वोटर लिस्ट सत्यापन के दौरान 29 साल पहले लापता हुए एक व्यकित की पहचान सामने आई, जिसे उसका परिवार मृत मान चुका था। इस अभियान ने न केवल एक नाम को सूची से जोड़ा, बल्कि बिछड़े परिवार को भी फिर से मिला दिया। कस्बा खतौली के मोहल्ला बालकराम निवासी चाचा शरीफ वर्ष 1997 में पहली पत्नी की मृत्यु के बाद दूसरी शादी कर पश्चिम बंगाल चले गए थे। शुरुआती कुछ वर्षों तक परिवार से संपर्क बना रहा, लेकिन बाद में पता बदलने और जानकारी के अभाव में संपर्क पूरी तरह टूट गया। वर्षों तक तलाश करने के बावजूद कोई सुराग नहीं मिलने पर परिजनों ने उन्हें मृत मान लिया। समय बीतता गया। इस दौरान परिवार ने कई अपने खो दिए, लेकिन शरीफ इन सब से अनजान कहीं और जीवन की कठिन परिस्थितियों से जूझते रहे। इसी बीच विधानसभा क्षेत्र में चल रहे एसआईआर अभियान के तहत मतदाता सूची के सत्यापन के दौरान एक नाम और दस्तावेजों ने अधिका. रियों का ध्यान खींचा। जांच आगे बढ़ी, कड़ियां जुड़ीं और धीरे-धीरे यह स्पष्ट हुआ कि जिस व्यकित को मृत मान लिया गया था, वह वास्तव में जीवित है। सूचना मिलने के बाद संपर्क स्थापित किया गया और आखिरकार वह दिन भी आया जब 29 साल बाद चाचा शरीफ



अपने पुराने घर के दरवाजे पर खड़े थे। दरवाजा खुला, पहचान में कुछ पल लगे और फिर भावनाओं का सैलाब उमड़ पड़ा। आंखों से आंसू रुक नहीं पाए और पूरा मोहल्ला इस दृश्य का साक्षी बना। यह घटना केवल एक व्यकित की घर वापसी नहीं, बल्कि 29 वर्षों के इंतजार, टूटे रिश्तों और अधूरी यादों के फिर से जुड़ने की कहानी है। यह भी साबित करती है कि सरकारी प्रक्रियाएं और दस्तावेज, अगर संवेदनशीलता के साथ लागू हों, तो वे किसी की खोई हुई दुनिया लौटा सकते हैं। एसआईआर जैसे अभियान न केवल लोकतंत्र को मजबूत कर रहे हैं, बल्कि कई ज़िंदगियों को फिर से जोड़ने का काम भी कर रहे हैं।

# एसएसपी ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दिए उपहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने रिटायर्ड पुलिसकर्मियों के लिए पुलिस लाईन के सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया। एसएसपी, एसपी देहात और एसपी क्राईम ने मिलकर रिटायर्ड हुए पुलिसकर्मियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें फूल माला पहनाकर उपहार भी दिये।

उत्तर-प्रदेश पुलिस को अपनी सेवाएं देकर रिटायर्ड हुए पुलिसकर्मियों के लिए रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान जनपद के पुलिस मुखिया संजय कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक देहात आदित्य बंसल व



एसपी क्राईम इन्दु सिद्धार्थ ने फूल माला पहनाते हुए उनके कर्तव्य और उनके द्वारा किये गये अच्छे कार्य के लिए उनकी प्रशंसा की। तीनों अधिकारियों ने उनके पुराने कार्य को देखते हुए उनकी प्रशंसा करते हुए परिवार के लिए भी एक अच्छा मैसेज दिया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्ष ने रिटायर्ड पुलिसकर्मियों को स्मृति चिन्ह देते हुए उन्हे उपहार भेंट किये। विदाई समारोह के दौरान प्रतिसार निरीक्षक ऊदल सिंह सहित पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण तथा सेवा. निवृत्त हुए पुलिसकर्मियों के परिजन मौजूद रहे। एसएसपी ने बताया कि यूपी पुलिस में सेवा दे चुके सीओ नीरज सिंह, फुगाना, दरोगा अनीता चौहान, एलआईयू, दरोगा नरेन्द्रपाल सिंह, डायल-112, दरोगा शिवदत्त सिंह थाना रामराज, दरोगा नरवीर सिंह थाना सिविल लाईन, दरोगा बने सिंह थाना कोतवाली नगर, दरोगा राजवीर सिंह रिजर्व पुलिस लाईन, दरोगा किशनलाल रिजर्व पुलिस लाईन, दरोगा जितेन्द्र सिंह सम्मन सेल, फायर ब्रिगेड अधिकारी अन्तराम सिंह फायर स्टेशन बुढाना, लीडिंग फायरमैन मुन्नेलाल फायर स्टेशन बुढाना इस दौरान रिटायर्ड हुए पुलिसकर्मियों का परिवार भी मौजूद रहे।

# श्रीराम कॉलेज में 2026 को लेकर हुए रंगारंग कार्यक्रम

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेज़िज में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव ''क्लर्स-2025-26'' के दूसरे दिन वर्ष 2025 को रंगारंग कार्यक्रमों के साथ अलविदा कहा गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुतियॉ देकर दर्शको का मन मोह लिया। आज कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्ख्रष्ट योगदान के लिये श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज के चेयरमैन डा0 एससी कुलश्रेष्ठ को प्रयत्न संस्था की ओर से ''प्राइड ऑफ मुजफ्फरनगर'' सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की मीडिया समिति सदस्यों, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को महाविद्यालय के प्रति उनके योगदान एवं सर्मपण के लिए सम्मानित किया गया।

श्रीराम कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दूसरे दिन का शुभारम्भ मुख्य अतिथि व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री द्धस्वतंत्र प्रभारऋ, कपिल देव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष मुजफ्फरनगर, डा वीरपाल निर्वाल, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) गजेन्द्र कुमार, पूर्व चेयरपर्सन नगरपा. लिका परिषद मुजफ्फरनगर अंजु अग्रवाल, कार्यक्रम की अध्यक्षता कुल. पति मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर प्रोफेसर विमला वाई द्वारा की गई। तथा विशिष्ट अतिथियों पुरूषोत्तम क्षेत्रीय मंत्री भाजपा, डॉ. रेखा सिंह, डॉ0 ईश्वर चन्द्र, विपुल भटनागर, निशांक जैन, श्रीराधे श्याम विश्वकर्मा, हिन्दु परिषद, आनन्द कुमार, दिवाकर झा, अशोक अग्रवाल, रीना अग्रवाल, उद्योगपति कुशपूरी, देवराज पॅवार, अंजु चौधरी, नम्रता त्यागी, लवण्या, रीना अग्रवाल, राजकुमार शर्मा, रविन्द्र चौधरी, श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज के चेयरमैन डा0 एससी कुलश्रेष्ठ, श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज के सचिव ई0 संकल्प कुलश्रेष्ठ, सचिव, श्रीराम कॉलेज आफ लॉ मुकता कुलश्रेष्ठ, श्रीराम कॉलेज ट्रस्टी, शुभ कुलश्रेष्ठ, आदि गणमान्य व्यकितयों द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया।

वही बिजनेस एडमिनीस्ट्रेशन विभाग के छात्र अर्णव अग्रवाल ने बालीवुड के मशहुर गीत ''ऐ दिल मुस्किल'' गीत पर मनमोहक प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में उपस्थित सभी दर्शको को झुमने पर मजबूर कर दिया। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की छात्राओं राधिका एवं कशिश द्वारा ''राधा तेरा झूमका'' गीत पर डयूट डांस कर दर्शकों को तालियॉ बजाने पर मजबूर कर दिया। श्रीराम कॉलेज आफ लॉ के छात्राओं निधि, अनिका, सामिया, मीनू, खुशी, कोमल, खुशीपाल, पारूल, मिथलेश, सुभारती द्वारा राजस्थानी लोक नृत्य प्रस्तुत कर राजस्थान की संस्ख्रति से दर्शको को परिचित कराया। इसके बाद प्रबंधन





विभाग के छात्रो आर्यन, समदर्शी, हरित, उमंग, वंश, उत्सव द्वारा मलिहारी थीम पर समूह नृत्य कर एक अलग ही छठा बिखेर कर मैदान में उपस्थित दर्शको को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रीराम कॉलेज के होमसाइंस के विद्यार्थियो ने पंजाबी थीम ''गिददा'' पर समूह नृत्य कर सभी की तालियॉ बटौरी।

इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप ऑफ कालिजेज में कार्यरत एवं शिक्षा के साथ-साथ अन्य सहगामी क्षेत्रो में उत्ख्र ष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षको डा अशफाक, विभागाध्यक्ष वाणिज्य संकाय, डा0 प्रविण मलिक, ख्रषि विज्ञान विभाग तथा अमर दीप, सहायक अध्यापक शारीरिक शिक्षा विभाग को महाविद्यालय अनुशाासन हेतु पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कपिल देव अग्रवाल ने कालेज की प्रशसां की।

श्रीराम कॉलेज आफ फार्मेसी के निदेशक डा0 गिरेन्द्र गौतम, ललित कला विभाग के निदेशक मनोज धीमान, डीन एकेडमिक्स डॉ0 विनीत कुमार शर्मा, डीन कम्प्यूटर एप्लीकेशन, निशांत राठी, श्रीराम कॉलेज आफ इंजीनियरिंग डीन डा0 सुचीत्रा त्यागी, शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार, श्रीराम पॉलिटैक्निक निदेशक, डा0 अ्वनी, प्रवेश समन्वयक नीतू सिंह, एचआर पंकज, सहित सभी डीन, विभागाध्यक्ष एवं प्रवकतागण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मैडिकल स्टोर स्वामी से मारपीट, तोड़फोड़

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाईन क्षेत्र के कच्ची सडक पर स्थित एक दवाई स्टोर स्वामी के साथ पडौस के ही युवक ने गाली-गलौच व दुव्यर्ववहार करते हुए उसका काउंटर तोड डाला। उक्त आरोप पीडित ने थाने में तहरीर देकर लगाये है। स्टोर स्वामी ने यह भी आरोप लगाया कि वह पहले भी उन पर हमला कर चुका है और वह चालान होने के बाद जमानत पर आया था, लेकिन इसके बाद भी आरोपी इनके साथ मारपीट व गाली-गलौच कर रहा है। पुलिस ने इस मामले में कार्यवाही शुरू कर दी है।

सिविल लाईन थाना क्षेत्र के मौहल्ला मल्हूपुरा कच्ची सडक निवासी हेमन्त कुमार पुत्र सोहनपाल ने सिविल लाईन थाना प्रभारी को एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह दीपक मैडिकल स्टोर चलाता है। आरोप है कि पडौस के ही अभिषेक मिश्रा पुत्र स्व.सुशील कुमार मिश्रा आये दिन दुर्व्यवहर, गाली-गलौच व मारपीट करता है। इसकी शिकायत कई बार पहले भी थाने में की गई, लेकिन इसके बाद भी वह उनकी दुकान पर आकर हंगामा व तोडफोड करता है। शिकायतकर्ता ने बताया कि बीती रात वह दुकान पर पहुंचा और यहां पर तोडफोड शुरू कर दी। हमले में उसका काउंटर टूट गया है। अब वह उसको धमकी दे रहा है। पीडित ने यह भी बताया कि आरोपी पहले भी सिविल लाईन थाने जा चुका है और उसकी जेल जाने के बाद जमानत भी हुई थी। पीडित ने हमले में टूटे हुए काउंटर के कुछ सबूत भी दिये है। शिकायतकर्ता हेमन्त कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है।

### मीरांपुर में कुत्ते के आतंक से कस्बेवासी भयभीत

**मीरापुर।** कस्बे में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला पंजाबी कॉलोनी का है, जहां पूर्व सभासद कमलनयन छावड़ा की गली में एक ही दिन में आवारा कुत्तों ने तीन महिलाओं सहित एक पुरुष को काटकर घायल कर दिया। घटना के बाद कॉलोनी में दहशत का माहौल बना हुआ है।

मंगलवार को सुबह के समय एक महिला सफाई कर्मी लाडो वाला कुआ के निकट नियमित सफाई कार्य के लिए पहुंची थी। इसी दौरान गली में मौजूद आवारा कुत्तों ने उस पर अचानक हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके अलावा कॉलोनी की रहने वाली माया रस्तोगी और दिव्या वर्मा को भी कुत्तों ने काट लिया, जिससे वे लहूलुहान हो गईं। वहीं, कॉलोनी से गुजर रहे एक पुरुष राहगीर को भी आवारा कुत्तों ने अपना शिकार बना लिया।

लगातार हो रही इन घटनाओं से स्थानीय लोग काफी भयभीत हैं। कॉलोनीवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर पंचायत और ईओ से आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की, लेकिन अब तक नगर पंचायत की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग करते हुए कहा है कि यदि समय रहते आवारा कुत्तों पर नियंत्रण नहीं किया गया तो कोई बड़ी घटना घट सकती है।





बुढाना:बीएलओ पर लापरवाही का आरोप लगाते भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ता।

# भाकियू तहसील उपाध्यक्ष शहजाद ने तहसील परिसर में काटा हंगामा

## सफीपुर पट्टी के बीएलओं पर लगाए गंभीर आरोप

**बुढ़ाना।** आज बुधवार की देर रात ग्राम सफीपुर पटी और गांव जोगियाखेडा के सैंकड़ों लोग भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के बुढ़ाना तहसील उपाध्यक्ष मौहम्मद शहजाद के नेतृत्व मे बुढ़ाना तहसील परिसर में एसडीएम को एक ज्ञापन देने के लिए पहुंचे। जहां एसडीएम के न मिलने पर उन्होंने एसडीएम बुढ़ाना कार्यालय के बाहर हंगामा करते हुए कहा कि हमारे गांव सफीपुर पटी में जो ग्राम पंचायत की वोट का प्रकरण चल रहा था उसमें नहीं तो हमारे यहां कोई भी बीएलओ आया और नही किसी ने पूछा हमारे यहां के लोगो से और हमे कहते रहे कि तुम्हारी वोट अगले वर्ष एक जनवरी सन 2026 से बनेगी और आज बुधवार को हमें काफी जिम्मेदार व्यक्तियों के द्वारा यह पता लगा है कि आज बुधवार के दिनष तक का ही टाईम था। हम इस बात को लेकर बुढ़ाना तहस. ीलदार महेंद्र सिंह यादव से मिले तो उन्होंने यह कहते हुए हमें टाल दिया कि अब कोई वोट नहीं बनेगी। जिस में हमारी उक्त अधिकारी से किसी भी तरह की सन्तुष्टी नहीं हुई और हमारे यहां के लोगों की काफी वोट नहीं बनी है और हमारी भी वोट काट दी गयी है। इसलिए हम सभी ग्रामवासियों से आपसे अपील है कि हमारी सुनवाई करते हुए हमारी समस्या का समाधान करें नहीं तो उक्त अधिकारी के विरुद्ध सही से कार्यवाही करें। इस दौरान इसी प्रकरण को लेकर जोगिया खेड़ा के ग्रामीण भी तहसील में पहुंचे और जमकर हंगामा काटा। आरोप है कि उक्त अधिकारी सभी ग्रामीणों को मिले लेकिन अधिकारी ने भी आक्रोशित ग्रामीणों को कोई आ्वा. सन नहीं दिया। एसडीएम मौके पर नहीं मिली। उधर दूसरी और इस संबंध में भाकियू तहसील उपाध्यक्ष मौहम्मद शहजाद ने इस बात की जानकारी भाकियू तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार को दी तो उन्होंने सभी से तहसील से वापस आने को कहा और बोले की इस मामले को बृहस्पतिवार को हम देखेंगे और दोषी अधिकारियों व बीएलओ के विरुद्ध बड़ा आंदोलन करने की रणनिति तैयार करेंगे।

# वैश्य अग्रवाल राजवंश सभा में नव वर्ष धूमधाम से मनाया

**मुजफ्फरनगर।** महामंत्री शलभ गुप्ता एडवोकेट ने जानकारी देते हुए बताया' आज 'होटल गोल्डन एरा जानसठ रोड पर वैश्य अग्रवाल राजवंश सभा मुजफ्फरनगर के द्वारा' 'गायत्री मंत्र के उच्चारण एवं मां कुलदेवी लक्ष्मी महाराजा अग्रसेन जी महाराज और अमर शहीद राजा रतन चंद के उद्घोष के साथ नव वर्ष के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

'जिसकी अध्यक्षता राजेंद्र प्रसाद गर्ग अध्यक्ष के द्वारा एवं संच. ालन महामंत्री शलभ गुप्ता के द्वारा किया गया' नव वर्ष के कार्यक्रम में विशेष सहयोग महिला अध्यक्ष अनुराधा गुप्ता,महिला मंत्री गुंजन गर्ग,महिला उपाध्यक्ष सुनीता ऐरन का रहा। अजय गुप्ता के द्वारा हास्य कविता सुनाई गई महिला सभा की उपाध्यक्ष सुनीता ऐरन के द्वारा वरिष्ठ एवं बच्चों के वर्ग में गेम खिलाए गए। राजवंश सभा के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गर्ग एवं शलभ गुप्ता ने कहा' राजवंश सभा का सफल कार्यक्रम हुआ। तबला वादक विवेक द्वारा तबले की थाप पर धुन बजाई गई जिन्हें पहचानने पर क्कसरप्राइज़ गिफ्ट बांटे गए।

अंत में सभी ने एक पुरुष वर्ग एवं महिला वर्ग में अंताक्षरी प्रतियोगिता हुई जो ड्रा के साथ समाप्त हुई सभी ने एक साथ हंसते गाते हुए वर्ष 2026 के स्वागत में सामूहिक डांस कर नववर्ष का स्वागत किया। मुख्य रूप से कार्यक्रम में राजेंद्र प्रसाद गर्ग, शलभ गुप्ता एडवोकेट, अमित गुप्ता एडवोकेट, पंकज राजवंशी, भावना गुप्ता ,अवनी गुप्ता, नेहा गुप्ता ,रूपा गर्ग, वरुण गुप्ता गुंजन गर्ग, अजय गर्ग ,अंकित गुप्ता, अदिति गुप्ता, माही गुप्ता विख्यात गुप्ता ,मुकुल गोयल, सीमा गोयल, मनीष



गुप्ता, प्रतिभा गुप्ता ,नीलम गोयल अनुराधा गुप्ता ,नामित सिंघल अनिल कुमार ,वीनू ऐरन, सुधीर ऐरन, सुनीता ऐरन, सुबोध ऐरन अनीता राजवंशी, वाणी राजवंशी, अमल राजवंशी ,राजेंद्र कुमार गोयल ,ममता गोयल, पंकज कुमार, श्रुति गोयल ,ज्योति गर्ग ,मनोज कुमार गुप्ता, अमित अजय गर्ग, आयुषी गुप्ता ,आलोक सिंघल, शीलू गुप्ता,आशीष गोयल, अभिमन्यु गर्ग,श्रुति गर्ग,अलका गर्ग आदि सैकड़ों राजवंश बंधु उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों का विदाई समारोह हुआ

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका परिषद में वर्षों तक निष्ठा और ईमानदारी से सेवा देने वाले अस्थायी सफाई कर्मचारियों के सेवा निवृत्त होने पर बुधवार को नगर पालिका परिसर में एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुजफ्फरनगर सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले आयोजित किया गया, जिसमें सेवा निवृत्त कर्मचारियों को सम्मान और गरिमा के साथ विदा किया गया। सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नीरज बिड़ला और महामंत्री मिलन कुमार बिड़ला के नेतृत्व में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें राजबीर, ऊषा देवी, बाला देवी समेत कुल 3 सेवा निवृत्त सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय शाही ने इन कर्मचारियों को प्रशिस्त पत्र और चौक देकर सम्मानित किया। सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नीरज बिड़ला ने कहा कि ये कर्मचारी अपनी सेवाओं से शहर की स्वच्छता और सौंदर्य में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।



मुजफ्फरनगर:सेवानिवृत्त पालिका कर्मी को विदाई देते पालिका अधिकारी।

# रामलला की दूसरी वर्षगांठ पर हिन्दू वीरों को किया सम्मानित

**मुजफ्फरनगर।** अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर राम लला मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर संयुक्त हिन्दू मोर्चा द्वारा श्री राम जन्मभूमि आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभाने वाले हिन्दू वीरों का भगवा शॉल भेंट कर अभिनंदन किया गया, आज आर्य समाज मन्दिर में हुए भव्य कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ हिन्दू नेता ज्ञानचंद सिंघल ने व संचालन संयुक्त हिन्दू मोर्चा अध्यक्ष मनोज सैनी, प्रदेश महासचिव शिवसेना डॉ योगेंद्र शर्मा ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता कुश पूरी भाकियू अराजनीति अध्यक्ष धर्मेंद्र मालिक, व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल मित्तल, गौरव स्वरूप के सुपुत्र कार्तिक स्वरूप सुधीर अहलावत, शामिल रहे, सभासद सतीश कुकरेजा, जैन सभा के श्री पाल जैन, मुख्य अतिथियों ने इस अवसर पर कहा कि आज श्री राम जन्मभूमि आंदोलन में शामिल होने वाले हिन्दू वीरों व सैकड़ों हिन्दू वीरों की शहादत के बाद आज अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण संभव हो सका है, उन्होंने इस अवसर पर केंद्र व प्रदेश सरकार से मांग की इस आंदोलन में शामिल रहे सभी आंदोलन कारियों को सरकार द्वारा



विशेष प्रोत्साहन देना चाहिए, ओर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की तरह सरकारी सुविधाएं देनी चाहिए, इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ हिन्दू नेता रमेश सांई, रामू भाई, राधेश्याम बि्वकर्मा, बागेश अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष संयुक्त हिन्दू महासंघ, अनिल लुहारी, चमन वाल्मीकि, सोनवीर जी, जितेंद्र तेवतिया, राजेश कश्यप शिवस. ेना नेता, अमरीश त्यागी, मंडल उपाध्यक्ष, अखिलेश पूरी जिलाध्यक्ष संयुक्त हिन्दू महासंघ, शैंकी शर्मा युवा जिलाध्यक्ष शिवसेना, जितेंद्र गोस्वामी नगर अध्यक्ष, आशीष शर्मा शिवसेना युवा नगर अध्यक्ष, भाजपा नेता संजय गर्ग, सुनील तायल भाजपा नेता, शिवकुमार शर्मा श्री कृष्ण सेना अध्यक्ष, जितेंद्र कुछल, राजू सैनी, बसंत कश्यप, अनुकूल जोशी शिवसेना जिलासचिव, भोला बालियान शिवसेना जिला सचिव, विवेक शर्मा, विजय तोमर, सन्नी वर्मा, संजीव जैन, भाजपा नेता शलभ गुप्ता, गौतम कुमार, सचिन जोगी, विवेक चौहान, अरविंद सैनी, पुष्पेंद्र सैनी, कशिश गोयल, सुरेन्द्र मित्तल, शिवम् पंडित, सहित सैकड़ों हिन्दू वीर उपस्थित रहे !!

### डीसीएम की टक्कर से बालक घायल

**मोरना।** मोरना-जानसठ मार्ग पर तेजी से आ रही डीसीएम की चपेट मे आकर तीन वर्षीय मासूम घायल हो गया। आनन- फ़ानन मे घायल को जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां से मेरठ हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने आरोपी वाहन को कब्जे मे लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव चौरावाला निवासी आशु का घर मुख्य मार्ग पर स्थित मस्जिद के पास है। बुधवार दोपहर उसका तीन वर्षीय पुत्र वक्कार घर के सामने सड़क के दूसरी ओर जा रहा रहा था। तभी मोरना की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डीसीएम ने बालक को टक्कर मार दी।जिसमे वक्कार घायल हो गया। डीसीएम चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया।किन्तु पुलिस ने उसे आगे जाकर पकड़ लिया। घायल बालक को जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां से उसे गम्भीर हालत के चलते मेरठ हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई गयी है।

# शिवसेना ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने और जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग तेज की

मुजफ्फरनगर। पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य का दर्जा दिए जाने और देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग को लेकर शिवसेना ने एक बार फिर आंदोलनात्मक रुख अपनाया है। शिवसेना जिला अध्यक्ष बिटू सिखेड़ा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया गया।

ज्ञापन में अवगत कराया गया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 28 जनपद लंबे समय से विकास की दृष्टि से उपेक्षित हैं। क्षेत्र के लोग प्रदेश के कुल राजस्व में लगभग 80 प्रतिशत का योगदान देते हैं, इसके बावजूद समुचित विकास, सरकारी योजनाओं और नौकरियों का लाभ यहां के युवाओं को नहीं मिल पा रहा है। शिवसेना का कहना है कि 75 जनपदों वाले विशाल उत्तर प्रदेश को छोटे राज्यों जैसे उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब और दिल्लीख्रकी तर्ज पर विभाजित किया जाना क्षेत्रवासियों और स्थानीय निवासियों के हित में होगा।

शिवसेना ने तर्क दिया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाए जाने से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास होगा, साथ ही प्रशासनिक व्यवस्था अधिक प्रभावी और जवाब. देह बन सकेगी।

इसके साथ ही ज्ञापन में देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू किए जाने की भी मांग उठाई गई। संगठन का कहना है कि बढ़ती जनसंख्या देश के सीमित संसाधनों पर भारी दबाव बना रही है और यदि समय रहते ठोस कानून नहीं बनाया गया तो आने वाले समय में हालात और भी गंभीर हो सकते हैं।

इस दौरान प्रदेश उप प्रमुख प्रमोद अग्रवाल ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोग वर्षों से अलग राज्य की मांग कर रहे हैं। हमारा क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन विकास में लगातार पिछड़ रहा है। अलग राज्य बनने से युवाओं को रोजगार मिलेगा और क्षेत्रीय समस्याओं का स्थायी समाधान संभव होगा। वहीं, जनसंख्या नियंत्रण कानून आज समय की सबसे बड़ी जरूरत है। सरकार को इस पर गंभीर निर्णय लेना चाहिए।


शिवसेना ने केंद्र सरकार से मांग की है कि दोनों मुद्दों पर शीघ्र निर्णय लेकर जनहित में ठोस कदम उठाए जाएं।इस अवसर पर प्रमोद अग्रवाल शरद कपूर, चेतन देव, सूरज साठी दविंदर चौहान, निकुंज चौहान, उज्ज्वल पंडित, साकेत पिंकू शुभम बाल्मीकि रोशन कुमार योगिंदर सैनी राकेश प्रजापति गुढू संजय नमन त्यागी त्यागी रितेश शिवसेना पदा. धिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जंगली चोरों का आतंक जारी, तीन टॅयूबवैल में चोरी

**मोरना।** क्षेत्र मे जंगली चोरों का आतंक लगातार जारी है। गांव दौलतपुर में जंगली चोरों ने तीन टयूबवैल को निशाना बनाते हुए चोरी घटना को अंजाम दिया है पीड़ित किसानों ने पुनरूपुलिस से कार्रवाई की मांग की है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर निवासी किसान आस मोहम्मद, साजिद व मोहब्बत ने बताया कि बुधवार दोपहर जब वह अपने खेतों में पहुंचे, तो देखा कि उनके टयूबवैल मे चोरों ने दीवार तोड़कर वहां से केबल, स्टार्टर आदि सामान चोरी कर लिया है। जिसके बाद पीड़ित किसानों ने डायल 112 व थाना पुलिस को सूचना दी। पीड़ित किसानो ने अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर घटना के खुलासे की मांग की है।

# गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रक ने ली 11 वर्षीय बालक की जान

## खबर का भी नहीं लिया गया संज्ञान, ओवरलोड वाहनों पर नहीं है कोई अंकुश, पिछले वर्ष भी हुए थे कई हादसे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कांधला तिराहे पर बुधवार रात जो हुआ, वह कोई आकस्मिक दुर्घटना नहीं थीकृयह सिस्टम द्वारा पहले से लिखी गई मौत की पटकथा थी, जिसका शिकार एक 11 वर्षीय मासूम जीशान बन गया। ओवरलोड गन्ना ट्रक, झूलती हाईटेंशन लाइन और आंख मूंदे बैठे जिम्मेदार विभाग तीनों ने मिलकर एक ऐसा जानलेवा तंत्र खड़ा कर दिया, जिसमें इंसानी जान की कोई कीमत नहीं रह गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गन्ने से लदा ट्रक तय मानकों से कहीं अधिक ऊंचा और भारी था सवाल यह है कि परिवहन विभाग की चेकिंग कहां थी?

ओवरलोडिंग पर प्रतिबंध सिर्फ कागजों में क्यों सिमटा है?दिन-रात सड़कों पर दौड़ते ए ट्रक प्रशासन की नाक के नीचे से गुजरते हैं, लेकिन कार्रवाई शून्य। नतीजा एक ट्रक हाईटेंशन लाइन से टकराया और मौत सड़क पर गिर पड़ी। हाईटेंशन लाइन की ऊंचाई और सुरक्षा मानकों की जिम्मेदारी बिजली विभाग की है, लेकिन कांधला तिराहा लंबे समय से खतरे का केंद्र बना हुआ था। तार झूल रहे थे,सुरक्षा संकेतक नहीं थे।

किसी प्रकार का इंसुलेशन या वैकल्पिक व्यवस्था नहीं थी,जब तार टूटा और सड़क पर गिरा, उसी वक्त मोहल्ला गुलशन नगर निवासी 11 वर्षीय बालक जीशान पुत्र शाहिद उसकी चपेट में आ गया। करंट ने मासूम को पल भर में झुलसा दिया। पुलिस जीशान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मां-बाप की चीखें, परिवार का विलाप और मोहल्ले का सन्नाटा हर आंख नम थी, लेकिन सिस्टम अब भी बेजान बना रहा। पहले से दी गई चेतावनी, फिर भी चुप्पी? सबसे शर्मनाक पहलू यह है कि 23 दिसंबर के अंक में दैनिक शाह टाइम्स ने ओवरलोड गन्ना ट्रकों से होने वाले संभावित हादसों की स्पष्ट चेतावनी दी थी। इसके बावजूद न प्रशासन चेता न विभाग हरकत में आए न कोई स्थाई कदम उठाया गया। चेतावनी को गंभीरता से लिया गया होता, तो आज जीशान जिंदा होता।घटना के बाद क्षेत्र में उबाल है। लोगों के सवाल सीधे सिस्टम के सीने पर वार कर रहे हैं। क्या प्रशासन किसी और मासूम की मौत का इंतजार कर रहा है? क्या ओवरलोडिंग से मिलने वाला अवैध लाभ इंसानी जान से ज्यादा कीमती है? क्या दोषी अधिकारियों पर कभी कार्रवाई होगी या हर बार चालक को बलि का बकरा बना दिया जाएगा ।स्थानीय लोगों का कहना है कि अब सिर्फ आश्वासन नहीं, ठोस कार्रवाई चाहिए। हाईटेंशन लाइनों का ऑडिट और सुरक्षित ऊंचाई पर पुन:स्थापन लापरवाह अधिकारियों की पहचान कर निलंबन व एफआईआर पीड़ित परिवार को मुआवजे मिलेगा। लोगों ने साफ शब्दों में कहा कि यदि इस मौत के बाद भी सिस्टम नहीं जागा, तो यह मान लिया जाएगा कि प्रशासन की चुप्पी भी अपराध में साझेदार है।यह हादसा सिर्फ जीशान की मौत नहीं, बल्कि सिस्टम की नाकामी का पोस्टमार्टम है। अब देखना यह है कि क्या जिम्मेदार विभाग जागेंगे या अगली खबर फिर किसी मासूम की मौत की होगी।




**खबर का नहीं अधिकारियों पर कोई असर**

# गन्ना ट्रकों की ऊंची हाइट बनी मुसीबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र में अवरलोड और ऊंची हाइट में भरे गन्ना ट्रकों का आवागमन ग्रामीणों के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। ऐसे ट्रकों के कारण आए दिन घटनाएं हो रही हैं। कभी ट्रक सड़क पर पलट जाते हैं तो कभी ऊंचाई अधिक होने के कारण बिजली की लाइनों से टकराकर खंभे और तार तोड़ देते हैं। इससे बिजली आपूर्ति बाधित होने के साथ-साथ कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है। चौसाना क्षेत्र के खेड़की मोड़ पर बुधवार शाम करीब चार बजे। गन्ने से भरे एक ऊंची हाइट वाले अवरलोड ट्रक ने सड़क




किनारे खड़े बिजली के खंभे पर लगे 11 हजार वोल्ट के तार को तोड़ दिया। घटना के समय लाइन चालू थी, जिससे मौके पर दहशत फैल गई। सौभाग्य रहा कि उस समय वहां कोई राहगीर या वाहन मौजूद नहीं था, अन्यथा गंभीर हादसा हो सकता था। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने तुरंत बिजलीघर पर जानकारी दी, जिसके बाद आपूर्ति बंद कराई गई। कुछ देर बाद लाइनमैन मौके पर पहुंचे और टूटे तार को जोड़ने का कार्य किया। मरम्मत के बाद बिजली आपूर्ति बहाल की गई, लेकिन तब तक आसपास के गांवों में काफी देर तक अंधेरा छाया रहा। जई आजम अकबर ने बताया कि अवरलोड और ऊंची हाइट में भरे गन्ना ट्रकों से पहले भी कई बार बिजली के खंभे और तार टूट चुके हैं। इस संबंध में उन्होंने चौकी पर तहरीर भी दी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

# लाइन के नीचे पेड़ों ने बिजली की बाधित, 12 घंटे अंधेरे में रहे 20 गांव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** खोडसमा और चौसाना बिजलीघरों से जुड़े करीब बीस गांवों में मंगलवार रात से बुधवार दोपहर तक बिजली आपूर्ति ठप रही। 12 घंटे चले ब्लैकआउट से लाखों की आबादी प्रभावित हुई। रात अंधेरे में कटी तो सुबह पानी और पशुओं के चारे की भारी परेशानी झेलनी पड़ी। कारण बिजली विभाग नहीं, बल्कि लाइन के नीचे लगाए गए पेड़ है।

चौसाना क्षेत्र के खोडसमा और चौसाना दोनों बिजलीघरों की 33द्11 केवी लाइन शामली-श्यामला 132 केवी बिजलीघर से जुड़ी है। यह लाइन टोडा गांव के खेतों से होकर गुजरती है, जहां एक किसान ने हाईटेंशन लाइन के ठीक नीचे पॉपुलर और सफेदा के पेड़ लगा रखे हैं। हवा चलने पर इन पेड़ों की टहनियां लाइन से टकरा जाती हैं, जिससे फाल्ट हो जाता है और पूरे क्षेत्र की सप्लाई ब्रेकडाउन में चली जाती है।

बार-बार बिजली गुल होने से सबसे ज्यादा परेशानी पशुपालकों को उठानी पड़ी। जो किसान रोज सुबह पशुओं के लिए चारा काटते हैं, वे मजबूरन दोपहर तक इंतजार करते रहे। कई गांवों में पशुओं को भुसे से ही काम चलाना पड़ा। वहीं सरकारी नलों से पानी ग्रामीण भरते रहे जिससे महिलाओं और बुजुर्गों को खासी दिक्कत उठानी पड़ी। बिजली



विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि इस समस्या से वे खुद भी परेशान हैं। लाइन के नीचे लगे पेड़ों की कई बार कटाई कराई जा चुकी है, लेकिन संबंधित किसान फिर वहीं पेड़ लगा देता है। नियमों के अनुसार हाईटेंशन लाइन के नीचे पेड़ लगाना प्रतिबंधित है, इसके बावजूद लापरवाही बरती जा रही है। इससे विभाग को बार-बार फाल्ट ठीक कराने के साथ भारी मशक्कत करनी पड़ती है।

जई आजम अकबर ने बताया कि लाइन के नीचे लगाए गए पेड़ों की वजह से हवा चलते ही फाल्ट हो जाता है। बुधवार सुबह दोनों बिजलीघरों के लाइनमैनों को लगाकर लाइन दुरुस्त कराई गई और दोपहर में सप्लाई बहाल कर दी गई। स्थाई समाधान तभी संभव है, जब लाइन के नीचे लगे पेड़ों को हटाया जाएगा, तभी ग्रामीणों को बार-बार की बिजली कटौती से राहत मिल सकेगी।

# सुरक्षा को यातायात पुलिस ने चलाया अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** यातायात पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, आमजन के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से व्यापक सड़क सुरक्षा जागरूकता व सख्त प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है ।

थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों और आमजन में यातायात नियमों के प्रति अनुशासन, सड़क सुरक्षा के महत्व की समझ और सुरक्षित एवं जिम्मेदार ड्राइविंग व्यवहार विकसित करना है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली जनहानि को रोका जा सके । अभियान के अंतर्गत विशेष रूप से दो-पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने हेतु जागरूक किया गया और नो हेलमेट नो फ्यूल के तहत पेट्रोल पंप संचालकों एवं वाहन चालकों को बिना हेलमेट ईंधन न देने के निर्देशों की जानकारी दी गई, जिससे शासन के आदेश का पूर्ण पालन सुनिश्चित हो सके।

इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले, विशेष रूप से बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग और गलत दिशा में वाहन चलाने वालों के खिलाफ नियमित चेकिंग और वैधानिक कार्रवाई भी की जा रही है । यातायात पुलिस आमजन से अपील करती है कि यातायात नियमों का पालन केवल दंड के भय से नहीं, बल्कि अपने और अपने परिवार के जीवन की सुरक्षा के लिए करें । हेलमेट और सीट बेल्ट दुर्घटना की स्थिति में जीवनरक्षक सिद्ध होते हैं, इसलिए इसे अपनी दिनचर्या का अनिवार्य हिस्सा बनाना चाहिए। जनपद शामली में दुर्घटना-मुक्त, सुरक्षित एवं अनुशासित यातायात' व्यवस्था स्थापित करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस का यह जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान भविष्य में भी निरंतर एवं प्रभावी रूप से जारी रहेगा।

## एसपी ने किया पैदल मार्च

**शामली।** नववर्ष पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के निर्देश पर बुधवार देर शाम सीओ सिटी अपेक्षा निंबाडिया ने कोतवाली पुलिस के साथ शहर में पैदल मार्च किया। उन्होने शहर के शिव चौक, वर्मा मार्केट रोड, वीवी इंटर कॉलेज रोड, फव्वारा चौक, विजय चौक और अजंता चौक पर वाहनों की चेकिंग की गई तथा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। पुलिस ने होटलों का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कोतवाली प्रभारी सचिन शर्मा भी मौजूद रहे। इसके अलावा कैराना, कांधला, झिंझाना, थानाभवन, बाबरी, गढीपुख्ता, जलालाबाद में भी पुलिस द्वारा देर रात्रि तक गश्त किया गया। वही जीआरपी व आरपीएफ पुलिस द्वारा भी शामली रेलवे स्टेशन पर चेकिंग की गई।

# कथित शोषण से मुक्ति दिलाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधन महासभा के पदाधिकारियों ने बीएसए को ज्ञापन सौंपकर अशासकीय मान्यता प्राप्त विद्यालयों को विभागीय कर्मचारियों के कथित शोषण से मुक्ति दिलाने की मांग की है।

बुधवार को दिए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि खंड शिक्षा अधिकारी कैराना कार्यालय में तैनात कर्मचारी प्रवीण कुमार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालकों का व्यापक स्तर पर शोषण किया जा रहा है। इस संबंध में पूर्व में मान्यता प्राप्त विद्यालय महासंघ द्वारा शपथ पत्र के साथ शिकायत भी की जा चुकी है, जिस पर बीएसए ने संज्ञान लेते हुए संबंधित कर्मचारी का स्थानांतरण आदेश जारी किया था।

बावजूद इसके उक्त कर्मचारी



आज तक अपने पद पर बना हुआ है, जो विभागीय आदेशों का खुला उल्लंघन बताया गया है।

महासभा के पदाधिकारियों ने मांग की कि उक्त कर्मचारी को तत्काल पदमुक्त कर उसके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो जनपद के सभी वित्तविहीन मान्यता प्राप्त विद्यालय बंद कर बीएसए कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी विभाग की होगी। इस अवसर पर अध्यक्ष देवेन्द्र पाल राणा, रामपाल सिंह जांगडा आदि मौजूद रहे।

# विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी व अपहरण का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन ( शामली )।** विदेश भेजने के नाम पर लाखों रूपए की ठगी और युवकों को बंधक बनाए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। कस्बा थानाभवन के मोहल्ला रेत्ती निवासी एक व्यक्ति ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शामली को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि एजेंटों ने उसके दो बच्चों को विदेश भेजने का झांसा देकर रकम ऐंठ ली और अब उनके बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहे हैं।

पीड़ित शकील सकील पुत्र शहीद का आरोप है कि मोहल्ला रेत्ती निवासी सलीम पुत्र शहीद व शाकिर पुत्र नसीम के विदेश जाने को लेकर एजेंट समीर पुत्र रफीक निवासी मोहल्ला रेत्ती, थानाभवन तथा सलमान पुत्र आबिद निवासी ग्राम सांपला, थाना देवबंद, जनपद सहारनपुर से बातचीत हुई थी। एजेंटों



ने दोनों युवकों को विदेश भेजने और वहां रोजगार दिलाने का आश्वासन दिया था।आरोप है कि विश्वास में आकर पीड़ित पक्ष ने ऑनलाइन माध्यम से समीर व सलमान के खातों में कुल लगभग पांच लाख रूपए की रकम ट्रांसफर की। इसके अलावा करीब ढाई माह पूर्व एजेंटों ने युवकों को तत्काल विदेश भेजने की बात कहकर दो लाख रूपए नकद भी ले लिए और दोनों युवकों को अपने साथ ले गए। काफी समय बीत जाने के बाद जब परिजनों ने एजेंट समीर से युवकों के बारे में जानकारी ली तो कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। इससे परिजनों को आशंका हुई कि उनके बच्चों को किसी गलत कार्य में फंसा दिया गया है। पीड़ित का कहना है कि एजेंटों ने धोखाधड़ी और जालसाजी कर उनके बच्चों को विदेश में कहीं बंधक बना रखा है और यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो किसी बड़ी अनहोनी की आशंका है।पीड़ित ने एसएसपी शामली से मामले में थाना प्रभारी थानाभवन को निर्देशित कर रिपोर्ट दर्ज कराने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कराने की मांग की है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद कैराना जनपद-शामली।

पत्रांक: 788(1)/E-T/2025-26 दिनांक: 31.12.2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

समस्त शासकीय कार्यदायी संस्थाओं में पंजीकृत ठेकेदार/फर्मस/सेवाप्रदाताओं को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद, कैराना द्वारा 15वां वित्त आयोग/2 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य/विकास कार्य सम्पादित कराना चाहती है। रजिस्टर्ड ठेकेदारों/फमर्स/सेवाप्रदाता से निविदाएं दिनांक 02.01.2026 से 22.01.2026 समय दोपहर 2:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन आमन्त्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्ते बेवसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 22.01.2026 दोपहर 2:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। जहां से इन्हें डाउनलोड कर देखा जा सकता है तथा सभी निविदादाता दिनांक 22.01.2026 दोपहर 2:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर आनलाईन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते है।

| | |
|---|---|
| E-Tender Reference | 788(1)/E-T/2025-26 |
| Publish and Time for R.E.F | 02.01.2026 को सांय 5:00 बजे |
| Last Date and Time for Submission of E-Tender | 22.01.2026 को दोपहर 2:00 बजे |
| Date and Time of Opening E-Tender | 22.01.2026 को अपराहन 3:00 बजे |
| Place of Opening of E-Tender | Executive officer, Office Nagar Palika Parishad Kairana (Shamli) |
| E-Tender security | 10% of Tender Value |
| E-Tender Document Processing | as per tender list |

नोट-धरोहर धनराशि 10 प्रतिशत एफ0डी0आर0 के रूप में जमा करना होगा जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कैराना के पदनाम से बंधक होगी एवं निविदा प्रपत्र धनराशि नगरपालिका परिषद् कैराना के शाखा कैराना में केवल आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से ही स्वीकृत की जाएगी। अन्य किसी भी रूप में जमानत धनराशि/निविदा मूल्य स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा डालने पूर्व सभी नियम व शर्तों का भली-भांती अध्ययन कर लें। किसी भी त्रुटि के लिए नगरपालिका परिषद् कैराना जिम्मेदार नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद कैराना, जनपद शामली**


## एक नजर

### खाते से उड़ाए आठ लाख रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कांधला के नई बस्ती निवासी अमीश-उर-रहमान पुत्र अतीक उर रहमान ने साईबर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका एचडीएफसी बैंक की बुढ़ाना रोड स्थित शाखा में खाता है। गत 26 दिसंबर को उसके खाते से अज्ञात व्यक्ति ने नेट बैंकिंग के माध्यम से आठ लाख रूपए की धनराशि निकाल ली। खाते से रूपए निकलने की जानकारी होने पर उसे साइबर फॉड का पता चला। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाना प्रभारी से जांच कर ठगी की गई रकम वापस दिलाने तथा दोषी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। वही साईबर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। साइबर पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है और खातों व ट्रांजैक्शन डिटेल खंगाली जा रही हैं।

### कृष्णा के किनारे चलाया सफाई अभियान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत एवं जिला गंगा समिति के संयुक्त तत्वावधान में कृष्णा नदी के किनारे विशेष सफाई अभियान एवं सामूहिक स्वच्छता बैठक का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य नदी किनारे फैले कचरे एवं जल में मौजूद अपशिष्ट को हटाकर नदी को स्वच्छ बनाना तथा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का नेतृत्व नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी जितेन्द्र राणा द्वारा किया गया। अनुज सैनी के प्रतिष्ठान पर वार्डवासियों के साथ सामूहिक स्वच्छता बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की। बैठक के दौरान नगर पंचायत कर्मियों द्वारा लोगों को नदी एवं आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने, कूड़ा-कचरा नदी में न डालने तथा नियमित सफाई अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।नगर पचायत के वरिष्ठ लिपिक संजय कुमार ने कहा कि नदी हमारी सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहर है, इसके संरक्षण में जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। सफाई अभियान के अंतर्गत कृष्णा नदी के किनारे से प्लास्टिक, कचरा एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री को हटाया गया। साथ ही स्वच्छ गंगा अभियान एवं स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए लोगों से पर्यावरण संरक्षण में सहयोग की अपील की गई। इस अभियान में नगर पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी, वार्डवासी तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जन-जागरूकता के माध्यम से नदी स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना रहा।

### पुण्यतिथि पर आयोजित हुआ हवन-यज्ञ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के पंजाबी कॉलोनी स्थित पाठक भवन में स्वर्गीय अजय पाठक, स्नेहा, वसुंधरा एवं भागवत की पुण्यतिथि के अवसर पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन उपरांत पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व विधायक तेजेन्द्र निर्वाल, पूर्व राजेश्वर बंसल, देवेन्द्र भगत, पंजाबी समाज शामली के अध्यक्ष राजन बत्रा सहित सुरेन्द्र आर्य, अशोक निर्वाल, संजीव, अंकित, मुकुल द्विवेदी, संजय बजाज, सचिन निर्वाल, प्रतीक वास्तव एवं परिवारजन उपस्थित रहे। इसके अलावा लुधियाना, करनाल, हिसार, फरीदाबाद व शामली से आए परिजनों व शुभचिंतकों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। सभा में उपस्थित जनों ने उच्च न्यायालय से छह पूर्व हुए अजय पाठक हत्याकांड के दोषी को शीघ्र फांसी दिलाने की मांग की है। बता दे कि 31 दिसंबर 2019 को भजन गायक अजय पाठक एवं उनके परिवार की तलवार व चाकुओं से नृशंस हत्या कर दी गई थी। दोषी हिमांशु को 23 मई 2024 को जिला न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा फांसी की सजा सुनाई गई थी।

### विद्युत चोरी के आरोप को पीड़ित ने झूठा ठहराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद के गढ़ीपुख्ता क्षेत्र के ग्राम अम्बेहटा रिन्दान निवासी एक ग्रामीण ने अपने ऊपर लगाए गए विद्युत चोरी के आरोप को गलत बताते हुए डीएम को शिकायती पत्र सौंपा है। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने और कथित वीडियोग्राफी दिखाए जाने की मांग की है। गढ़ीपुख्ता क्षेत्र के ग्राम अम्बेहटा रिन्दान निवासी यामीन पुत्र सराजू के नाम घरेलू विद्युत कनेक्शन है। साथ ही उसके घेर में सोलर प्लेट भी लगी हुई है। आरोप है कि 19 अक्टूबर 2023 की रात करीब 3:41 बजे गढ़ीपुख्ता बिजलीघर पर तैनात जेई आशाराम, टीजी-2 कुलदीप शर्मा, लाइनमैन अंकित व अन्य कर्मचारी उसके घेर पर पहुंचे, नाम पूछकर चले गए और बिना कोई जानकारी दिए उसके खिलाफ विद्युत चोरी की एफआईआर दर्ज करा दी। एफआईआर में घेर की वीडियोग्राफी का उल्लेख किया गया है। पीड़ित का कहना है कि नवंबर 2025 में उसे नोटिस प्राप्त हुआ, जिसमें उसके विरुद्ध विद्युत चोरी का मामला दर्शाया गया है, जबकि उसके घर में पहले से सोलर प्लेट लगी है। आरोप है कि उसने कई बार जेई और विजिलेंस थाने से कथित वीडियोग्राफी दिखाने की मांग की, लेकिन दोनों ही स्तरों पर उसे टाल दिया गया। पीडित ने डीएम से मामले में जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है।

### पुण्यतिथि पर स्व. राज नारायाण का स्मरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रखर समाजवादी नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. राजनारायण की पुण्यतिथि के अवसर पर समाजवादी पार्टी द्वारा चौधरी मांगेराम प्रधान के सिलावर स्थित आवास पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सलेक चंद ने हुए कहा कि राजनारायण जी का जन्म काशी के राज परिवार में हुआ, लेकिन उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन अनुसूचित जाति, वंचितों एवं गरीबों के अधिकारों के लिए संघर्ष करते हुए बिताया। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान जेल यात्रा की और आजादी के बाद भी सत्ता के विरोध में खड़े रहकर जनहित की आवाज बुलंद की। समाजवादी अनुसूचित प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सतीश जलालपुर ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए राजनारायण ने भारतीय चिकित्सा पद्धति को सम्मान दिलाने का कार्य किया। साथ ही वर्ष 1957 में उनके संघर्षों के परिणामस्वरूप सार्वजनिक स्थलों से ब्रिटिश शासकों की मूर्तियां हटाने का सफल प्रयास हुआ। कार्यक्रम का संचालन खुशनूद ने किया। मौके पर सुदेश पाल प्रधान, सेवा कुमार, बिट्टू पांचाल, गौरव तरार और मुकेश शर्मा उपस्थित रहे।

### ससुरालियों पर हत्या के प्रयास का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कैराना के मोहल्ला खैलकला निवासी सहरीन ने एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी शादी 21 मार्च 2022 को जावेद पुत्र अब्बास उर्फ बासा, निवासी मोहल्ला आलखुर्द, कैराना से मुस्लिम रीति-रिवाज से हुई थी।

आरोप है कि शादी में मायके पक्ष द्वारा दान-दहेज दिया गया, लेकिन ससुराल वाले उससे संतुष्ट नहीं थे और अतिरिक्त दहेज में कार की मांग करने लगे। असमर्थता जताने पर सहरीन को पहने कपड़ों में ही घर से निकाल दिया गया। 28 नवंबर की सुबह करीब 9:10 बजे, जब वह घर पर अकेली थी, तभी उसका पति जावेद, सास जुनैबा, ननद समा, ननद मुसर्रो और ननदोई सादिक उसके घर आए। बैठने के लिए कहने पर पति ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर सभी आरोपियों ने मिलकर मारपीट की और दुपट्टे से गला घोंटकर जान से मारने की कोशिश की। एसपी के आदेश में महिला थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

# फसाद करना कमाल नहीं माफ करना कमाल हैः मौलाना महमूद मदनी






**फिजूल खर्ची कम कर अपने बच्चों को तालीम के जेवर से नवाजे**
**समाज में फैली बुराइयों को दूर करने व दहेज मुक्त समाज बनाने का करें प्रयास**
**ईमान वाले बनकर जिंदगी गुजारेंगे तो कामयाबी कदम चूमेगी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत के मदरसा जामिया बदरुल उलूम में सालाना जलसे का आयोजन किया गया। जलसे में विश्व प्रसिद्ध धर्मगुरु मौलाना महमूद मदनी ने शिक्षा पर जोर देने के साथ ही फिजूल खर्ची पर अंकुश लगाने और नशे से दूर रहने के साथ ही झगड़े फसाद खत्म करने की अपील की। जलसे में दर्जनों छात्रों की दस्तार बंदी की गई। इस दौरान जल से में हजारों लोग मौजूद रहे।

बुधवार को क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत के मदरसा जामिया बदरुल उलूम में सालाना जलसा का आयोजन किया गया जलसों को खिताब करते हुए विश्व प्रसिद्ध धर्मगुरु मौलाना महमूद मदनी ने फरमाया कि आज के समय में गमी और खुशी में ऐसी रस्मों को अंजाम दिया जाता है जो इस्लाम के खिलाफ है। हम सब लोगों को मिलकर समाज को दहेज मुक्त बनाना होगा। फिजूल खर्ची पर हो रहे सूरत ए हाल पर काबू पाना बहुत जरूरी है। देश में करोड़ों ऐसे बच्चे हैं जो माली हालत के चलते तालीम हासिल नहीं कर पा रहे हैं, हम लोग फिजूल खर्ची पर अंकुश लगाकर अपने बच्चों को तालीम के जेवर से नवाज सकते हैं। उन्होंने फरमाया कि फसाद करना कमाल नहीं है, माफ करना कमाल है। उन्होंने जलसे में आए लोगों से आपस के झगड़ों को समाप्त करने की अपील की। जलसे को खिताब करते हुए मौलाना मुफ्ती अफ्फान साहब ने फरमाया कि आज का नौजवान नशे की लत में बुरी तरह से घिर चुका है, हम सब लोगों को समझ में फैली बुराइयों को एकजुट होकर दूर करना होगा। मौलाना अब्दुल मालिक मुगेसी ने फरमाया कि हम लोगों को अपने कामों के साथ ही दीन पर भी मेहनत करनी होगी। हमें तालीमी मैदान में अपने कदम बढ़ाने होंगे, तालीम के रास्ते पर चलने में ही हम सब लोगों की कामयाबी है। सूफी मोइनुद्दीन साहब ने जलसे को खिताब करते हुए फरमाया कि कुरान में आया है कि सबसे बेहतरीन काम वह है जिससे दुनिया में भी भलाई हो और अल्लाह भी खुश हो जाए, अगर हम लोग ईमान वाले बनकर जिंदगी गुजारेंगे तो कामयाबी हमारे कदम चूमेगी। जलसे में 21 छात्रों की दस्तारबंदी की गई।

### चार दर्जन से अधिक वॉलिंटियर व सैकड़ों पुलिस कर्मी रहे तैनात

मदरसा जामिया बदरुल उलूम में आयोजित हुए सालाना जलसे में मदरसे की ओर से चार दर्जन से भी अधिक वॉलिंटियर लगाए गए थे, साथ ही सैकड़ो की संख्या में पीएसी के जवान और पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे पुलिसकर्मी और वॉलिंटियर सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही जलसे में आने वाले लोगों को गाइड कर रहे थे।

जलसे की सदारत हजरत मौलाना मोहम्मद आकिल साहब व निजामत मौलाना मुफ्ती तै"यब साहब ने की। जलसे में विश्व प्रसिद्ध धर्म गुरु मौलाना महमूद मदनी के द्वारा देश में अमन चौन के लिए दुआ कराई गई। इस दौरान मौलाना मुफ्ती इमरान साहब, मौलाना हारून साहब, मौलाना सादिक, कारी दिलशाद, मास्टर शाह आलम, मौलाना तौकीर, मौलाना उमर सहित मुस्लिम समुदाय के हजारों लोग मौजूद रहे।

### जमीयत उलेमा-ए-हिंद जला रही शिक्षा की अलख

मदरसा जामिया बदरुल उलूम के प्रबंधक हजरत मौलाना आकिल साहब ने जलसे में आए आस पास व दूर दराज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि जो लोग माली हालत के चलते अपने बच्चों को शिक्षा हासिल कराने में असमर्थ साबित हो रहे हैं उन लोगों के लिए जमीयत उलेमा ए हिन्द के द्वारा शिक्षा के निशुल्क इंतजाम किए गए हैं। हर क्षेत्र में जमीयत उलेमा ए हिंद के द्वारा शिक्षा को बेहतर कराए जाने की मुहिम चलाई जा रही है।

### झगड़े निपटाने घर घर जाएगी कमेटी

मदरसा जामिया बदरुल उलूम में आयोजित जलसे में विश्व धर्मगुरु मौलाना महमूद मदनी ने जलसे में आए लोगों से अपील की गई थी सभी लोग अपने लड़ाई झगड़े को आपस में बैठकर निपटा लें, झगड़ों को निपटने के लिए उन्होंने हजरत मौलाना आकिल साहब से एक कमेटी बनाकर गांव-गांव में पहुंच कर कमेटी के माध्यम से विवादों को समाप्त कराए।

### थाना प्रभारी सतीश कुमार लगातार करते रहे पेट्रोलिंग

जमीयत उलेमा ए हिंद के सालाना जलसे में आस पास के क्षेत्र व दूर दराज से आए हजारों लोगों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान जाम की स्थिति बनी रही।

थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने सुबह सात बजे से लेकर शाम के छह बजे तक अपनी टीम के साथ गांव गढ़ी दौलत डेरा जमाए रखा, पुलिस के द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जा रही थी, पुलिस ने भारी मशक्कत के बाद जाम में फंसे वाहनों को उनके गंतव्य की ओर रवाना किया।

### अलर्ट मोड पर रही इंटेलिजेंस की टीम

जामिया बदरुल उलूम के सालाना जलसे को लेकर इंटेलिजेंस की टीम पूरी तरह से अलर्ट मोड पर थी। इंटेलिजेंस के सब इंस्पेक्टर अनुराग यादव अपनी टीम के साथ सुबह ही जलसा स्थल पर पहुंच गए थे। इंटेलिजेंस की टीम लगातार जलसे की गतिविधियों पर नजर रख रही थी।

# झिंझाना पुलिस ने अवैध शराब भट्टी का किया पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** बुधवार को शामली पुलिस द्वारा जिले में अवैध शराब के निर्माण, तस्करी और वितरण के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक निर्णायक कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में झिंझाना थाना क्षेत्र में एक सक्रिय अवैध शराब भट्टी को ध्वस्त करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया और शराब बनाने के उपकरण बरामद किए। उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में हुई कार्रवाई पुलिस अधीक्षक, शामली, एन.पी सिंह के विशेष आदेशानुसार चलाए जा रहे इस अभियान में, अपर पुलिस अधीक्षक, शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी, कैराना के पर्यवेक्षण में एक संयुक्त पुलिस टीम ने ग्राम डेरा भगीरथ स्थित एक निजी परिसर पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान वहां एक अवैध शराब की भट्टीचलती हुई पाई गई। पुलिस टीम ने मौके से रामकुमार पुत्र भरत सिंह, निवासी ग्राम डेरा भगीरथ, थाना झिंझाना, शामली को उक्त अवैध कार्य में लिप्त पाकर गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से 40 लीटर अवैध कच्ची शराब शराब बनाने के उपकरण 1 ड्रम, 1 पतीला, 1 स्टील ड्रम, 1 गैस चूल्हा रेगुलेटर एवं पाइप, एच.पी. सिलेंडर आदि सामान बरामद किया है। इसके अलावा, भट्टी में तैयार लगभग 200 लीटर लहन मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। पुलिस रिकॉर्ड केअनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त रामकुमार पहले भी अवैध शराब के मामलों में संलिप्त रहा है। उसके विरुद्ध थाना झिंझाना में आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत पहले भी की मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना झिंझाना पर प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के खिलाफ यह मुहिम निरंतर जारी रहेगी और ऐसे तत्वों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तार करने वाली टीम में मती महिमा चौधरी, आबकारी निरीक्षक, शामली उप निरीक्षक अजयपाल सिंह, हैडकांस्टेबल योगेंद्र कुमार, कांस्टेबल सनोज कुमारहैड कांस्टेबल स्वतंत्र कुमार, कांस्टेबल चेतन शर्मा, कांस्टेबल अक्षय शर्मा आदि रहे।



# इंस्टाग्राम पर हथियारों का प्रदर्शन करने वाले दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अवैध हथियारों के साथ वीडियो व आपत्तिजनक पोस्ट कर भय व आतंक फैलाने के मामले में कैराना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस, चाकू द्धछुराऋ तथा घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार 31 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक एन।पी। सिंह के आदेश पर चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग अभियान के दौरान यह सफलता मिली। अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कैराना के नेतृत्व में कैराना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इंस्टाग्राम पर हथियारों के साथ वीडियो डालकर दहशत फैलाने वाले दो युवकों को धर दबोचा।गिरफ्तार अभियुक्तों में मोनिस पुत्र रियाज, निवासी ग्राम तीतरवाड़ा, कैराना तथा फरमान पुत्र तासिम, निवासी गढ़ी बेसक, थाना सनौली, जनपद पानीपत शामिल हैं।

तलाशी के दौरान मोनिस के पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए, जबकि फरमान के कब्जे से एक अवैध छुरा मिला। इसके अलावा मोनिस से लावा कंपनी का एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया, जिसका इस्तेमाल सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने में किया गया था।पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सोशल मीडिया के माध्यम से कानून-व्यवस्था बिगाड़ने या दहशत फैलाने का प्रयास करने वालों के खिलाफ सख्त अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# सन्नी उर्फ बाबा गैंग पर कसा शिकंजा, आधा दर्जन पर लगी गैंगस्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** संगठित अपराध के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सन्नी उर्फ बाबा गैंग के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत मुक. दमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई जिले में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और कानून-व्यवस्था सु.ढ़ करने की दिशा में अहम मानी जा रही है।

पुलिस के अनुसार, यह गैंग जनपदीय स्तर पर सक्रिय रहकर लंबे समय से लूट, मारपीट, जानलेवा हमले और अवैध हथियारों से जुड़ी गंभीर आपराधिक घटनाओं को अंजाम देता रहा है। प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री ने बताया कि जिलाधिकारी शामली द्वारा अनुमोदित गैंगचार्ट एवं उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर मुकदमा उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।गैंग का सरगना सन्नी उर्फ बाबा पुत्र इन्द्रपाल, निवासी ग्राम किरठल, थाना रमाला, जनपद बागपत बताया गया है। गैंग के अन्य सदस्यों में आकाश उर्फ मेंटल पुत्र इकबाल, चिराग पुत्र ओमप्रकाश उर्फ चन्द्रपाल, पंकज पुत्र राजवीर (निवासी करनाल, हाल निवासी पानीपत), अंशुल उर्फ अंशु पुत्र प्रदीप बाल्मिकी तथा मनीष उर्फ फरिस्ता पुत्र योगेन्द्र के नाम शामिल हैं।पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, इन आरोपियों के खिलाफ थाना कैराना व कांधला में डकैती, लूट, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट से जुड़े कई संगीन मुकदमे पहले से दर्ज हैं। इन्हीं मामलों के आधार पर गैंगचार्ट तैयार कर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से विधिवत अनुमोदन प्राप्त किया गया। प्रभारी निरीक्षक ने स्पष्ट किया कि अभियोग दर्ज कर विवेचना उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार कराई जाएगी। साथ ही गैंग के सदस्यों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाकर आमजन में सुरक्षा का भरोसा मजबूत किया जा सके।

# धूमधाम से मनाया नव वर्ष का उत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका परिषद शामली के सभागार में बुधवार को वर्ष 2025 का विदाई समारोह एवं नववर्ष आगमन के अवसर पर अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नववर्ष के अवसर पर नगर क्षेत्रवासियों के लिए प्रत्येक कार्य में प्रगतिशील रहने का संकल्प लिया गया, वहीं कर्मचारियों को केंद्र सरकार की नमस्ते योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित नमस्ते योजना का उद्देश्य स्वच्छता कर्मियों की सुरक्षा, सम्मान और आजी. विका में सुधार करना है। इसी क्रम में नगर पालि. का परिषद शामली द्वारा वेस्ट पिकर्स के लिए सर्वे कैंप आयोजित किया गया, जिसमें कचरा बीनने वाले, सीवरध्सेप्टिक टैंक सफाई कर्मी एवं जोखिमपूर्ण सफाई कार्य से जुड़े व्यक्तियों का पंजीकरण एवं सर्वे किया गया, ताकि उन्हें योजना के अंतर्गत मिलने वाले लाभों से जोड़ा जा सके। इस अवसर पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार, टीएस योगेश कुमार, जेई हर्षित गर्ग, अनिल कुमार शर्मा, प्रदीप बिडला, लिपिक लक्ष्मण सिंह, शशिकांत पालीवाल, सुनील कुमार बंसल, आजम खान, अरविंद कुमार, साजिद, वसीम मलिक, अनवर, वैभव गर्ग, सुनील कुमार मौजूद रहे।

# जनपद पुलिस के कार्यो की चारों ओर सराहना

**वर्ष 2025 की तरह ही 2026 में भी कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का काम करेगी क्षेत्र की पुलिस टीम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**



एनपी सिंह, पुलिस अधीक्षक (शामली)

**शामली।** वर्ष 2025 में जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराध नियंत्रण तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने की दिशा में अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की गई हैं। शासन की मंशा के अनुरूप निष्पक्ष, पारदर्शी एवं जनहितेशी पुलिसिंग सुनिश्चित की गई है।

1. पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व में संगठित अपराध, गैंगस्टर, हिस्ट्रीशीटर एवं वांछित अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। गंभीर अपराधों में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए गए विशेष अभियानों के दौरान 65 पुलिस कार्यवाही (मुठभेड़) में कुल 87 कुख्यात/वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से 8 अभियुक्तों की दौराने उपचार मृत्यु हुई है जबकि आत्मरक्षार्थ में की गई पुलिस कार्यवाही में 65 अपराधी घायल हुए तथा इस दौरान एक पुलिसकर्मी मृत तथा 5 पुलिसकर्मी घायल हुए। उक्त सभी मामलों में विधिक प्रक्रिया का पूर्ण पालन करते हुए घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया तथा अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

2. हत्या में कुल 23 अभियोग पंजीकृत हुए जिनमें 6 अभियोग अज्ञात में पंजीकृत किए गए थे। सभी 23 मुकदमों का सफल अनावरण कर अभियुक्तगणों को जेल भेजा जा चुका है। लूट के कुल 9 अभियोग पंजीकृत हुए है जिनमें से 9 अभियोगों का सफल अनावरण किया जा चुका है। चोरी के कुल 204 अभियोग पंजीकृत हुए है जिनमें से 177 अभियोगो का सफल अनावरण एवं अभियुक्तगण की गिरफ्तारी कर अपराधियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिससे अपराधियों में भय एवं आमजन में विश्वास की भावना बढ़ी।

3. पुलिस उप महानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र महोदय के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा के क्रम में कुल 166 अभियोग पंजीकृत हुए है जिनमें 257 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 1612 किलो 129 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (अनुमा. नित कीमत 14,26,10,006 रूपए) बरामद किए गए है।

4. 14 अभियुक्तों के विरूद्ध पिट एनडीपीएसध्एनएसए, 19 अभियोगों में 80 अभियुक्तों के विरूद्ध गैंगस्टर व 285 अभियुक्तों के विरूद्ध गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गई है। 5. गैंगस्टर की धारा 14 (1) के अन्तर्गत 02 प्रकरणों में 36 करोड़ की समपत्ति जब्त की गई है। 6. वर्ष 2025 में जनपदीय पुलिस द्वारा 675 मोबाइल फोन (कीमत करीब 1 करोड़ 15 लाख रूपये) बरामद किए गए है।

7. महिला एवं बाल सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महिला अपराधों एवं पॉक्सो मामलों में संवेदनशीलता के साथ शीघ्र विवेचना सुनिश्चित की गई। महिला हेल्प डेस्क एवं शिकायत निस्तारण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाया गया। 8. मिशन शक्ति केन्द्र के अन्तर्गत जनपद के 09 थानों में मिशन शक्ति केन्द्र स्थापित किए गए है। जिनके द्वारा 1361 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें 66,349 महिलाओं को जागरूक किया गया तथा 52,126 सरकारी योजनाओं व हेल्पलाइन से सम्बन्धित पम्पलेट वितरित किए गए। 9. यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु विशेष अभियान चलाए गए। ट्रैफिक पुलिस एवं ट्रैफिक वार्डनों के समन्वय से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी। वर्ष 2024 में 270 दुर्घटनाओ के सापेक्ष 289 दुर्घटनाए हुई जिनमें वर्ष 2024 में 162 मृत्युओ के सापेक्ष 2025 में 144 मृत्यु हुई।

10. वर्ष 2025 में ऑपरेशन कन्वेक्शन के तहत 568 अभियोगों में कुल 784 अभियुक्तों को सजा कराई गई है जिनमें 17 अभियुक्तो को आजीवन कारावास, 07 अभियुक्तो को 20 वर्ष का कारावास, 12 अभियुक्तों को 10 वर्ष या 10 वर्ष से अधिक परन्तु 20 वर्ष से कम का कारावास तथा 516 अभियुक्तो को 07 वर्ष से कम का कारावास की सजा कराई गई है।

11. साइबर अपराधों की रोकथाम एवं त्वरित निस्तारण हेतु विशेष प्रयास किए गए तथा साइबर हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायतों का समयबद्ध समाधान कराया गया। साइबर अपराध में कुल 1728 प्रकरणों में गई धनराशि 3,08,99,836 रूपए में से 1,32,73,040 रूपए (करीब 43 प्रतिशत) की धनरा. शि वापस कराई गई है।

12. पुलिस अधीक्षक द्वारा नियमित जनसुनवाई के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए, जिससे पुलिस.जन संवाद सु.ढ़ हुआ।

13. पर्व-त्योहारों, मेलों एवं सार्वजनिक आयोजनों के दौरान प्रभावी पुलिस प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कर सभी कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया गया।

14. जनसुनवाई पोर्टल IGRS में माह सितम्बर में जनपद की 51 वी रैकिंग थी जिसमें सुधार करते हुए माह अक्टूबर व माह नवम्बर में जनपद शामली का प्ळैै में प्रथम स्थान रहा है।

# फाइनेंस कर्मचारी पर धनराशि गबन करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर में संचालित समस्ता फाइनेंस लिमिटेड कंपनी के एक कर्मचारी पर कंपनी व ग्राहकों की धनराशि गबन करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में शाखा प्रबंधक की ओर से पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराकर कार्यवाही की मांग की है। शाखा प्रबंधक अनूप सिंह पुत्र सतीश कुमार निवासी नागल ने शहर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आईआईएफएल समस्ता फाइनेंस लिमिटेड एक पंजीकृत वित्तीय संस्था है, जो ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में सूक्ष्म एवं लघु ऋण प्रदान करती है। शामली जनपद के भागीरथ विहार कॉलोनी में कंपनी की एक शाखा संचालित है। आरोप है कि कंपनी की शामली शाखा में बीटीओ पद पर तैनात रहे कर्मचारी मोहम्मद आमिर खान पुत्र रफाकत खान, निवासी गांव चौबारा, पोस्ट फतेहपुर, सहारनपुर ने अपने पद का दुरूपयोग करते हुए ग्राहकों से ऋण की किस्तों की धनराशि वसूल की, लेकिन उसे कंपनी के खाते में जमा नहीं कराया। कंपनी की ऑडिट टीम द्वारा किए गए निरीक्षण में यह तथ्य सामने आया कि आरोपी कर्मचारी ने विभिन्न तिथियों में ग्राहकों से 34,242 रूपए अपने मोबाइल नंबर पर एनपीसीआई के माध्यम से प्राप्त किए, जबकि 5 लाख 38 हजार 879 रूपए नगद के रूप में वसूले गए। इस प्रकार कुल 5 लाख 73 हजार 121 रूपए की धनराशि कंपनी के खाते में जमा न कर गबन किया। शाखा प्रबंधक के अनुसार आरोपी कर्मचारी से कई बार संपर्क करने पर उसने जल्द धनराशि जमा करने का आश्वासन दिया, लेकिन आज तक पैसा जमा नहीं किया गया। अब आरोपी द्वारा फोन पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। बताया गया कि मोहम्मद आमिर खान की कंपनी में नियुक्ति 27 नवंबर 2023 को हुई थी और उसने 20 जून 2025 को कंपनी छोड़ी, लेकिन इसके बाद भी ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी की गई। पुलिस ने शाखा प्रबंधक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कातिलाना हमले का वांछित आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पुलिस के मुताबिक विगत 4 मार्च को ग्राम इस्सोपुर खुरगान निवासी असलम पुत्र रसीद ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गांव के ही इन्सार पुत्र मेहंदी हसन ने अपने साथियों के साथ उसके घर में घुसकर गाली-गलौज की और लाठी-डंडों से मारपीट की। इसी दौरान बीच-बचाव को पहुंचे उसके भाई अफसर और भतीजी साईस्ता पर आरोपियों ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया था। इस मामले में थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह के आद. ेश पर चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग अभियान के दौरान, अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के नेतृत्व में कैराना पुलिस ने मंगलवार की रात कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त इस्तकार पुत्र मेहंदी हसन उर्फ मोसीन निवासी ग्राम इस्सोपुर खुरगान को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री ने बताया कि घटना में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक जितेंद्र त्यागी, हेड कांस्टेबल बबलू कुमार और कांस्टेबल विपिन पोसवाल शामिल रहे।





# बुधवार को चली सर्द हवाओं ने लोगों को घरों में किया कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शीत लहर का प्रकोप लगातार बरकरार है। पिछले दो दिनों से शीत लहर के चलने से लोगों को खासा परेशानियों का सामना करना पड रहा है। बुधवार को दोपहर दो बजे के करीब सूर्यदेव जरूर दिखे, लेकिन धूप की तपिश न के बराबर रही। लोग ठंड से बचाव को आलाव, रूम हीटर व गर्म कपडों का सहारा लेने को मजबूर है। सर्द हवाओं में लोगों की कंपकंपी बंधी हुई है।

पिछले एक सप्ताह से भीषण ठंड का प्रकोप बना हुआ है। बुधवार को दिनभर सूर्यदेव के दर्शन न होने से ठंड और ज्यादा बढ गई है। हालाकि दोपहर दो बजे पांच दिनों के बाद कुछ देर के लिए हल्की धूप निकली, लेकिन धूप की में तपिश न होने से धूप का कोई असर नही हुआ। आसमान में बादल छाए रहने से मौसम का तापमान भी लगातार गिरने लगा रहा है। गत सप्ताह जो तापमान 20 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया जा रहा था, वह गिरकर मंगलवार को 15 डिग्री सैल्सियस तक पहुंच गया। रात्रि के समय 8 डिग्री सैल्सियस तापमान दर्ज किया गया। सवेरे से देर शाम तक सर्द हवाओं के चलने से ठंड ने भीषण रूप धारण कर लिया है। सवेरे आसमान में कोहरा छाया रहा तो दिनभर आकाश में बादल छाए रहे। सूर्यदेव के दर्शन नाममात्र हो हुए। लोगों ने घरो में रहकर ही ठंड से निजात पाने की कोशिश की, लेकिन करीब 35 किलोमीटर प्रति घंटा से चलने वाली सर्द हवाओं के कारण अलाव और गर्म कपडे में भी लोगों के शरीर में कंपकंपी बंधी रही। लोग आलाव, रूम हीटर के सहारे बैठे रहे, लेकिन वहां भी शरीर में ठिठुरन बनी रही। नव वर्ष को लेकर बाजारो में निकलने वाली टॉलियों पर भी सर्द हवाओं का असर देखने को मिला। आधी रात मनाए जाने वाले कार्यक्रम समय से पहले ही खत्म हो गए थे। देर रात तक बंद होने वाले बाजार जल्दी बंद हुए और शाम होते होते लोग अपने घरों में दुबक गए।

# नप अधिकारियों पर मनमाने ढंग से लागू करने का लगाया आरोप

**शामली।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कांधला नगर पालिका परिषद क्षेत्र में भवन-भूमिकर के स्वत: निर्धारण की प्रक्रिया को लेकर डीएम के नाम एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपा। व्यापार मंडल ने नगर पालिका अधिकारियों पर मनमाने ढंग से कर लागू करने का आरोप लगाते हुए प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि नगर पालिका कांधला के पूर्व अधिशासी अधिकारी एवं कर अधीक्षक द्वारा नवनिर्वाचित पालिका अध्यक्ष की कार्यालई प्रक्रियाओं से अपरिचित होने की स्थिति का लाभ उठाते हुए भवन-भूमिकर को मनमाने तरीके से लागू करने का प्रयास किया गया है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि संगठन नगर के विकास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए पालिका की आय बढ़ाने के पक्ष में है, लेकिन कर निर्धारण स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि सड़क की चौड़ाई के आधार पर कर निर्धारण में अतिरिक्त स्लैब जोड़े जाएं। इस अवसर पर ईश्वर दयाल कंसल, कांत जैन, गुणपाल जैन आदि मौजूद रहे।

# विद्युत उपभोक्ताओं ने प्रथम चरण में छूट का लिया लाभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बिजली बिल राहत योजना के प्रथम चरण में 12 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ लिया है। जबकि पांच सौ से अधिक बिजली चोरी के मामलों में उपभोक्ताओं ने योजना में राहत पाई। एक जनवरी (आज) से योजना का द्वितीय चरण शुरू होगा।

सांपला मार्ग स्थित बिजलीघर पर विद्युत निगम की ओर से शिविर लगाया गया। इसमें उपभोक्ताओं ने बिजली बिल राहत योजना के लिए पंजीकरण कराया। निगम के अधिशासी अभियंता मृत्युंजय शाही ने बताया कि प्रथम चरण में 12 हजार से अधिक सामान्य उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ उठाया है। जबकि बिजली चोरी के मामलों में 510 उपभोक्ताओं ने छूट हासिल की है। उन्होंने बताया कि एक जनवरी से 31 जनवरी तक योजना का दूसरा चरण चलेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से आह्वान किया है कि प्रदेश सरकार की बिजली बिल राहत योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। साथ ही यह भी कहा कि जिन उपभोक्ताओं पर बिजली चोरी के मामले दर्ज हैं और उन्होंने अभी तक योजना में पंजीकरण नहीं कराय है, उनके खिलाफ कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी।



# हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा खिचरी उत्सव

**देवबन्द।** सिद्धपीठ श्री राधावल्लभ मंदिर में खिचरी उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस दौरान जहां ठाकुरजी को प्रतिदिन प्रात: खिचरी किशमिश, दाल, चिरौंजी, पिस्ता और विभिन्न प्रकार के मेवो की मीठी खिचड़ी का भोग लगाया जाता है। वहीं ठाकुरजी की प्रतिदिन की वेशभूषा भी आकर्षण का केंद्र होती है।

मोहल्ला कायस्थवाड़ा स्थित श्री राधावल्लभ मंदिर के सेवादार : गोस्वामी श्रीहित शिरोमणि लाल जी महाराज गोस्वामी श्रीहित नितिन लाल जी महाराज ने बताया कि श्रीराधाबल्लभ मंदिर में प्रतिदिन प्रात: से ही ठाकुर जी शाक्ति स्वरूपा श्री जी प्रतिदिन नित्य नये वेष मे प्रकट होते हैं। बताया कि ठाकुरजी कभी मीरा के वेष में में मो कभी गंवालो और शंकर के वेष में श्रद्धालुओं के सामने आते हैं। ठाकुरजी को आकर्षक वेशभूषा में दर्शन कर श्रद्धालु श्रद्धापूवर्क झुमने लगते हैं। बताया इस दौरान प्रतिदिन सुमंगल गान संगीतमय रसिया समाज द्वारा प्रतिदिन आयोजित किया जाता है। श्रद्धालुओ प्रतिदिन मंदिर जाकर दर्शन लाभ प्राप्त करते है। बताया कि यह प्रात: काल का विशेष आकर्षण होता है जिसके उपरांत श्रद्धालु खिचरी का प्रसाद ग्रहण करते है। श्रीराधाबल्लभ मंदिर सेवादार गोस्वामी श्रीहित आचार्य नवनीत लाल जी शशि, श्रीहित विनोद महाराज, श्रीहित मुदित महाराज, श्रीहित अंकित महाराज, श्रीहित वंश महाराज, श्रीहित दर्श महाराज, श्रीहित नितेश महाराज, श्रीहित प्रियाशु महाराज, श्री विवान महाराज सहित अरुण कुमार गोयल एड. अमित कुमार गोयल एड., अनु अरोडा और संजय अरोडा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।






# दारूल उलूम ने लिया नए वर्ष पर बड़ा निर्णय

## बाहरी छात्रों को अरबी की कक्षा एक से तीन तक की कक्षाओं में नहीं मिलेगा प्रवेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विश्व विख्यात इस्लामिक शिक्षण संस्था दारुल उलूम ने नए वर्ष की शुरुआत में बड़ा निर्णय लिया है। संस्था में अब बाहरी छात्रों को अरबी कक्षा एक से तीन तक की कक्षाओं में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। जबकि स्थानीय छात्रों के लिए इसमें छूट रखी गई है। शिक्षा व्यवस्था को मजबूर और व्यवस्थित करने के लिए दारुल उलूम प्रबंधन ने अहम फैसला लिया है। संस्था की एकेडमिक काउंसिल (अकादमिक परिषद) ने बैठक के बाद निर्णय लिया है कि संस्था में अरबी की छोटी कक्षाओं में बाहरी छात्रों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इस संबंध में शिक्षा प्रभारी मौलाना हुसैन हरिद्वारी ने बताया कि दारुल उलूम में अरबी कक्षा एक से अरबी कक्षा तीन तक के बाहरी छात्रों को प्रवेश नहीं मिलेगा, उन्हें शुरुआती पढ़ाई अपने पुराने और स्थानीय मदरसों में ही पूरी करनी होगी, जबकि इसके बाद वह संस्था में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से मदरसों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जा रहा है कि इन कक्षाओं में पढ़ने वाले छात्रों को बेहतर तालीम दी जाए, इसके बाद उन्हें दारुल उलूम में प्रवेश के लिए भेजा जाए। लेकिन उसके बावजूद इस गंभीरता से नहीं लिया गया। संस्था में प्रवेश की व्यवस्था होने के कारण छोटी कक्षाओं के छात्र दारुल उलूम का रुख करते हैं। इसमें बहुत समय लगता है, जबकि यहां प्रवेश न मिलने की वजह से यह छात्र वापस पुराने मदरसों में भी नहीं पहुंचते। इसलिए सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि अरबी कक्षा एक से कक्षा तीन तक के बाहरी छात्रों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। मौलाना हुसैन हरिद्वारी ने बताया कि इस नई व्यवस्था में देव. बंद के छात्रों, संस्था के उस्ताद व कर्मचारियों के बच्चों के लिए छूट रखी गई है।



## षडयंत्र रचने पर दो भाईयों का चालान

**हल्दौर।** ग्राम अम्हेड़ा में करीब तीन माह पूर्व ग्राम के ही नवाजिश (25 वर्ष) पुत्र अकबर का फतेह अली शाह बाबा के उर्स मेले के दौरान कुछ युवकों से विवाद हुआ था, जिसमें मारपीट की घटना भी सामने आई थी। ग्रामीणों का कहना है कि उस समय संभ्रांत लोगों के हस्तक्षेप से मामला शांत करा दिया गया था। इसके बावजूद दोनों पक्षों के बीच तनाव बना हुआ था।

गत दो दिसंबर की शाम करीब नौ बजे नवाजिश अपने नए घर से पैदल घर लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम के मदरसे के पास उसे गोली लगने की सूचना मिली। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे उपचार के लिए बिजनौर ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया। प्रारंभिक तौर पर पीड़ित पक्ष के भाई सलीम की तहरीर पर ग्राम निवासी वाजिद पुत्र मुश्ताक, सलीम पुत्र हनीफ व वसीम उर्फ बाला पुत्र अनीस के खिलाफ गोली मारकर जानलेवा हमला करने समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। हालांकि, पुलिस द्वारा जांच सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घायल के भाई द्वारा गोली मारने के तथ्य मिले।

## प्लाट पर अवैध कब्जे का प्रयास

**नहटौर।** मौहल्ला अफगानान निवासी मौहम्मद शुऐब पुत्र मौहम्मद फारूख ने दिए शिकायती पत्र में कहा कि हल्दौर रोड पर उनका एक प्लाट है। वर्ष 1997 में उसने बैनामा कराया था। तभी से उसका कब्जा चला आ रहा है। मंगलवार-बुधवार की रात को उक्त प्लाट पर बाउंड्रीवाल को कुछ लोगों ने तोड़ दिया। उक्त प्लाट पर अवैध कब्जे का प्रयास करने की नियत से ऐसा किया गया है। बाउंड्रीवाल तोड़ने से उसका काफी नुकसान हो गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि इस मामले में जांच की जा रही है।





## द्वारिकेश शुगर मिल ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**नगीना।** तहसील सभागार में बुंदकी स्थित द्वारिकेश शुगर मिल ने एक कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम विजय शंकर रहे। उन्होंने अपने संबोधन में शुगर मिल के इस सामाजिक कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्य लगातार होते रहने चाहिए ताकि जरूरतमंदों को मदद मिलती रहे। द्वारिकेश शुगर मिल के अधिकारियों ने बताया कि यह कार्यक्रम ठंड से बचाव के लिए पात्र लोगों को कंबल वितरित करने हेतु आयोजित किया गया था।

# साल के अंतिम दिन कई सरकारी कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

- **डीआईओएस कार्यालय में हुआ विदाई समारोह**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के वरिष्ठ सहायक सुशील कुमार वर्मा और राजकीय जिला पुस्तकालय में कार्यरत प्रदीप कुमार कौशिक को सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में कर्मचारियों ने बधाई दी। इस अवसर पर डीआईओएस राजेश श्रीवास ने भी दोनों कर्मचारियों के स्वस्थ रहने की कामना की।

सुशील कुमार वर्मा व प्रदीप कुमार कौशिक के सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में डीआइओएस ने कहा कि राजकीय सेवा में आप दोनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विभाग आपके प्रति अपना आभार और सम्मान व्यक्त करता है। कार्यक्रम के संचालक डॉ रणवीर सिंह ने कहा कि दोनों ही साथियों ने अपनी सेवा में पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य किया।

इस दौरान राजकीय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष संदीप कौशिक ने कहा कि आप दोनों के द्वारा स्थापित किए। इस दौरान एसोसिएट डी आईओएस सुभाष चन्द, आशीष द्विवेदी, विनोद कुमार, भारत शर्मा, भुवन कुमार, कपिल कुमार, मनीष भाटिया, आशुतोष सिंह, अनुतोष कुमार, एहसान अली, नारायण शर्मा, प्रमोद शर्मा, अमित शिकारिया, अजय कटियार, आदि उपस्थित रहे।




## नव वर्ष पर युवाओं ने मनाया जशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नववर्ष 2026 के आगमन पर शहर भर में उल्लास और उमंग का माहौल देखने को मिला। होटल, रेस्टोरेंट और सार्वजनिक स्थलों पर लोग परिवार व दोस्तों के साथ जशन मनाते नजर आए, जबकि युवाओं की टोलियां देर रात तक नाचते-गाते नए साल का स्वागत करती रहीं।

शहर के विभिन्न रेस्टोरेंटों और होटलों में न्यू ईयर पार्टी का आयोजन किया गया। बुढ़ाना रोड स्थित रेस्टोरेंट, कैराना रोड स्थित राजमहल, होटल सुखचौन, ऑर्चिड रेस्टोरेंट, होटल विराज, माजरा रोड स्थित ग्रांड बिस्ट्रो तथा हनुमान रोड स्थित मिलन पॉइंट रेस्टोरेंट में केक काटकर एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दी गईं। डिस्को नाइट, डीजे और लाइव म्यूजिक पर युवा देर रात तक झूमते रहे। कई स्थानों पर ग्राहकों को लुभाने के लिए विशेष ऑफर भी दिए गए। परिवार के लोगों ने एक साथ बैठकर भोजन किया और जमकर मस्ती की। कई होटलों में पारिवारिक खेलों का भी आयोजन किया गया था। इसके अलावा नववर्ष पर गिफ्ट शॉप्स और फूलों की दुकानों पर भी खासी भीड़ रही। पत्नी और मित्रों को उपहार देने के लिए गुलाब की विशेष मांग रही, जो 30 से 80 रूपए तक बिके। महंगाई के बावजूद लोगों ने उत्साहपूर्वक खरीदारी की। बाजारों में नव वर्ष को देखते हुए जमकर खरीदारी की गई और एक दूसरे को उपहार भेट किए गए।नववर्ष के मौके पर पूरे शहर में उत्सव और आस्था के साथ-साथ सुरक्षा का संतुलित माहौल देखने को मिला। नववर्ष को लेकर कई युवाओं की टोलियां हिल स्टेशन कश्मीर, सोनमार्ग, गुलमार्ग, शिमला, मसरी, मनानी आदि स्थानों पर पहुंचकर बर्फबारी का आनंद लिया। वही सर्दी के प्रकोप को देखते हुए कुछ युवाओं की टोलियां राजस्थान में जयपुर, उदयपुर, जेसलमेर घूमने के लिए पहुंची। जहां से युवाओं ने सोशल मीडियां पर अपनी फोटो भी अपलोड की है। युवाओं की टोलियों में पहुंचे रजत निर्वाल, रोहित कुमार, शिवम बंसल, आशीष बंसल, अनुज कुमार, अमन आदि ने बताया कि वह हर वर्ष नए साल का जशन मनाने के लिए बाहर जाते है।

# किरतपुर में तालाब की जमीन पर बना मॉल

## दुकाने लेने के लिए रकम अदा कर चुके दुकानदारों व निवेशकों में हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर के बस स्टैंड पर वर्षो पुराने तालाब की भूमि पर बने मॉल को लेकर जिला प्रशासन, संबंधित विभागों तथा मॉल में दुकानें लेने के लिए बड़ी रकम अदा कर चुके दुकानदारों व निवेशकों में उस समय हड़कंप मच गया, जब जिलाधिकारी द्वारा स्वयं निर्माण को अवैध माना गया।

प्रशासनिक स्तर पर यह स्वीकार किया गया है कि जिस भूमि पर मॉल का निर्माण किया गया है, वह तालाब की श्रेणी में आती है। इसके बावजूद न केवल निर्माण कार्य पूरा कराया गया, बल्कि दुकानों की खुलेआम बिक्री भी होती रही। अब अवैध निर्माण की स्वीकारोक्ति के बाद संभावित ध्वस्तीकरण की आशंका ने सैकड़ों निवेशकों को गहरी चिंता में डाल दिया है।

दुकानदारों का कहना है कि उन्होंने सभी कागजात और कथित स्वीकृतियों के आधार पर अपनी जीवनभर की जमा पूंजी निवेश की। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि यदि मॉल को ध्वस्त किया गया, तो लाखों-करोड़ों रुपये का नुकसान आखिर कौन वहन करेगा?

जब जिलाधिकारी द्वारा मॉल की जगह को तालाब माना गया, तो निर्माण के दौरान जिला प्रशासन और संबंधित विभागों ने समय रहते हस्तक्षेप क्यों नहीं किया? स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि प्रारंभिक चरण में ही निर्माण पर रोक लगा दी जाती, तो न सार्वजनिक तालाब नष्ट होता और न ही निर्दोष निवेशकों की पूंजी खतरे में पड़ती। अब पूरे मामले में संबंधित विभागों की भूमिका संदेह के घेरे में आ गई है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश भर में तालाब, पोखर, झील व अन्य जलस्रोतों पर अवैध कब्जे हटाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश कई बार जारी किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने साफ कहा है कि जलस्रोतों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इतना ही नहीं, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) भी अपने कई आदेशों में यह स्पष्ट कर चुका है कि तालाब, झील और अन्य जलस्रोतों को पाटकर किया गया कोई भी निर्माण पर्यावरण कानूनों का उल्लंघन है और ऐसे निर्माणों को हटाया जाना अनिवार्य है। वहीं सुप्रीम कोर्ट भी ऐतिहासिक फैसलों में यह साफ कर चुका है कि तालाब और जलस्रोत सार्वजनिक संपत्ति हैं, जिन्हें व्यावसायिक उपयोग में नहीं बदला जा सकता। कोर्ट के अनुसार जलस्रोतों का संरक्षण संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत नागरिकों के जीवन के अधिकार से जुड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री, NGT और सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेशों के बावजूद किरतपुर बस स्टैंड पर तालाब की भूमि पर बने मॉल को लेकर अब तक ठोस कार्रवाई न होना, प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। लोगों का कहना है कि क्या उच्च स्तर के आदेश सिर्फ कागजों तक सीमित रह गए हैं?

यह भी सवाल उठ रहे हैं कि निर्माण की अनुमति किस स्तर पर और किन परिस्थितियों में दी गई, तथा क्या नियमों की अनदेखी जानबूझकर की गई। नागरिकों और निवेशकों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच, दोषी अधिकारियों की जवाबदे. ही तय करने और अवैध अनुमति देने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

जिलाधिकारी द्वारा निर्माण को अवैध मानने के बावजूद अब तक कोई स्पष्ट कार्ययोजना या ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है, जिससे दुकानदारों व निवेशकों में भय और असमंजस का माहौल बना हुआ है।

इस संबंध में जिला प्रशासन से आधिकारिक प्रतिक्रिया लेने का प्रयास किया गया, किंतु समाचार लिखे जाने तक प्रशासनिक पक्ष प्राप्त नहीं हो सका।



## नहर के पुल पर लूट

**किरतपुर।** निकटवर्ती गांव भरैकी निवासी आसिफ पुत्र अब्दुल वहीद के साथ लूट की घटना सामने आई है। आसिफ फेरी लगाने का काम करता है। जानकारी के अनुसार वह कल शाम करीब 8 बजे गांव लावलपुर से गुनियापुर की ओर जा रहा था। जब वह गांव में स्थित नहर के पुल पर पहुंचा, तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार चार युवकों ने उसे रोक लिया और उससे 7,000 रूपए की नगदी व एक मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही नजीबाबाद क्षेत्राधिकारी और थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी जुटाई। नव नियुक्त थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। आरोपी कही भी चले जाएं बच नहीं पाएंगे।

## राजा गजंफर अली को खिराजे अकीदत

**किरतपुर।** मुस्लिम फंड की शाखा भोजपुर में पूर्व अध्यक्ष व पूर्व राज्य मंत्री राजा गजंफर अली को ग्यारहवीं बरसी पर उन्हें खिराज अकीदत पेश की गई। मुस्लिम फंड शाखा में कुरान ख्वानी कराकर उन्हें इसाले सवाब पहुंचाया गया, उनके किए गए योगदान को हमेशा याद किया जाता रहेगा। शाखा प्रबंधक शहाब अथर खां ने आयोजित सभा में कहा कि राजा गजंफर अली आज हमारे बीच नहीं रहे, परन्तु उनकी याद आज भी हमारे दिल में है। इस मौके पर कारी सरफराज, हाफिज फुरकान, हाफिज रिजवान, अब्दुल सत्तार, इमरान अंसारी, दिलशाद, राशिद खां, कामरान यूसुफ, सलीम मलिक और मदरसे के बच्चे शामिल रहे।

# 20 साल बाद कोटरा रजवाहा फिर होगा शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र में लंबे समय से बंद पड़ा कोटरा रजवाहा अब पुन: अपने पुराने स्वरूप में नजर आएगा। लगभग दो दशक पहले निर्मित यह रजवाहा किसानों के लिए सिंचाई का अहम साधन था, लेकिन समय के साथ विभिन्न स्थानों पर अवरोध पैदा होने के कारण यह पूरी तरह बंद हो गया था। अब क्षेत्रीय विधायक के हस्तक्षेप और सिंचाई विभाग की पहल से रजवाहे को पुनर्जीवित करने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार करीब 20 वर्ष पूर्व धामपुर क्षेत्र में बढ़ती गर्मी और सिंचाई संकट को देखते हुए कोटरा रजवाहे का निर्माण कराया गया था। इसका उद्देश्य आसपास के खेतों तक नियमित रूप से पानी पहुंचाकर किसानों को लाभ देना था। रजवाहे की कुल लंबाई लगभग 21 किलोमीटर बताई जा रही है, लेकिन किसानों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर किए गए अवरोधों के चलते यह केवल 14 किलोमीटर तक ही प्रभावी रह सका, बाद में पूरी तरह निष्क्रिय हो गया।

बताया गया कि कई बार प्रयासों के बावजूद स्थानीय स्तर पर अवरोध नहीं हट पाए, जिससे वर्षों तक किसान सिंचाई सुविधा से वंचित रहे। हाल ही में क्षेत्रीय विधायक के हस्तक्षेप के बाद पूर्वी गंगा नहर निर्माण खंड-6 के अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू की। बुधवार को धामपुर क्षेत्र में हवन-पूजन के साथ कोटरा रजवाहे के पुनर्निर्माण कार्य की विधिवत शुरुआत की गई।

शिखर स्कूल परिसर में बने अवरोध को अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर हटाने का कार्य प्रारंभ कराया। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रजवाहे की खुदाई और सफाई का कार्य तेजी से कराया जा रहा है।

विधायक ने कहा कि रजवाहा चालू होने से धामपुर क्षेत्र के हजारों किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे भीषण गर्मी में जलस्तर गिरने की समस्या भी कम होगी। सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार, सरकार द्वारा इस रजवाहे के निर्माण पर पहले करीब 600 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे, लेकिन अवरोधों के कारण इसका पूरा लाभ किसानों को नहीं मिल पाया। अब इसे पूरी तरह चालू कर किसानों तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। अधिकारियों ने दावा किया कि यदि मौसम और परिस्थितियां अनुकूल रहीं तो मई माह के अंत तक रजवाहा पूरी तरह चालू कर दिया जाएगा। इस मौके पर सिंचाई विभाग के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



## स्टाफ नर्स पर अभद्र व्यवहार का आरोप

**हल्दौर।** नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य द्वार पर आशा कार्यकर्ताओं ने जच्चा-बच्चा केंद्र में तैनात एक स्टाफ नर्स पर अभद्र व्यवहार के आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। आशा कार्यकर्ताओं ने मामले की शिकायत मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) से करने की चेतावनी दी। सीएचसी के जच्चा-बच्चा केंद्र में संविदा पर तैनात स्टाफ नर्स प्रीति पर आरोप है कि वह प्रसव के दौरान आशा कार्यकर्ताओं के साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करती है। ग्राम नवादा तुल्ला में तैनात आशा कार्यकर्ता प्रियंका ने बताया कि नर्स द्वारा कई बार आशा कार्यकत्रियों के साथ दुर्व्यवहार किया गया है, जिससे कार्य करने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। आशा हेल्थ वर्कर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश राज्य परिषद, लखनऊ से जुड़ी जिलाध्यक्ष संगीता के नेतृत्व में उषा देवी, नीतू शर्मा, गुलशन, मंशा देवी, कविता देवी, ममता चौधरी सहित अन्य आशा कार्यकर्ताओं ने सीएचसी के मुख्य द्वार पर नर्स के खिलाफ रोष प्रकट किया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि नर्स का तबादला नहटौर किया जा चुका है। इसके बावजूद वह यहां कार्यरत है और उनका व्यवहार लगातार आपत्तिजनक बना हुआ है। प्रदर्शन के दौरान आशा कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो वे सीएमओ कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराएंगी। इस संबंध में सीएचसी प्रभारी डॉ. जितेंद्र कुमार ने बताया कि स्टाफ नर्स प्रीति की मूल तैनाती चांदपुर क्षेत्र की है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### प्रो रेसलिंग लीग 2026 के लिए नीलामी शनिवार को

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) द्वारा स्वीकृत भारत की प्रमुख फ्रेंचाइजी-आधारित पेशेवर कुश्ती लीग, प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्लूएल), अपने बहुप्रतीक्षित पांचवें सीजन की औपचारिक शुरुआत करने जा रही है। लीग ने आधिकारिक खिलाड़ी नीलामी की तारीख 3 जनवरी 2026 (शनिवार) घोषित कर दी है। नीलामी से पहले, लीग ने उन छह फ्रेंचाइजी के नामों का भी खुलासा किया है जो पीडब्लूएल 2026 में प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह छह वर्षों के अंतराल के बाद लीग की वापसी की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव है। आगामी सीजन फाइव में प्रतिस्पर्धा करने वाली छह फ्रेंचाइजी हैं। हरियाणा थंडर्स, टाइगर्स ऑफ मुंबई डांगल्स, पंजाब रॉयल्स, महाराष्ट्र केसरी, दिल्ली डांगल वॉरियर्स और यूपी डॉमिनेटर्स।

### तीन शतकों के साथ बड़ौदा ने बनाया 417/4 का स्कोर

**राजकोट, वार्ता।** अमित हरिराम पासी (127), नित्य पंड्या (122) और कप्तान क्रुणाल पंड्या (नाबाद109) की शतकीय पारियों के दम पर बड़ौदा ने बुधवार को विजय हजारे ट्राफी एलीट ग्रुप बी मुक.ाबले में हैदराबाद के खिलाफ चार विकेट पर 417 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। यहां हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बड़ौदा के लिए नित्य पांड्या और अमित हरिराम पासी की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 230 रन जोड़े। 30वें ओवर में ए वरुण ने अमित को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। अमित ने 93 गेंदों में 12 चौके और सात छक्के उड़ाते हुए 127 रनों की पारी खेली।

# कार्लसन ने 9वां टाइटल जीता

**मैग्नस कार्लसन ने रिकॉर्ड बनाया, भारतीय ग्रैंडमास्टर एरिगैसी को कांस्य पदक मिला**



**दोहा, वार्ता।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने यहां वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपने शानदार कैंपेन का अंत किया, जबकि वर्ल्ड नंबर 1 मैग्नस कार्लसन ने रिकॉर्ड नौवां वर्ल्ड ब्लिट्ज टाइटल जीता।

22 साल के एरिगैसी को सेमीफाइनल में युवा उज्बेक ग्रैंडमास्टर नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव से 2-5-0-5 से भारी हार के बाद ब्रॉन्ज मेडल से ही संतोष करना पड़ा। इस हार के बावजूद, यह मेडल भारतीय खिलाड़ी के लिए एक बड़ी कामयाबी थी, जिन्होंने इस हफ्ते की शुरुआत में रैपिड चैंपियनशिप में भी ब्रॉन्ज मेडल जीता था, और विश्वनाथन आनंद के बाद ओपन कैटेगरी में वर्ल्ड ब्लिट्ज मेडल जीतने वाले दूसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए। भारतीय खिलाड़ी ने लीग स्टेज में शानदार 15 पॉइंट्स के साथ टॉप किया था, जिसमें उन्होंने अपने आखिरी छह गेम में से चार जीते और दो ड्रॉ किए, और अकेले लीडर बने। लेकिन, वह सेमीफाइनल में शुरुआती मौकों को भुना नहीं पाए, और सफेद मोहरों से दबाव बनाने के बावजूद पहला गेम हार गए। अब्दुसत्तोरोव ने फिर एक लंबे एंडगेम मुकाबले के बाद दूसरा गेम जीतकर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली, और फिर जल्दी से ड्रॉ करके फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। टाइटल मुक.ाबले में, मैग्नस कार्लसन ने एक बार फिर इस फॉर्मेट में अपनी बादशाहत दिखाई, अब्दुसत्तोरोव को 2-5-1-5 से हराकर दो दिन पहले हासिल किए गए रैपिड गोल्ड मेडल में नौवां वर्ल्ड ब्लिट्ज क्राउन जोड़ा।

# गिल, राहुल व जडेजा विजय हजारे ट्रॉफी खेलेंगे

● **इन खिलाड़ियों ने अपनी उपलब्धता के बारे में अपने राज्य संघों को सूचित कर दिया है**




**नई दिल्ली, वार्ता।** नए साल में विजय हजारे ट्रॉफी में और भी स्टार पावर आने वाली है। इंटरनेशनल खिलाड़ी शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा और केएल राहुल घरेलू 50 ओवर के टूर्नामेंट के लिए अपनी-अपनी राज्य टीमों में शामिल होंगे, जबकि राष्ट्रीय टीम अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज की तैयारी कर रही होगी। क्रिकबज इस बात की पुष्टि कर सकता है कि इन खिलाड़ियों ने अपने अनिवार्य घरेलू प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए वीएचटी के लिए अपनी उपलब्धता के बारे में अपने राज्य संघों को सूचित कर दिया है। टेस्ट और वनडे कप्तान गिल से उम्मीद है कि वह पंजाब के लिए 3 और 6 जनवरी के मैच खेलेंगे, जो उन दिनों जयपुर में सिक्किम और गोवा से भिड़ेंगे। पंजाब, जो ग्रुप सी में पावरहाउस मुंबई के साथ है, तीन मैचों में दो जीत के साथ चौथे स्थान पर है।

उन्हें जल्द ही भारतीय टीम में शामिल होने के लिए राज्य टीम छोड़नी होगी, जिसके 7-8 जनवरी को बड़ौदा में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे (11 जनवरी) के लिए इकट्ठा होने की उम्मीद है। पता चला है कि जडेजा ने सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन को बताया है कि वह 6 और 8 जनवरी को सर्विसेज और गुजरात के खिलाफ मैच खेलेंगे। सौराष्ट्र टीम फिलहाल कर्नाटक के अलूर में अपने लीग मैच खेल रही है। उन्होंने तीन मैचों में एक जीत हासिल की है और आठ टीमों के ग्रुप में छठे स्थान पर हैं, जिसमें ऋषभ पंत की दिल्ली टीम भी शामिल है। कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन तुरंत यह पुष्टि नहीं कर सका कि राहुल कौन से मैच खेलेंगे, लेकिन सूत्रों से पता चला है कि उनके 3 और 6 जनवरी को अहमदाबाद में त्रिपुरा और राजस्थान के खिलाफ मैच खेलने की संभावना है। कर्नाटक ग्रुप ए में तीन मैचों में 100 प्रतिशत जीत के रिकॉर्ड के साथ दूसरे स्थान पर है। इस बीच, मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने कन्फर्म किया है कि यशस्वी जायसवाल जयपुर पहुंच गए हैं और उम्मीद है कि वह बुधवार (31 दिसम्बर) को गोवा के खिलाफ मुंबई का मैच खेलेंगे। जायसवाल कुछ समय के लिए बीमार थे और उन्हें पहले तीन मैच छोड़ने पड़े थे, और यह लेफ्ट-हैंडेड ओपनर गोवा के खिलाफ मैच में खेल सकते हैं। मुंबई ग्रुप सी में तीन जीत के साथ टॉप पर है। रोहित शर्मा से लेकर विराट कोहली और पंत तक, जयादातर इंटरनेशनल खिलाड़ी, जसप्रीत बुमराह को छोड़कर - विजय हजारे ट्रॉफी (वीएचटी) में अपनी घरेलू जम्मिेदारियों को पूरा करने के लिए आए हैं, जिसमें भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने हिस्सा लेना जरूरी कर दिया है। बुमराह एक खास मामला हैं क्योंकि बीसीसीआई देश के मुख्य गेंदबाज पर ज्यादा वर्कलोड डालने से बच रहा है।

# गौस ने वाईपर्स को ILT टी-20 फाइनल में पहुंचाया

● **एंड्रीज गौस ने 58 गेंदों में 120 रनो की नाबाद पारी खेली, गौस ने नौ छक्के और सात चौके लगाए**

**अबू धाबी, वार्ता।** एंड्रीज गौस की 58 गेंदों में 120 रन की नाबाद पारी ने डेजर्ट वाइपर्स को आईएल टी20 फाइनल में पहुंचा दिया, क्योंकि उन्होंने मंगलवार को अबू धाबी में पहले क्वालीफायर में एमआई अमीरात को 45 रनों से हरा दिया।

गौस, जिन्होंने नौ छक्के और सात चौके लगाए, ने फखर जमान के साथ पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड 157 रनों की साझेदारी की, जिससे वाइपर्स ने 233/1 का बड़ा स्कोर बनाया। एमआई अमीरात, टॉम बैंटन (27 गेंदों में 63 रन) की अच्छी शुरुआत और आखिर में रोमारियो शेफर्ड की तेज पारी के बावजूद, 7 विकेट पर 188 रन ही बना पाई, जिससे वाइपर्स ने एक शानदार जीत हासिल करके लगातार दूसरी बार आईएल टी20 फाइनल में जगह बनाई। फजलहक फारूकी के खिलाफ सतर्क शुरुआत के बाद, गौस और फखर जल्दी ही जम गए, आसानी से स्ट्राइक रोटेट करते रहे और वाइपर्स को बल्लेबाजी करने के लिए कहा गया तो उन्होंने अपने शॉट्स खेलने शुरू कर दिए।

पांचवें ओवर में शेफर्ड को 20 रन पड़े, जिसमें गौस ने दो छक्के और एक चौका लगाया। वाइपर्स ने पावरप्ले में 47 रन बनाए और बीच के ओवरों में बाउंड्री लगने लगीं, क्योंकि दोनों बल्लेबाजों ने ओवरपिच या छोटी गेंदों पर प्रहार किया, जिससे वाइपर्स का शतक 11 ओवर के अंदर पूरा हो गया और साझेदारी आईएल टी20 इतिहास में सबसे बड़ी ओपनिग साझेदारी बन गई। यह साझेदारी आखिरकार तब टूटी जब फखर 69 रन बनाकर एएम गजनफर का शिकार हुए, जिससे 16वें ओवर में गेंदबाजों को कुछ राहत मिली। लेकिन तब तक, गौस ने पूरी तरह से नियंत्रण कर लिया था। उन्होंने साफ-सुथरे सीधे हिटिग और दमदार पुल शॉट्स के मिश्रण से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। उनका शतक सिर्फ 58 गेंदों में आया, जिससे वह लीग के नॉकआउट चरणों में शतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। अमीरात के गेंदबाजों को डेथ ओवरों में गेंदबाजी करने में मुश्किल हुई, उन्होंने लगातार फुल टॉस गेंदें फेंकी जो स्टैंड्स या गैप्स में चली गईं। 19वें ओवर में 22 रन बने, जब गौस ने शेफर्ड की गेंदों पर दो छक्के और एक चौका लगाकर वाइपर्स को 200 रन के पार पहुंचाया। सैम करन ने यह सुनिश्चित किया कि मोमेंटम और भी बढ़े, क्योंकि उन्हें सेट होने में कोई समय नहीं लगा, उन्होंने सिर्फ 12 गेंदों में 38 रन बनाए। इसमें आखिरी ओवर में जहूर खान की गेंदों पर दो छक्के और दो चौके शामिल थे, क्योंकि आखिरी दो ओवरों में 44 रन बने, जिसमें गौस-करन की जोड़ी ने सिर्फ 25 गेंदों में 76 रन बनाए।

एमआई अमीरात ने इरादे के साथ पीछा करना शुरू किया, मुहम्मद वसीम ने पहली गेंद से ही तेजी से रन बनाए और बार-बार लेग-साइड की बाउंड्री पार की। आंद्रे फ्लेचर उस गति से तालमेल बिठाने में संघर्ष करते दिखे और जल्दी आउट हो गए, लेकिन बैंटन ने एक तूफानी जवाबी हमले से पीछा जारी रखा। क्लीन पुल शॉट्स को निडर लॉफ्टेड स्ट्रोक्स के साथ मिलाकर, बैंटन ने 21 गें.दों में अर्द्धशतक बनाया, और वसीम के साथ एक तेज साझेदारी की जिसने कुछ समय के लिए विश्वास जगाया। आधे मैच तक,एमआई अमीरात 104/1 पर ट्रैक पर लग रही थी, लेकिन हर शांत ओवर के साथ आस्किग रेट बढ़ता गया।

# दीप्ति शर्मा टी-20 में सबसे अधिक विकेट लेने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी

● **दीप्ति ने श्रीलंका में नीलाक्षिका सिल्वा को आउट कर मेगन शट के 151 विकेटों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा**



**तिरुवनंतपुरम, वार्ता।** ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में महिला और पुरुष वर्ग दोनों में सबसे अधिक विकेट लेने वाली पहली भारतीय गेंदबाज बन गई है। दीप्ति ने मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ खेले गए पांचवें अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में नीलाक्षिका सिल्वा को आउट कर मेगन शट के 151 विकेटों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। उन्होंने 2016 में पर्दापण के बाद से 133 मैचों में अपना 152वां टी-20 विकेट लेकर यह मुकाम हासिल किया।

इसी के साथ दीप्ति ने ऑस्ट्रेलिया की तेज गें.दबाज मेगन शट के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इस सूची में पाकिस्तान की निदा डार 144 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर हैं। रवांडा की हेनरीट इशिम्वे 117 मैचों में 144 विकेट के साथ चौथे तथा इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन 101 मैचों 142 विकेट के साथ पांचवें स्थान पर है। इस उपलब्धि के साथ ही दीप्ति शर्मा महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने के झूलन गोस्वामी के रिकॉर्ड के करीब पहुंच रही हैं। दीप्ति के पास (टेस्ट में 20, एकदिवसीय में 162 और टी-20 में 152 विकेट) सहित कुल 334 विकेट हैं, जबकि गोस्वामी ने (टेस्ट में 44, एकदिवसीय में 255, टी-20 में 56 विकेट) कुल 355 विकेट के साथ सबसे आगे हैं। इंग्लैंड की कैथरीन साइवर-ब्रंट 335 विकेट के साथ दीप्ति से ठीक आगे हैं।

# आईसीसी ने ईडन गार्डन्स पिच को 'संतोषजनक' बताया

**दुबई, वार्ता।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स पिच को संतोषजनक रेटिंग दी है। इस मैदान पर 14 नवम्बर से भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट खेला गया था, और मैच तीन दिनों के अंदर खत्म हो गया, जिसमें भारत को मेहमान टीम से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, सतह की कोई निंदा नहीं हुई। यह बिल्कुल वैसी ही पिच थी जिसकी हम तलाश कर रहे थे। यह बिल्कुल वैसी ही पिच है और मुझे लगता है कि क्यूरेटर बहुत, बहुत मददगार थे। और हम बिल्कुल यही चाहते थे। और हमें बिल्कुल यही मिला। जब आप अच्छा नहीं खेलते हैं, तो ऐसा ही होता है कि भारत के कोच गौतम गंभीर ने अपनी टीम के 30 रनों से हारने के बाद कहा था, जब वे 124 रनों का पीछा करने में नाकाम रहे। हालांकि, बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने गुवाहाटी पहुंचने पर गंभीर की बात का खंडन किया। जो दूसरे टेस्ट का स्थान था, उन्होंने कहा कि कोई भी कोलकाता जैसी पिच नहीं चाहता था। पिच ने पहले दिन से ही तेज टर्न दिया, और दक्षिण अफ्रीका के ऑफ-स्पिनर साइमन हार्मर को मैच में 51 रन देकर आठ विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। हालांकि, भारतीय स्पिनर वैसा प्रभाव नहीं डाल पाए, जिससे शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम को चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा। सौरव गांगुली ने ऐसी सतह चुनने के लिए भारतीय टीम मैनेजमेंट की आलोचना की। पूर्व भारतीय कप्तान को लगा कि टीम में इतनी प्रतिभा है कि वह अत्यधिक सहायता वाली पिचों के बजाय खेल के लिए अच्छी पिचों पर सफल हो सकती है। उन्होंने कहा कि अच्छी विकेटों पर खेलें। मुझे उम्मीद है कि गौतम गंभीर सुन रहे होंगे। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं। लेकिन उन्हें अच्छी विकेटों पर खेलना चाहिए। क्योंकि उनके पास (जसप्रीत) बुमराह, (मोहम्मद) सिराज, (मोहम्मद) शमी, कुलद.ीप (यादव) और (रवींद्र) जडेजा हैं। गुवाहाटी में दूसरा और आखिरी टेस्ट काफी बेहतर पिच पर खेला गया, और मैच पूरे पांच दिन चला।

## वर्षों तक कोमा में रहने के बाद पूर्व क्रिकेटर अक्षु फर्नांडो का निधन

**कोलंबो, वार्ता।** दुर्घटना के बाद कई वर्षों तक कोमा में रहने के बाद मंगलवार को श्रीलंका के पूर्व अंडर-19 क्रिकेटर अक्षु फर्नांडो का निधन हो गया। समुद्री तट पर अभ्यास के बाद फर्नांडो 28 दिसम्बर 2018 को दक्षिणी कोलंबो के माउंड लाविनिया में रेलवे ट्रैक को पार करते समय एक ट्रेन की चपेट आकर गंभीर रूप से घायल होने के बाद वह अधिकांश समय लाइफ सपोर्ट पर ही रहे। 27 वर्षीय दाएं हाथ के प्रतिभाशाली बल्लेबाज फर्नांडो जब ट्रेन से दुर्घटनाग्रस्त हुए थे उस समय उनके करियर ने अपनी उड़ान ही भरी थी। दुर्घटना से कुछ सप्ताह पहले ही उन्होंने रगामा क्रिकेट क्लब के लिए प्रथम श्रेणी में अपना पहला शतक बनाया था। उस समय वह अपनी ऑफ स्पिन पर भी काम कर रहे थे। सीनियर लेवल पर उन्होंने सात बार 50 से अधिक

# काम्या साउथ पोल तक स्कीइंग करने वाली सबसे कर उम्र की भारतीय बनीं

**काम्या ने 89 डिग्री दक्षिण से शुरू करके साउथ पोल तक लगभग 115 किमी. का सफर तय किया**




**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय नौसेना के एक अधिकारी की 18 साल की बेटी काम्या कार्तिकेयन ने साउथ पोल तक स्कीइंग करके इतिहास रच दिया है। वह यह कारनामा करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय और दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की महिला बन गई हैं। काम्या ने 89 डिग्री दक्षिण से शुरू करके, अपने पूरे एक्सपेडिशन का सामान ले जा रही स्लेज को खींचते हुए, स्कीइंग करते हुए ज्योग्राफिक साउथ पोल तक पैदल लगभग 115 किमी का सफर तय किया।

उन्होंने 27 दिसम्बर को यह मुश्किल अभियान पूरा किया। इस शानदार उपलब्धि को हासिल करने के लिए उन्होंने अंटार्कटिका की मुश्किल परिस्थितियों का सामना किया, जिसमें तापमान माइनस 30 डिग्री सेल्सियस तक गिरना और तेज तूफानी हवाएं शामिल थीं। उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए भारतीय नौसेना ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारतीय नौसेना काम्या कार्तिकेयन, जो एक नौसेना अधिकारी की 18 वर्षीय बेटी और नेवी चिल्ड्रन्स स्कूल की पूर्व छात्रा हैं, को बधाई देती है, जिन्होंने साउथ पोल तक स्कीइंग करके सबसे कम उम्र की भारतीय और दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की महिला बनकर एक बार फिर इतिहास रचा है।

नौसेना ने आगे कहा कि काम्या माइनस 30 डिग्री सेल्सियस के कठोर मौसम और तूफानी हवाओं का सामना करते हुए, अपने पूरे एक्सपेडिशन के सामान से भरी स्लेज को खींचते हुए, लगभग 60 नॉटिकल मील (लगभग 115 किमी) पैदल चलकर 27 दिसम्बर को साउथ पोल पर पहुंचीं। बारहवीं कक्षा की छात्रा काम्या, प्रतिष्ठित एक्सप्लोरर्स ग्रैंड स्लैम को पूरा करने का प्रयास कर रही हैं, जिसमें सभी सात महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर चढ़ना और नॉर्थ और साउथ पोल दोनों जगह स्कीइंग करना शामिल है। इससे पहले, उन्होंने सेवन समिट्स चैलेंज पूरा किया था और नेपाल की तरफ से माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय और दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की महिला बनीं।

उनकी पर्वतारोहण उपलब्धियों में माउंट किलिमंजारो (अफ्रीका), माउंट एल्ब्रस (यूरोप), माउंट कोसियसको (ऑस्ट्रेलिया), माउंट एकॉनकागुआ (दक्षिण अमेरिका), माउंट डेनाली (उत्तरी अमेरिका), माउंट एवरेस्ट (एशिया), और माउंट विसन (अंटार्कटिका) पर चढ़ाई शामिल है। काम्या 24 दिसम्बर को अपने पिता, भारतीय नौसेना के कमांडर एस कार्तिकेयन के साथ माउंट विसन की चोटी पर पहुंचीं, ताकि साउथ पोल स्की अभियान शुरू करने से पहले सेवन समिट्स चैलेंज पूरा कर सकें। उनकी असाधारण यात्रा की सराहना करते हुए भारतीय नौसेना ने कहा कि उनकी उपलब्धि निश्चित रूप से उनकी पीढ़ी के कई लोगों को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। उन्हें नॉर्थ पोल तक स्कीइंग के अंतिम पड़ाव को लेकर 'स्वच्छ हवा और साफ आसमान' की शुभकामनाएं।

# क्रिकइंफो टीम ऑफ द ईयर में बावुमा, स्टार्क, कोहली व रॉड्रिग्स

● **2025 की पुरुष टीम में ट्रैविस हेड, केएल राहुल, बावुमा (कप्तान) शुभमन गिल, रूट, एलेक्स केरी (विकेटकीपर), जडेजा, मार्को यानसन, मिचेल स्टार्क, साइमन हार्मर और मोहम्मद सिराज शामिल**

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्या किसी फॉर्मेट में महज चार मैच खेलकर भी साल की सर्वश्रेष्ठ टीम में जगह बनाई जा सकती है? अगर उन्हीं चार मैचों में आपने अपने देश को उसका पहला विश्व खिताब दिलाया हो। साथ ही अगर उसी दौरान एक ऐतिहासिक और लगभग अभूतपूर्व क्लीन स्वीप भी हुआ हो। और यह सब आपकी कप्तानी में, आपके निर्णायक योगदान के साथ हुआ हो। तो फिर इस पर क्यों ही सवाल उठे। टेम्बा बावुमा साउथ अफ्रीका के डब्ल्यूटीसी खिताब जीतने के बाद ईएसपीएन क्रिकइंफो की 2025 की टेस्ट टीम ऑफ द ईयर की कप्तानी करेंगे। वहीं उनकी महिला समकक्ष लॉरा वुलफॉर्ट महिला वनडे टीम की कप्तान चुनी गई हैं। इस टीम में भारत की विश्व कप विजेता टीम के चार खिलाड़ी भी शामिल हैं।

2025 की पुरुष टेस्ट टीम: ट्रैविस हेड, केएल राहुल, टेम्बा बावुमा(कप्तान), शुभमन गिल, जो रूट, एलेक्स केरी (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, मार्को यानसन, मिचेल स्टार्क, साइमन हार्मर, मोहम्मद सिराज, बावुमा के चार मैचों में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और कोलकाता में भारत के खिलाफ खेला गया टेस्ट शामिल था। दोनों मैचों की दूसरी पारी के उनके अर्द्धशतक अहम थे। इन मौकों पर दबाव के बीच आए उनके रन टीम के लिए निर्णायक साबित हुए। बावुमा की तरह साइमन हार्मर ने भी साल में सिर्फ चार टेस्ट खेले, लेकिन 30 विकेट लेकर उनमें से तीन मैचों में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की जीत की पटकथा लिखी। मार्को यानसन का असर गुवाहाटी में भारत के खिलाफ सीरीज जिताने वाले टेस्ट में साफ दिखा, जहां उन्होंने 93 रन बनाए और 48 रन देकर छह विकेट लिए। इसी प्रदर्शन के दम पर उन्हें सीम गेंदबाज ऑलराउंडर की जगह मिली। इस तरह टीम में दक्षिण अफ्रीका के तीन खिलाड़ी शामिल हैं, लेकिन कुल नतीजों के बावजूद सबसे जडादा प्रतिनिधित्व भारत का है। शुभमन गिल 2025 में टेस्ट क्रिकेट के सबसे जडादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे, जबकि केएल राहुल और रवींद्र जडेजा भी आंकड़ों की सूची में ऊपर रहे। मोहम्मद सिराज की रफ्तार और निरंतर प्रभाव ने उन्हें विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों में से एक स्थान दिलाया। सिराज के साथ गें.दबाजी आक्रमण की अगुवाई उस इकलौते खिलाड़ी ने की, जिसने 2025 में उनसे जडादा विकेट लिए। मिचेल स्टार्क हमारे स्टाफ के बीच एकमात्र सर्वसम्मत चयन रहे। वह साल में 50 से जडादा टेस्ट विकेट लेने वाले एकमात्र गें.दबाज भी थे। ट्रैविस हेड और एलेक्स केरी एशेज में शानदार प्रदर्शन के बाद स्टार्क के साथ टीम में शामिल हुए। हेड को पारी की शुरुआत की जिम्मेदारी दी गई है। जो रूट बल्लेबाजी क्रम को पूरा करते हैं। यह हमारी टेस्ट टीम ऑफ द ईयर में उनकी लगातार पांचवीं मौजूदगी है।

2025 की महिला वनडे टीम: स्मृति मंधाना, लॉरा वुलफॉर्ट (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, मरिजान काप, एश्ले गार्डनर, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), नादीन डी क्लार्क, फातिमा सना, अलाना किग, सोफी एक्लस्टन

इस कैलेंडर वर्ष का सबसे बड़ा आयोजन महिला वनडे विश्व कप रहा। हमारी चुनी गई इलेवन में शामिल सात खिलाड़ी फाइनल खेलने वाली भारत और दक्षिण अफ्रीका से हैं।

2025 में वनडे क्रिकेट में सबसे जडादा रन बनाने वाली दो बल्लेबाज स्मृति मंधाना और वुलफॉर्ट ओपनिग करेंगी। दोनों के नाम 1100 से जयादा रन रहे। 976 रन बनाने वाली प्रतीका रावल को जगह न मिल पाना दुर्भाग्यपूर्ण रहा। मंधाना के साथ बल्लेबाजी क्रम में विश्व कप विजेता टीम की जेमिमा रॉड्रिग्स और विकेटकीपिग की जम्मिेदारी संभालने वाली ऋचा घोष शामिल हैं। ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा भी इस टीम का हिस्सा हैं। वह विश्व कप की प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहीं और साल की सबसे जडादा विकेट लेने वाली गेंदबाज भी थीं। दक्षिण अफ्रीका की ओर से मरिजान काप और नादिन डी क्लर्क इस इलेवन में अन्य दो खिलाड़ी हैं। दोनों ने विश्व कप में भी और पूरे साल बल्ले और गेंद दोनों से अहम योगदान दिया।

एश्ले गार्डनर मिडिल ऑर्डर को मजबूती देती हैं। उन्होंने 2025 में दस पारियों में 530 रन बनाए। इनमें विश्व कप में लगाए गए दो शानदार शतक भी शामिल हैं। अलाना किग ग्प में शामिल दूसरी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं। गार्डनर, किग और दीप्ति के साथ स्पिन आक्रमण की धार सोफी एक्लस्टन बढ़ाएंगी।

फातिमा सना इस दशक में हमारी किसी भी महिला टीम ऑफ द ईयर में जगह बनाने वाली पहली पाकिस्तानी खिलाड़ी बन गई हैं।

2025 की पुरुष वनडे टीम: रोहित शर्मा (कप्तान), मैथ्यू ब्रीट्जके, विराट कोहली, जो रूट, शाई होप (विकेटकीपर), ग्लेन फर्लिप्स, मिचेल सैंटनर, आदिल राशिद, जोफ्रा आर्चर, मैट हेनरी, जेडन सील्स

रोहित शर्मा और विराट को.हली हमारी 2025 की पुरुष वनडे टीम ऑफ द ईयर में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं।भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की थी। रोहित को कप्तान चुना गया है।

# राशिद खान करेंगे टी-20 विश्वकप में अफगानिस्तान की कप्तानी

**काबुल, वार्ता।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को कहा कि राशिद खान आगामी टी-20 विश्व कप में 15 सदस्ईय राष्ट्रीय टीम की कप्तानी करेंगे। चयनकर्ताओं ने कंधे की चोट से उबर चुके नवीन-उल-हक को राष्ट्रीय टीम में जगह दी है वहीं गुलबदीन नायब भी आगामी टी-20 विश्व कप के लिए टीम में लौट आए हैं। नवीन ने आखिरी टी-20 मैच दिसम्बर 2024 में खेला था। जिम्बाब्वे सीरीज के लिए अफगानिस्तान टीम का हिस्सा रहे शराफुद्दीन अशरफ, फरीद अहमद मलिक, बशीर अहमद और एजाज अहमद अहमदजई को टीम से बाहर कर दिया गया। विश्व कप के लिए अफगानिस्तान को ग्रुप डी में रखा गया है, जिसमें उनके अलावा



न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, यूएई और कनाडा भी हैं। उनका अभियान आठ फरवरी को चेन्नई में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होगा। विश्व कप से पहले यह 15 खिलाड़ियों की टीम 19 जनवरी से यूएई में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज खेलेगी। अफगानिस्तान टीम: राशिद खान (कप्तान), नूर अहमद, अब्दुल्ला अहमदजई, सेदिकुल्लाह अटल, फजलहक फारूकी, रहमानुल्लाह गुरबाज, नवीन उल हक, मोहम्मद इशाक,

# नए साल को लेकर एसएसपी ने चलाया चेकिंग अभियान

## एसपी क्राइम, अधिनस्थ अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर ली यात्रियों की तलाशी



**डॉग स्क्वायड और खूफिया विभाग भी रहा मौजूद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नये साल को लेकर पूरे जनपद में चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग अभियान के दौरान जनपद के पुलिस मुखिया संजय कुमार वर्मा, एसपी क्राइम, सक्रिल अफसर व पुलिस की टीम क्षेत्र में नजर आई। इस दौरान डॉग स्क्वायड की मदद ली गई और खूफिया विभाग भी मौजूद रहा।

संदिग्ध गतिविधियां जांचने के लिए लोगों की तलाशिया ली गई और आने जाने वाले लोगों से बात. चीत की गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा रेलवे स्टेशन पर पहुंचे उन्होने बस स्टैण्ड, प्रमुख बाजारों और भीड वाले क्षेत्र में तथा सार्वजनिक स्थलों पर तलाशी व चैकिंग अभियान चलाया।

उन्होने रेलवे स्टेशन और बस स्टैण्ड पर यात्रियों के सामान की जांच कराई और डॉग स्क्वायड ने रेलवे प्लेटफार्म प्रतिक्षालय और बस परिसर में सर्च ऑपरेशन किया। इस दौरान पुलिसकर्मी अलग-अलग टुकडियों में संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करते हुए रजर आए। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट आदेश दिए कि नए साल के अवसर पर किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए।

उन्होने जनपदभर की पुलिस को गश्त करने और चैकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होने नागरिकों से भी अपील करते हुए कहा कि संदिग्ध लोगों ओर संदिग्ध वस्तु की जानकारी पुलिस को दे जिससे किसी भी घटना से निपटने के लिए पुलिस को कोई ज्यादा भागदौड न करनी पडी। इस दौरान शहर के होटल और रेस्टोरेंट पर नववर्ष पर विशेष सजावट की गई थी जहां देर रात तक संगीत की धून पर लो नाचते गाते रहे। रात्रि तक शराब के ठेकों पर भी भीड़ दिखाई पड़ी।

# बीबीपुर में छेड़छाड़ को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**कई लोग घायल, नई मंडी पुलिस से शिकायत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी क्षेत्र के गांव बीबीपुर में दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर हुई कहासुनी मारपीट में बदल गई। जिसमें दोनो पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और दोनो पक्षों की महिलाओं के बीच भी मारपीट हुई। इस मामले में कई लोग घायल हो गए है। दोनो पक्षों का यह मामला नई मंडी कोतवाली पहुंचा तो दोनो ने एक दूसरे पर आरोप- प्रतियारोप लगाए। पुलिस ने दोनो पक्षों की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

बताया जाता है कि मंगलवार की शाम ग्राम बीबीपुर में दो पक्षों के बीच मामूली सी कहासुनी में गाली गलौच व मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान हंगामा उस वक्त खडाहो गया जब दोनो ही पक्षों की महिलाएं एक दूसरे पर मारपीट पर उतारू हो गई। यहां पर काफी देर तक अफर-तफरी का माहौल रहा कुछ देर बादयही मामला नई मंडी कोतवाली पहुंचा। आरोप था कि दोनो पक्षों की ओर से लाठी-डंडे चले जिसमें कई लोग घायल हो गए। सूचना के बाद मौके परपहुंची पुलिस ने दोनो पक्षों के घायलों की डॉक्टरी कराई। इस मामले का संज्ञान सीओ मण्डी ने लिया है। पुलिसने दोनो पक्षों द्वारा दी गई आरोप-प्रत्यारोप की तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## कातिलाना हमले के दो आरोपी हुए गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** मीरांपुर पुलिस ने ग्राम सिकंदरपुर में जानलेवा हमले के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था।

सिकंदरपुर निवासी नजमुद्दीन व शमुसुदीन और तय्यब पर आरोप लगाया गया था कि इन्होने महिलाओं पर जानलेवा हमला किया जिससे वह घायल हो गई है पुलिस ने दी गई तहरीर के आधार पर इस मामले का मुकदमा दर्ज कर लिया था इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए भागदौड शुरू की। मीरांपुर पुलिस ने बताया कि मुकदमे में नामजद नजमद्दीन और समसुदीन को गिरफ्तार कर लिया गया है।



मुजफ्फरनगर: डीएम कार्यालय के बाहर पॉल विवाद सुलझाते व्यापारी व किसान नेता।

# डीएम कार्यालय पर पंचायत में सुलझा यूनिपॉल विवाद

## दबंगों के आगे झुक कर रेशू ने यूनिपॉल किया दान, फजीहत से बचाई जान

**चौधरी चरण सिंह जयंती से चल रहा था दोनो पक्षों के बीच विवाद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह पर यूनीपॉल को लेकर शुरू हुआ विवाद बुधवार को समाप्त हो गया। जिलाधिकारी कार्यालय पर जाट महासभा के प्रदर्शन के दौरान उद्यमी सत्यप्रकाश रेशू ने व्यापारी नेता संजय मित्तल और अशोक कंसल के साथ पहुंचकर यूनीपाल चौक देने के लिए घोषणा कर दी है। इस मामले को लेकर कई दिन से दोनों ओर से विवाद चल रहा था, लेकिन आज की घोषणा के बाद इस मामले पर विराम लग गया है। बता दें कि दो दिन पूर्व सत्यप्रकाश रेशू ने मीडिया के समक्ष बोलते हुए यह आरोप लगाये थे। जिसके बाद उद्यमी रेशू और दूसरे पक्ष के बीच बातो के हमले बढ गये थे। इसके बाद डीएम कार्यालय में विवाद सुलझाने के लिए पूरा घटनाक्रम हुआ। बता दें कि सरकुलर रोड स्थित रेशू चौक का नामकरण पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के नाम पर किया गया था। जयंती पर हुए कार्यक्रम के बाद यहां मौजूद लोगों और उद्यमी सत्यप्रकाश रेशू के बीच कहासुनी हुई थी। रेशू ने दो दिन पूर्व मीडिया बुलाकर कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाये थे। उन्होंने कहा था कि कुछ लोग यूनीपॉल पर कब्जा करना चाहते है, यहीं नही अन्य गंभीर भी आरोप लगाये थे। रेशू द्वारा मीडिया के समक्ष दिये गये बयान के बाद जाट महासभा और रालोद से जुडे लोगों ने कडी आपत्ति जताई थी और उद्यमी सत्यप्रकाश रेशू पर बातो की बोछार कर दी थी। यहीं नही उनके यूनीपॉल को लेकर भी कई सवाल उठाये थे। जाट महासभा के अध्यक्ष धर्मवीर बालियान के नेतृत्व में जाट महासभा के लोग बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन किया। व्यापारी नेता संजय मित्तल और पूर्व विधायक अशोक कंसल ने इस विवाद को निपटारे के लिए शुरूआत की। दोनों नेताओं ने उद्यमी रेशू को लेकर डीएम कार्यालय पहुंचे और दोनों पक्षों के बीच बातचीत कराते हुए इस विवाद को खत्म कराया। जहां पर उद्यमी रेशू ने यूनिपॉल चौक के लिए उनके समर्पित करने की घोषणा कर दी। इसके बाद यहां प्रदर्शन कर रहे लोगों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने चौधरी चरण सिंह के चौक के लिए भी कहा कि वह इसमें उनके साथ हैं। यह मामला मीडिया के समक्ष आकर भी समाप्त कराया गया।

## कैबिनेट मंत्री के सामने रखी समस्याएं

**नजीबाबाद।** कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर से जनपद बिजनौर के कार्यकर्ताओं ने मुलाक. ात कर उनके सामने जनपद की समस्याएं रखी। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के सुप्रीमो व उत्तर प्रद. ेश सरकार में पंचायती राज अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज बोर्ड के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर में बिजनौर जनपद के प्रभारी रणवीर सिंह निराला के नेतृत्व में बिजनौर जनपद के एक प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ में उनके सरकारी आवास पर मुलाकात कर जनपद की तमाम जनहित की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया।




## शहर के कई स्थानों पर फर्जी डॉक्टर और फर्जी अस्पतालों की भरमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वैसे तो चिकित्सकों को भगवान का रूप मानाजाता है, लेकिन कुछ फर्जी डॉक्टरों को लेकर इस पेशे को लेकर फजीहत हो रही है।

लोग फर्जी तरीके से अस्पताल चला रहे है और फर्जी डिग्रियां लेकर भी मरीजों का इलाज कर उनकी जिन्दगी से खिलवाड किया जा रहा है। यह पूरे शहर में कई स्थानों पर देखा जा सकता है कि मर्ज कोई भी हो उनके फर्जी अस्पताल में हर चीज का इलाज उपलब्ध है। यहां तक की प्रसव पीडा के बाद महिला का ऑपरेशन और महिला व पुरूष की किसी भी बीमारी का ऑपरेशन का यहां ठेका लिया जाता है।जिनके पास डिग्रिया है वह तो मरीजों पर न तो कोई पेसे की लूट खसौट करते है और नही कोई फर्जी आश्वासन दिया जाता है।













## बुल्डोजर कार्यवाही के विरोध में भूख हड़ताल

**मुजफ्फरनगर।** तितावी थाना क्षेत्र के गांव खेडी दूदाधारी निवासी सोहनलाल प्रजापति के मकान पर बुल्डोजर चलाए जाने के विरोध में भारतीय अति पिछडा वर्ग संघर्ष मोर्चा ने कचहरी परिसर स्थित जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इस दौरान पीड़ितपरिवार की ओर से भूख हडताल की गई। आदोलन का नेतृत्व मोहन प्रजापति ने किया। मोहन प्रजापति ने आरोप लगाया कि नवंबर माह में ग्राम प्रधान, लेखपाल और तितावी थाना प्रभावी ने मिलकर किसी भी सूचना दिए बगैर सोहनलाल प्रजापति का मकान गिरा दिया था। इस मामले में 22 दिसम्बर को जिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन दिया गया। यहां आए लोगों का कहना था कि शिाकायत के बाद भी अभी तक उन्हे न्याय नहीं मिला और दोषियों के खिलाफ कार्यवही नहीं की गई। उन्होने यह भी आरोप लगाया कि लेखपाल बसंत बालियान ने पीडित परिवार से 50 हजार रूपये की रिश्वत भी मांगी थी। आरोप है कि जब रिश्वत नहीं दी गई तो ग्राम प्रधान और थाना प्रभारी ने मिलकर उनके मकान को बुल्डोजर से गिरवा दिया। पीडित परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि उनके बेटो को थाने में बंद कर उनके साथ मारपीट भी की गई। उन्होने पुलिस को भी रिश्वत लेने का आरोप लगाया। उन्होने कहा कि यहां पर दर्जनों मकान बने हुए है। उन्होने प्रधान के मकान को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए और कहा कि कार्यवाही केवल गरीब लोगों पर ही हो रही है। उन्होने कहा कि अतिपिछडो वर्ग के लोगों को लगातार शोषण किया जा रहा है और उन्होने प्रधान के मकान की भी जांच कराने की मांग उठाई। इस दौरान रामपाल सिंह पाल, राकेश वालिया, शादाब कुरैशी आदि रहे।









# सम्पादकीय

गुरुवार, 1 जनवरी 2026

## अब चीन का दावा

गत मई में भारत-पाक के बीच छिड़े सैन्य संघर्ष के दावों में अब चीन का नाम भी जुड़ गया है। बीजिंग में आयोजित कार्यक्रम में चीन विदेश मंत्री वांग यी ने यह दावा करते हुए कहा कि चीन दुनिया के कई संघर्षों को सुलझाने में मदद करता रहा है और उसी कोशिश के चलते ही उसने भारत-पाक के बीच तनाव के दौरान ही मध्यस्थता की थी। इससे पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प यह दावा करते रहे हैं कि उनकी टैरिफ की धमकी के चलते ही भारत-पाक युद्ध रोकने पर सहमत हुए थे। जहां तक बात भारत की है, अमेरिकी राष्ट्रपति की तरह चीनी विदेश मंत्री के इस दावे को भी खारिज कर दिया है। भारत ने साफ कहा है कि संघर्ष को रुकवाने में किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है। भारत के मुताबिक भारी नुकसान होने के बाद पाक के सैन्य अधिकारी ने भारतीय सैन्य अधिकारी से संपर्क किया था। पाक के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिल्ट्री ऑपरेशन्स ने भारतीय डीजीएमओ से बात की और इसके बाद ही दोनों देशों में दस मई से जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनाई। नवंबर में जारी अमे. रिकी रिपोर्ट में भी यह आरोप लगाया गया था कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद चीन ने गलत जानकारी फैलाने की कोशिश की थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि सोशल मीडिया पर चीन ने फर्जी अकाउंट के जरिये एआई से बनाई झूठी तस्वीरें फैलाई, जिनका मकसद भारत द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे फ्रांस के राफेल लड़ाकू विमानों की छवि को नुकसान पहुंचाना और चीन के अपने जे 35 विमान को बढ़ावा देना था। समझना मुश्किल है कि आखिर अमेरिकी राष्ट्रपति हों या चीनी विदेश मंत्री इस तरह के दावे कर क्या साबित करना चाहते हैं। वह भी बार-बार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को तो ठीक से याद भी नहीं होगा कि वह कितनी बार अपने देश के बाहर भी जहां भी अवसर मिलता है वह यह दावा करने से भी नहीं चूकते। अब चीन भी शांति का दूत बनकर सामने आने का प्रयास कर रहा है। वैसे देखा जाए तो भारत के लिए भी यह भी एक बड़ा सबक है कि आखिर उसके साथ इस तरह की हरकतें क्यों की जा रही हैं। वह भी तब जब भारत स्पष्ट रूप से साफ कह चुका है कि किसी ने भी भारत-पाक के बीच संघर्ष रुकवाने में कोई हस्तक्षेप नहीं किया। इसमें कोई दोराय नहीं है कि भारत को ऑपरेशन सिंदूर के चलते जबरदस्त सफलता मिली और उसने पाक के 11 एयरबेसों को नुकसान पहुंचाया, लेकिन यह तो मानना ही पड़ेगा कि कहीं न कहीं राजनीतिक व कूटनीतिक स्तर पर हमसे चूक हुई है और हम अपनी बात को विश्व स्तर पर सही तरीके से नहीं रख पाए हैं, जिससे अमेरिका व चीन जैसे देशों को भारत के मामलों में बोलने का अवसर मिल गया है और वह बोल भी रहे हैं। अब यह कूटनीति की विफलता ही कहा जाएगा कि भारत पाक के बीच संघर्ष विराम की खबर सबसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति के माध्यम से ही आई थी।


### मोदी की चुप्पी परेशान करने वाली



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बाद अब चीन दावा कर रहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच इस साल हुए सैन्य कार्रवाई में उसकी मध्यस्थता से अचानक ऑपरेशन सिन्दूर रोका गया था, सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर सरकार ने जो कुछ बताया ये दावे उसके विपरीत हैं और इस तरह के दावे देश की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाते हैं, इसलिए प्रधानमंत्री मोदी को इसका जवाब देना चाहिए, ट्रम्प पहले ही बार- बार दावे कर रहे हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान पर आयात शुल्क का डर दिखाकर कर भारत-पाक के बीच संघर्ष को रुकवाया था और अब चीन भी दावा कर रहा है, इस पर श्री मोदी की चुप्पी परेशान करने वाली है।

**-जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

## देश को कहां ले जाएंगे ये नफरती संस्कार



निर्मल रानी



उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में गत 9 दिसंबर को कुछ स्थानीय युवकों द्वारा अगरतला त्रिपुरा के निवासी 24 वर्षीय एंजेल चकमा नामक एक छात्र पर जानलेवा हमला किया गया। हमले के बाद 17 दिनों तक अस्पताल में इलाजरत रहने के बाद गत 26 दिसम्बर को आखिरकार उसकी मृत्यु हो गई। चकमा, देहरादून स्थित एक निजी विश्वविद्यालय में एमबीए अंतिम वर्ष के छात्र थे। खबरों के अनुसार देहरादून में एंजेल चकमा की मौत एक कथित नस्लीय हमले के कारण हुई। बताया जाता है कि 9 दिसम्बर को जब एंजेल और उनके 21 वर्षीय छोटे भाई माइकल चकमा पास के सेलाकुई इलाके में किराने का सामान खरीदने गए थे उसी समय उनके चेहरों को देखकर हमलावरों ने उन्हें नस्ली गालियां दीं। बताया जाता है कि घटनास्थल पर करीब छह लोगों का एक समूह, जो पास में ही पहले से किसी के जन्मदिन का जश्न मना रहा था, ने उन्हें रोक लिया। हमलावरों ने उन पर नस्ली टिप्पणियां करते हुए उनपर चिंकी, चीनी और मोमो जैसी टिप्पणी की। जबकि एक आरोपी ने कहा कि ओए चीनी, क्या मांस खरीदने आए हो? माइकल ने इसका विरोध किया, तो एक आरोपी ने उन्हें ब्रेसलेट से सिर पर मारा। एंजेल ने अपने भाई की रक्षा करने की कोशिश की और शांतिपूर्वक कहा, हम चीनी नहीं हैं। हम भारतीय हैं। क्या प्रमाण-पत्र दिखाएं कि हम भारतीय हैं, लेकिन नफरती संस्कारों में डूबे गुंडों के इस समूह ने हिंसक रूप से उन पर हमला कर दिया। यज्ञ अवस्थी नामक मुख्य आरोपी ने एंजेल की गर्दन और पीठ पर तेज हथियार से वार किया, जिससे वे गिर पड़े। माइकल भी घायल हुए, लेकिन उन्होंने एंजेल को पास के अस्पताल पहुंचाया। एंजेल की हालत गंभीर थी। उनकी गर्दन और स्पाइन में गहरी चोटें थीं। आखिरकार वे कभी पूर्ण चेतना में वापस नहीं आए और नफरत के सौदागरों ने एक होनहार भारतीय छात्र की हत्या कर उसके परिवार को अंधकार में धकेल दिया। निश्चित रूप से इस घटना ने उत्तर-पूर्वी राज्यों के छात्रों के खिलाफ उपजी नस्लवाद की समस्या को फिर से उजागर कर दिया है। इस घटना को लेकर त्रिपुरा सहित देश के विभिन्न राज्यों व शहरों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं।

हालांकि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राज्य के विकास को लेकर तरह तरह की बातें करते रहते हैं, परन्तु हकीकत यही है कि गत कुछ वर्षों में इसी देव भूमि में सत्ता संरक्षित धर्म जाति आधारित नफरती घटनाओं में भी काफी बढ़ोतरी हुई है। उदाहरण के तौर पर अक्टूबर 2023 में उत्तराखंड के पुरोला कस्बे में एक 14 वर्षीय लड़की के अपहरण के बाद श्लव जिहादश का आरोप लगाकर हिंदू-मुस्लिम दंगे भड़काए गए। मुस्लिम मकानों व दुकानों पर लक्षित हमले किए गए, कई परिवार शहर छोड़कर भागने को मजबूर हुए। इसी तरह हल्द्वानी में 2024 की बनभूलपुरा में अवैध मदरसे और मस्जिद के विध्वंस पर पथराव, आगजनी और पेट्रोल बम फेंके जाने की घटना सबसे प्रमुख रही, जहां 6 लोगों की मौतें हुईं। 2025 में भी कश्मीरपुर और हल्द्वानी में साम्प्रदायिक तनाव देखा गया। राज्य में दलितों के विरुद्ध भी अनेक घटनाएं होती रहती हैं। परन्तु समाज में धर्म जाति व क्षेत्र के नाम पर बढ़ती नफरतों के बीच इस राज्य को श्देव् भूमिश के रूप में भी प्रचारित किया जाता है।

सवाल यह है कि उत्तराखंड जैसे शांतिप्रिय राज्य सहित देश के अन्य विभिन्न राज्यों में इस तरह के नफरत व हिंसा पैदा करने वाले हालात क्या अचानक पैदा हुए हैं या सत्ता के संरक्षण में इन नफरती संस्कारों को पोषित किया जा रहा है? उत्तराखंड की घटना के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा दिए गए बयान से यह काफी कुछ स्पष्ट हो जाता है। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की हत्या पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि श्पूर्वोत्तर के लोगों के खिलाफ ऐसी घटनाएं अलग-थलग नहीं हैं और समाज को भेदभाव रोकने के लिए एकजुट होना चाहिए। हम लोगों को इसके खिलाफ आवाज उठानी होगी। हमें मिलकर भेदभाव को रोकना होगा। भारत के किसी भी हिस्से के लोगों को हर जगह सुरक्षित महसूस करना चाहिए। उनकी मृत्यु बेहद दुखद हैश। किरेन रिजिजू ने यह भी कहा कि श्देहरादून में एंजेल चकमा और उनके भाई माइकल के साथ जो हुआ, वह एक भयावह घृणा अपराध हैश। उन्होंने आगे यह भी कहा कि ऐसी नफरत रातों रात पैदा नहीं होती। वर्षों से इसे रोजाना, खासकर हमारे युवाओं को, जहरीली सामग्री और गैर-जिम्मेदाराना खबरों के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा है। किसी का भी मजाक नहीं उड़ाया जाना चाहिए। कोई भी घटना देश के लिए दुखद घटना होती है। अगर देश में ऐसी कोई भी घटना होती है तो पूरे समाज को मिलकर उसके खिलाफ लड़ना चाहिए। वहीं, राहुल गांधी ने भी इस मुद्दे पर अपनी टिप्पणी में कहा कि हम प्रेम और विविधता का देश हैं। हमें ऐसा समाज नहीं बनना चाहिए जो साथी भारतीयों को निशाना बनाए जाने पर अनदेखी करे। हमें यह सोचने और सामना करने की जरूरत है कि हम अपने देश को क्या बनने दे रहे हैं? अफसोस की बात तो यह कि केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा उत्तराखंड की घटना के बाद व्यक्त किए गए विचार उस समय सामने आए जब उनके अपने पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की नस्लवादी नफरती लोगों द्वारा हत्या कर दी गई? जबकि लगभग एक दशक से देश में जगह जगह अल्पसंख्यकों, दलितों व पिछड़े वर्ग के लोगों को निशाना बनाया जाता रहा है। लिंचिंग की घटनाएं घटित हो रही हैं। जगह जगह उन्मादी भीड़ पुलिस की शह पर वर्ग विशेष के लोगों को निशाना बनाती रही है। जगह-जगह उकसाऊ भाषण हो रहे हैं। कहीं हथियार बांटे जा रहे हैं। तो कहीं संवैधानिक पदों पर बैठे लोग स्वयं अपने जहरीले बोलों से समाज में हिंसा व नफरत बढ़ा रहे हैं। नि:संदेह गोदी मीडिया भी इस नफरती वातावरण को और भी जहरीला बना रहा है। ऐसे में रिजिजू की चिंताओं के अनुसार भारत के किसी भी हिस्से के लोगों का स्वयं को हर जगह सुरक्षित महसूस करना कहां संभव हो पा रहा है? इस समय देश के समक्ष सबसे बड़ी चिंता इस बात की है कि आखिर देश को कहां ले जाएंगे ये नफरती संस्कार?

**भारत के किसी भी हिस्से के लोगों को हर जगह सुरक्षित महसूस करना चाहिए। उनकी मृत्यु बेहद दुखद हैश। किरेन रिजिजू ने यह भी कहा कि श्देहरादून में एंजेल चकमा और उनके भाई माइकल के साथ जो हुआ, वह एक भयावह घृणा अपराध हैश। उन्होंने आगे यह भी कहा कि ऐसी नफरत रातों रात पैदा नहीं होती। वर्षों से इसे रोजाना, खासकर हमारे युवाओं को, जहरीली सामग्री और गैर -जिम्मेदाराना खबरों के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा है। किसी का भी मजाक नहीं उड़ाया जाना चाहिए। कोई भी घटना देश के लिए दुखद घटना होती है। अगर देश में ऐसी कोई भी घटना होती है तो पूरे समाज को मिलकर उसके खिलाफ लड़ना चाहिए।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## मनुष्य की गतिविधियां जीवों पर संकट

शार्क और रे की 24 से 31 प्रजातियों पर विलुप्ति का संकट मंडरा रहा है जबकि शार्क की तीन प्रजातियां संकटग्रस्त श्रेणी में आ गई है। शोधकर्ताओं ने चिंता जताई है कि हिंद महासागर में वर्ष 1970 के बाद शॉर्क और रे की संख्या लगातार कम हो रही है। यहां तक कि अब तक इनकी आबादी में कुल 84.7 फीसदी तक की कमी आ चुकी है। सिमोन फ्रेजर यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर के वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन से पता लगाया कि हिंद महा. सागर में वर्ष 1970 से अब तक मत्स्याखेट का दबाव 18 गुना बढ़ गया है जिसके कारण निश्चित ही समुद्र के पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव पड़ा है और कई जीव विलुप्त हो रहे हैं। अधिक मात्रा में मछली पकड़े जाने से न केवल शार्क बल्कि रे मछलियों पर भी विलुप्ति का खतरा बढ़ गया है।

मानवीय गतिविधियां समस्त जीव-जंतुओं के लिए संकट उत्पन्न कर रही हैं। समुद्री जीवों के शिकार व इंसानों द्वारा फैलाए गए प्रदूषण के कारण समुद्र के तापमानन में भी वृद्धि हुई है। नतीजतन समुद्री जीवों की कई प्रजातियां समाप्ति की ओर बढ़ रही हैं। वर्ष 2019 में नेचर पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार वैज्ञानिकों ने दो अलग-अलग वातावरण में शार्क की एक प्रजाति की वृद्धि और उनकी शारीरिक स्थिति की तुलना करके पाया था कि बड़े आकार की रीफ शार्क के शिशुओं का विकास कम हो रहा है। शार्क अपने वातावरण में हो रहे परिवर्तनों के साथ तालमेल नहीं बिठा पा रही हैं। नेचर साइंटिफिक रिपोर्ट में छपे एक शोध से पता चला है कि समुद्री तापमान में होने वाले परिवर्तन के कारण शार्क के बच्चे समय से पहले ही जन्म ले रहे हैं, साथ ही उनमें पोषण की कमी भी देखी गई है। इस कारण से उनका जिंदा रहना चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है एवं वे दुबले-पतले बौने रह जाते हैं।

वर्ष 2013 में डलहौजी यूनिवर्सिटी द्वारा किए एक शोध के अनुसार हर साल करीब 10 करोड़ शार्क को मार दिया जाता है। अनुमान है कि यह दुनिया भर में शार्क का करीब 7.9 फीसदी है। वर्ष 2016 में भारत को सबसे अधिक शार्क का शिकार करने वाला देश घोषित किया गया था। शार्क और रे की 24 से 31 प्रजातियों पर विलुप्ति का संकट मंडरा रहा है जबकि शार्क की तीन प्रजातियां संकटग्रस्त श्रेणी में आ गई है। शोधकर्ताओं ने चिंता जताई है कि हिंद महासागर में वर्ष 1970 के बाद शॉर्क और रे की संख्या लगातार कम हो रही है। यहां तक कि अब तक इनकी आबादी में कुल 84.7 फीसदी तक की कमी आ चुकी है। सिमोन फ्रेजर यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर के वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन से पता लगाया कि हिंद महासागर में वर्ष 1970 से अब तक मत्स्याखेट का दबाव 18 गुना बढ़ गया है जिसके कारण निश्चित ही समुद्र के पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव पड़ा है और कई जीव विलुप्त हो रहे हैं। अधिक मात्रा में मछली पकड़े जाने से न केवल शार्क बल्कि रे मछलियों पर भी विलुप्ति का खतरा बढ़ गया है। दरअसल शार्क शिशुओं को प्रजनन करने लायक होने में सालों लग जाते हैं। अपने जीवन काल में यह कुछ ही बच्चों को जन्म दे पाते हैं। ऐसे में अत्यधिक मात्रा में इन्हें पकड़े जाने से स्वाभाविक रूप से इनकी आबादी में गिरावट आ रही है। शार्क की विशेष पहचान उसके हमलवार स्वभाव के कारण है, जो समुद्र के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। यदि यह शिकारी न हों तो इनके बिना पूरा पारिस्थितिकी तंत्र ही ध्वस्त हो सकता है। बावजूद इसके हमारा ध्यान इनकी सुरक्षा और संरक्षण पर नहीं है। इनके संरक्षण के लिए वैश्विक स्तर पर कदम उठाने की जरूरत है। इनके प्रबंधन के लिए आम लोगों को सहयोग करना होगा ताकि समुद्री प्रजातियों और उनके आवासों को लंबे समय तक संरक्षित किया जा सके।



**साभार**
**स्रोत फीचर्स**

## सफलता के लिए शिक्षा ही जरूरी



शिक्षा की जटिलता और शिक्षा के परिप्रेक्ष्य को सही ढंग से न समझ पाने की वजह से शिक्षा व्यवस्था बेहाल हो गई है। इसकी तस्वीर बदलने के दावे जिस तरह बढ़-चढ़ कर किए जाते रहे, वह शायद केवल विद्यालय में बच्चों के दाखिले, भवनों के रंग-रोगन, मध्यान्ह भोजन आदि तक सिमट कर रह गए हैं। एक ओर देश के स्कूल शिक्षकों की व्यापक कमी से जूझ रहे हैं, तो दूसरी ओर मौजूदा अध्यापकों की शिक्षण क्षमता भी सवालों के घेरे में है।


आजादी के 70 साल बीत जाने के बाद भी सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली के प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों का विस्तार तो लगातार होता रहा है, लेकिन शिक्षा के स्तर में अपेक्षित उपलब्धि को लेकर चिंता जाहिर की जाती रही है। दो वर्ष पूर्व सबके लिए शिक्षा विषय पर यूनेस्को ने 12वीं वैश्विक निगरानी रिपोर्ट जारी की गई थी, उसमें शिक्षा की जो तस्वीर उभरती है, वह बताती है कि देश में शिक्षा के प्रति सरकारों का रवैया कितना लाप. रवाही भरा है। इन सभी रिपोर्टों ने विद्यार्थियों के सीखने की गति को लेकर गहन चिंताजनक तथ्य दिए। वंचित तबकों के 90 फीसदी बच्चे अगर चार साल की स्कूली पढ़ाई-लिखाई पूरी करने के बावजूद लगभग निरक्षर हैं, तो हम किस आधार पर अपनी शिक्षा व्यवस्था को संतोषजनक कह सकते हैं और कैसे अपेक्षित उपलब्धि को पा सकते हैं? यह विचारणीय है। सरकारी स्कूलों में पढ़ाई-लिखाई के माहौल से लेकर विद्यार्थियों को बुनियादी सुविधाएं न मिल पाना, शिक्षकों का अभाव तथा शिक्षक-शिक्षा संस्थाओं में अकादमिक संदर्भ व्यक्तियों का अभाव आदि अनेक वजहों से शैक्षिक गुणवत्ता के स्तर में गिरावट एक बड़ी समस्या बनती गई है। यह बेवजह नहीं है कि समृद्ध राज्यों में भी सामाजिक, आर्थिक रूप से विपन्न परिवारों के बच्चों और खासकर लड़कियों के बीच सीखने की क्षमता बेहद कमजोर बनी हुई है। दरअसल, नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा कानून लागू होने के बाद से सरकारों का जोर स्कूलों में दाखिला बढ़ाने पर रहा है और देश के तमाम इलाकों में इसमें कामयाबी भी दर्ज हुई, लेकिन सिर्फ दाखिलों में इजाफा शैक्षिक तस्वीर में सुधार का मानक नहीं हो सकता है। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में सीखने के स्तर को लेकर पिछले कुछ दशकों में जो अध्ययन हुए हैं, उन सबके निष्कर्ष यही बताते हैं कि सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था एक तरह से नाम की चल रही है, वहां गुणवत्ता के मानकों की शायद कोई जगह नहीं है। इस स्थिति के लिए कई बार बच्चों की पृष्ठभूमि और उनके परिवार की भूमिका को भी जिम्मेदार ठहरा दिया जाता है, जबकि स्कूल में दाखिला लिए किसी भी बच्चे के शैक्षणिक और बौद्धिक विकास के लगभग सभी पहलू आमतौर पर शिक्षक की क्षमता पर निर्भर होते हैं। कुछ समय पहले आरटीई फोरम नामक एक संगठन ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया था कि स्कूलों में पेशेवर दक्षता वाले अध्यापकों की निहायत कमी है।

करीब डेढ़ साल पहले पहले केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से कराई गई राष्ट्रीय शिक्षक दक्षता जांच में भी यह चिंताजनक तथ्य सामने आया था कि उसमें शामिल हुए 93वें फीसद शिक्षक फेल हो गए। जाहिर है, एक ओर देश के स्कूल शिक्षकों की व्यापक कमी से जूझ रहे हैं, तो दूसरी ओर मौजूदा अध्यापकों की शिक्षण क्षमता भी सवालों के घेरे में है। आजादी के छह दशक से ज्यादा समय गुजर जाने के बाद देश में शिक्षा के अधिकार को कानूनी दर्जा मिला। लेकिन इस पर ईमानदारी से अमल करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति किसी भी सरकार में नहीं दिखती।

सरकारी स्कूलों में पढ़ाई-लिखाई के माहौल से लेकर विद्यार्थियों को बुनियादी सुविधाएं न मिल पाना, शिक्षकों का अभाव तथा शिक्षक-शिक्षा संस्थाओं में अकादमिक संदर्भ व्यक्तियों का अभाव आदि अनेक वजहों से शैक्षिक गुणवत्ता के स्तर में गिरावट एक बड़ी समस्या बनती गई है। यह बेवजह नहीं है कि समृद्ध राज्यों में भी सामाजिक, आर्थिक रूप से विपन्न परिवारों के बच्चों और खासकर लड़कियों के बीच सीखने की क्षमता बेहद कमजोर बनी हुई है। दरअसल, नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा कानून लागू होने के बाद से सरक. ारों का जोर स्कूलों में दाखिला बढ़ाने पर रहा है।

यूनेस्को द्वारा जारी इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पर्याप्त और प्रशिक्षित शिक्षकों के अभाव के चलते सीखने का यह संकट अगली कई पीढ़ियों को नुकसान पहुंचाता रहेगा और इसका सबसे ज्यादा प्रभाव वंचित तबकों के लोगों पर पड़ेगा। उदाहरण के तौर पर उप-सहारा अफ्रीकी देशों की स्थिति को देखा जा सकता है, जहां गरीब घरों के पांच में से सिर्फ एक बच्चा प्राथमिक शिक्षा पूरी कर पाता है। युवा आबादी का एक चौथाई हिस्सा एक वाक्य भी ठीक से नहीं पढ़ पाता। तो क्या हमारे देश के नीति-नियंताओं को भविष्य के संकट का अंदाजा नहीं है? क्या केवल बड़ी-बड़ी घोषणाएं करने या शिक्षा का अधिकार कानून बना देने या नई शिक्षा नीति को बनाए जाने की पैरवी करने से समानता आधारित शिक्षित समाज का सपना पूरा किया जा सकेगा? वहीं दूसरी ओर, परीक्षाओं को पुन: लागू किए जाने को लेकर राज्यों से आवाजें उठने लगी है। परीक्षाएं न होने से शिक्षा का स्तर गिर रहा है, जैसी बातें शिक्षक बिरादरी से लेकर प्रशासनिक हलकों में उठ रही है।

नतीजन तैयार की जा रही नई शिक्षा नीति में इस प्रावधान को शामिल किया गया है। अब पांचवीं कक्षा तक परीक्षाएं नहीं ली जाएंगी, छठवीं से लेकर पूर्ववत परीक्षाएं होंगी जिससे स्कूलों में परीक्षाएं शुरू करने से शिक्षा का स्तर बेहतर होगा, लेकिन प्रश्न यह है कि देश में पिछले साठ वर्षों से परीक्षा प्रणाली की प्रक्रिया संचालित होती रही है, तब क्या शिक्षा का स्तर बेहतर माना जाता था? शिक्षा के स्तर का परीक्षाओं से क्या लेना देना? जबसे भारत भर में परीक्षा प्रणाली लागू हुई है, हर साल अधिक. ांश परीक्षार्थी असफल ही होते चले आ रहे हैं। जब भी इस शोचनीय तथ्य का जिक्र होता है तब कतिपय घिसे-पिटे मुद्दों को दोहरा दिया जाता है, जैसे बच्चे पढ़ते नहीं है, शिक्षक अपने दायित्व को प्रामाणिकतापूर्वक निभाते नहीं है, शालाओं में समुचित व्यवस्थाएं नहीं हैं आदि। ऐसा नहीं है कि ये मुद्दे गलत है। पर वे आंशिक सत्य ही है।


बरेली, देहरादून, हल्द्वानी, लखनऊ, मुरादाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर, नई दिल्ली व सहारनपुर से
प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र शाह टाइम्स में अपनी खबरें और विज्ञापन छपवाने के लिए संपर्क करें।
आप सभी को हमारी और से नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं
नसीम कुरैशी
बुढ़ाना क्षेत्र प्रभारी, 81719 13172
राशिद रंगरेज
क्राइम रिपोर्टर


प्रत्येक महापुरुष की जयंती पर सम्बंधित महापुरुष के चित्र को
साईकिल द्वारा शाहपुर से समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय मुजफ्फरनगर
पर भेंट करने के श्रद्धा संकल्प के पूर्ण होने के अवसर पर
महापुरुष सम्मान PDA विचार संगोष्ठी
मे आप सभी समाजवादी साथी सादर आमंत्रित है।
दिनाँक एवं समय
गुरुवार, 1 जनवरी 2026
संगोष्ठी - प्रातः 11:00 बजे
प्रीतिभोज - दोपहर 12:00 बजे
आयोजन स्थान
जिला कार्यालय
समाजवादी पार्टी, मुजफ्फरनगर
आयोजक : डॉ. सत्येन्द्र पाल
(प्रदेश उपाध्यक्ष - समाजवादी शिक्षा सभा, उ.प्र.)
Mob.: 9690038158, 9557048988


शमा चैरिटेबल ब्लड सेन्टर
की और से
आप सभी क्षेत्रवासियों को
नव वर्ष 2026
मकरसंक्रांति एवं गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाऐं
अलनूर दूध फैक्ट्री, कांधला रोड-बुढ़ाना (मु० नगर)
9639393001, 9639393002, 9639395001


सभी बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्रवासियो को
नव वर्ष
2026
की हार्दिक
शुभकामनाये
डा0 सोनू कश्यप
(जनरल फिजिशियन)
(11 - बुढ़ाना विधानसभा)
डा0 विशाल कुमार पाल
नेत्र परीक्षक
(नगर पंचायत बुढ़ाना वार्ड - 12)
नया साल आपके जीवन मे अपार खुशियाँ और सफलता लेकर आये


आप सब बुढाना क्षेत्रवासियो को मेरी
और से नववर्ष की दिली मुबारकबाद
HAPPY 2026 NEW YEAR
मंजूर हसन
भारतीय किसान यूनियन बुढ़ाना
नगर उपाध्यक्ष और
प्रमुख समाजसेवी
आवासः चंधेड़ी रोड, वार्ड नंबर 12, कस्बा बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर


बुढ़ाना नगरवासियों को हमारी और से
HAPPY 2026 NEW YEAR
नववर्ष
2026
की हार्दिक शुभकामनाएं
RESEARCH PATHOLOGY LAB Budhana
Mr. Zaid
D.M.LT
Mob- 7451823334
Mr. Aayan Khan
B.S.C.
Mob- 7417470434
Address- Mandwara Road, M-M Academy,
Budhana, District (Muzaffarnagar) 251309
Ayan Siddiqui/Zaid Rana


चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत अमर रहे भारतीय किसान यूनियन जिंदाबाद
आप सभी नागरिकों को हमारी और से
नव वर्ष 2026 की दिली मुबारकबाद
मो. 9897863576,
94128 60358
HAPPY 2026 NEW YEAR
मोहम्मद शहजाद
बुढ़ाना तहसील उपाध्यक्षः भारतीय
किसान यूनियन (टिकैत गुट)
ग्राम सफीपुर पट्टी/सफीपुर के
प्रधान पद के निर्दलीय उम्मीदवार
(किसी भी मूलभूत समस्या के निस्तारण के लिए मुझे एक बार अवगत जरूर कराए)
आवासः ग्राम सफीपुर पट्टी, नई तहसील के पीछे, बुढ़ाना, जिला मुजफ्फरनगर, यूपी।


हमारी और से आप सभी देशवासियों को
नव वर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं
संदेश
मेरा आप सभी देशवासियों से आह्वान है कि आप सभी
एकजुटता का परिचय देते हुए आज और अभी इस नये
सन 2026 में यह तय करें कि आगामी लोकसभा चुनाव में
केंद्र में अपने अथक प्रयास, मेहनत, मजबूती और समर्थन
से कांग्रेस की सरकार को पूर्ण बहुमत से बनवाने
में अपना पूरा सहयोग और योगदान प्रदान करेंगे। मुझे
आप सभी देशवासियों से ऐसी पूर्ण आशा है।
HAPPY 2026 NEW YEAR
डॉक्टर जगबीर सिंह
(पूर्व सीएमओ)
उत्तर प्रदेश सचिवः कांग्रेस
कमेटी एससी-एसटी सेल।


आप समस्त नागरिकों को मेरी
और से
नये साल 2026
की मुबारकबाद
मौहम्मद रुवेज सिद्दीकी
(प्रमुख समाजसेवी)
HAPPY 2026 NEW YEAR
आवासः नियर ओल्ड हिंडन रीवर
ब्रिज बुढ़ाना मुजफ्फरनगर।


NATIONAL DIAGNOSTIC CENTER
नेशनल डायग्नोस्टिक सेंटर
9917450216, 9058004300
की ओर से नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं
Dr. Lal Path Labs
सुविधाएं: खून की जांच, रंगीन
एक्स-रे और ईसीजी की सुविधा
कम दामों पर उपलब्ध है।
HAPPY 2026 NEW YEAR
पताः निकट नई तहसील, डॉक्टर निशा नर्सिंग होम वाली
गली में अंदर, कांधला रोड बुढ़ाना, जनपद मुजफ्फरनगर, यूपी।


महालक्ष्मी टूर एण्ड ट्रैवल्स बुढाना
की ओर से नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं
संपर्कः
8650910274, 8755033844, 9627719919
हमारे यहां टूर, पिकनिक, शादी, तीर्थ यात्रा आदि के लिए
एसी व नोन एसी गाड़ियां उचित किराये पर उपलब्ध हैं।
HAPPY 2026 NEW YEAR
प्रो. अभिषेक त्यागी
(वासू भाई) बसी खुर्द
नोटः- किसी भी तीर्थ यात्रा के लिए सम्पर्क करें।
पताः प्राईवेट बस स्टैण्ड, अन्दर मार्किट में, बुढाना (मु.नगर)


बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के समस्त
नागरिकों को हमारी और से
HAPPY 2026 NEW YEAR
नववर्ष
2026
की हार्दिक शुभकामनाएं
विनोद मलिक
पूर्व प्रमुख
बुढ़ाना ब्लॉक
वरिष्ठ रालोद नेता
आवासः कांधला रोड, बुढ़ाना, जनपद मुजफ्फरनगर, यूपी


आप सभी नागरिकों को हमारी और से
नव वर्ष 2026 की दिली मुबारकबाद
फैज टाइल्स एंड मार्बल्स
सबसे सस्ता - सबसे अच्छा
इमरान जिया
HAPPY 2026 NEW YEAR
आतिफ जिया
(एमडी)
फेज जिया
(एमडी)
विशेषः मजबूत और टिकाऊ के साथ सस्ती
टाइल्स के लिए एक बार अवश्य संपर्क करें।
निकट फैज गार्डन पुलपार मुजफ्फरनगर रोड बुढाना